CMYK

इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति "॥

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

# दावा

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव






## पीएम मोदी की अमेरिका में जय जयकार : पीएम ने कहा दुनिया अब डिजाइन ऑफ इंडिया का जलवा देखेगी

न्यूयार्क। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी न्यूयॉर्क के नासाऊ कोलिजियम में प्रवासी भारतीयों को संबोधित कर रहे हैं। सबसे पहले पीएम ने लोगों को नमस्ते करते हुए कहा कि अब तो अपना नमस्ते भी लोकल से ग्लोबल हो गया है। आपका प्यार मेरे लिए सौभाग्य है। इस दौरान पीएम मोदी की अमेरिका में जय जयकार के नारे लगे। प्रधानमंत्री ने कहा दुनिया अब डिजाइन ऑफ इंडिया का जलवा देखेगी।

प्रधानमंत्री मोदी ने न्यूयॉर्क के नासाऊ कोलिजियम में प्रवासी भारतीयों को संबोधित कर रहे हैं। पीएम ने अपने संबोधन में कहा कि अब अपना नमस्ते भी लोकल से ग्लोबल हो गया है। मोदी ने कहा कि मां भारतीय ने जो हमें सिखाया हम उसको कभी भूल नहीं सकते। भारतीयों के टैलेंट का कोई मुकाबला नहीं है। हम जहां भी जाते हैं सबको परिवार मानकर उनसे घुल मिल जाते हैं।

पीएम ने कहा कि हम उस देश के वासी हैं जहां सैकड़ों भाषाएं हैं, बोलियां हैं, दुनिया के सारे मत है पंथ हैं फिर भी हम एक बनकर नेक बनकर आगे बढ़ रहे हैं। पीएम मोदी ने कहा कि मेरे जीवन का एक बहुत बड़ा हिस्सा ऐसा रहा, जिसमें मैं सालों साल तक पूरे देश में घूमा। जहां, खाना मिला वहां खा लिया, जहां सोने के लिए मिला वहीं सो गया। हर क्षेत्र के लोगों से मिला और उनको जानने समझने का प्रयास किया।



### अमेरिका-इंडिया दुनिया का नया एआई पावर

पीएम मोदी ने कहा कि दुनिया के लिए एआई का मतलब है आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस लेकिन मैं मानता हूं अमेरिकन-इंडियन। अमेरिका इंडिया एक स्पिरिट हैं। यही एआई स्पिरिट भारत अमेरिका रिश्तों को नई ऊंचाई दे रहा है। मैं भारतीय समुदाय को सैल्यूट करता हूं।

### नियति ने मुझे राजनीति में पहुंचा दिया

वो एक समय था जब मैंने कुछ और तय किया था, लेकिन नियति ने मुझे राजनीति में पहुंचा दिया। कभी नहीं सोचा था कि एक दिन सीएम बनूंगा, जब बना तो सबसे ज्यादा समय तक रहने वाला सीएन बन गया। 13 साल तक सीएम रहा, फिर देश की जनता ने प्रमोशन देकर पीएम बना दिया। लोगों ने बहुत भरोसे के साथ लोगों ने मुझे तीसरा टर्म सौंपा है। मैं तीन गुना दायित्व के साथ आगे बढ़ रहा हूं। आज भारत दुनिया के सबसे युवा देशों में से एक है, भारत एनर्जी से भरा हुआ है। रोज नए कीर्तिमान और हर रोज नई खबर मिलती है। आज ही अच्छी खबर मिली है चेस ओलंपियाड में मेंस और वुमंस में भारत को गोल्ड मिला है।

### लोगों ने ढोल और ताशा के साथ किया नृत्य

नासाउ कोलिजियम में पीएम मोदी के संबोधन से पहले महाराष्ट्र के भारतीय समुदाय के लोगों ने ढोल और ताशा के साथ नृत्य प्रस्तुति दी है। इसके अलावा कलाकारों ने कर्नाटक और केरल के तटीय जिलों में प्रचलित पारंपरिक लोक नृत्य 'यक्षगान' की प्रस्तुति दी। वहीं, तमिलनाडु से ताल्लुक रखने वाले प्रवासी भारतीय समुदाय के सदस्यों ने भी नासाउ कोलिजियम में पारंपरिक वाद्य यंत्र 'पराई' बजाकर पीएम मोदी का स्वागत किया। इस कार्यक्रम को लेकर विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री ने न्यूयॉर्क में मीडिया से कहा कि बाद में क्वाड लीडरशिप शिखर सम्मेलन और इससे जुड़े अन्य लोगों में, पीएम मोदी ने इंडो-पैसिफिक में विभिन्न साझेदारों के साथ विकास के लिए सहयोग, संपर्क और जुड़ाव के भारत के दृष्टिकोण को रेखांकित किया है।

## जनता की अदालत में केजरीवाल: जंतर-मंतर से पीएम मोदी पर किया हमला, आरएसएस चीफ मोहन भागवत से पूछे सवाल



नई दिल्ली। दिल्ली के पूर्व सीएम और आप संयोजक अरविंद केजरीवाल ने पीएम मोदी पर जमकर हमला बोला। इसके साथ ही उन्होंने आरएसएस चीफ मोहन भागवत से पांच सवाल पूछे। केजरीवाल ने कहा कि आरएसएस वाले कहते हैं कि वे राष्ट्रवादी हैं, देश भक्त हैं। इसलिए वह पूरे सम्मान के साथ मोहन भागवत से पांच सवाल पूछना चाहते हैं। आइए जानते हैं कि केजरीवाल ने भागवत से कौन से सवाल पूछे।

सवाल नंबर एक- अरविंद केजरीवाल ने कहा कि जिस तरह पीएम मोदी देशभर में ईडी और सीबीआई जैसी जांच एजेंसियों का डर दिखाकर दूसरी पार्टी के नेताओं को तोड़ रहे हैं। उनकी सरकारें गिराने में लगे हुए हैं। क्या ये देश के लिए सही है? आप (मोहन भागवत) इस बात को मानते हैं कि भारतीय जनतंत्र के लिए क्या ये हानिकारक है?

सवाल नंबर दो - केजरीवाल ने कहा कि देशभर में सबसे ज्यादा भ्रष्टाचारी नेताओं को प्रधानमंत्री मोदी ने अपनी पार्टी (बीजेपी) में शामिल कर लिया। उन्होंने कहा कि जिन नेताओं को कुछ दिन पहले पीएम ने खुद सबसे भ्रष्टाचारी बताया था। वहीं जिन नेताओं को गृहमंत्री अमित शाह ने भ्रष्टाचारी कहा था। इसके कुछ दिन बाद ही उन्हें भाजपा में शामिल कर लिया गया। क्या आपने ऐसी बीजेपी पार्टी की कल्पना की थी? क्या आप इस तरह की राजनीति से आप सहमत है।

सवाल नंबर तीन- अरविंद केजरीवाल ने मोहन भागवन से पूछा कि बीजेपी आरएसएस की कोख से ही पैदा हुई है। ऐसे में ये देखना आरएसएस की ही जिम्मेदारी है कि बीजेपी अपने पथ से भ्रष्ट न हो। क्या आप आज की भाजपा के कदमों से सहमत हैं? क्या आपने कभी मोदी जी को समझाया है, कि वह ये सब न करें। क्या आपने मोदी जी को ये सब गलत हरकतें करने से रोका।

सवाल नंबर चार- अरविंद केजवाल ने आगे कहा कि लोकसभा चुनाव के दौरान जेपी नड्डा ने कहा कि बीजेपी को आरएसएस की जरूरत नहीं है। केजरीवाल ने कहा कि आरएसएस बीजेपी की मां समान है। क्या बेटा इतना बड़ा हो गया है कि मां को आंखें दिखाने लग गया है। जिस बेटे को पाल पोसकर बड़ा किया। जिस बेटे को प्रधानमंत्री बनाया। आज वो बेटा पलटकर अपनी मां को आखें दिखा रहा है। आज वो बेटा अपनी मातातुल्य संस्था को ही आंखें दिखा रहा है। केजरीवाल ने कहा कि नड्डा जी ने ये कहा तो आपको आपके दिल पर क्या गुजरी? क्या आपको दुख नहीं हुआ। मैं आरएसएस के हर कार्यकर्ता से पूछना चाहता हूं कि जब नड्डा जी ये कहा कि हमें आरएसएस की जरूरत नहीं है, तो क्या आरएसएस के हर कार्यकर्ता को दुख नहीं हुआ।

सवाल नंबर पांच- अरविंद केजवाल ने जनता की अदालत में अपना आखिरी सवाल (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## हिज्बुल्लाह ने इजरायल पर की रॉकेट और मिसाइलों की बौछार, शेल्टर में भागकर छिपे लोग



इजरायल । हिज्बुल्लाह ने आज 22 सितंबर को इजरायल पर ताजा हमले किए हैं। इस बार इजरायल पर ताबड़तोड़ रॉकेट, मिसाइल और ड्रोन से हमले किए गए हैं। रविवार तड़के हिज्बुल्लाह ने उत्तरी इजरायल में 100 से अधिक रॉकेट, मिसाइल और ड्रोन दागे हैं। इसके बाद वहां अफरा-तफरी मच गई। इन हमलों को हिज्बुल्लाह की तरफ से अबतक का सबसे बड़ा पलटवार कहा जा रहा है। इन हमलों की पुष्टि आईडीएफ ने भी की है।


### इजरायली डिफेंस फोर्स ने हमले की पुष्टि की

इजरायली डिफेंस फोर्स ने बताया कि हिज्बुल्लाह उनके लोगों को लगातार निशाना बना रहा है। रविवार की सुबह जेजेरेल घाटी में 140 से ज्यादा रॉकेट और ड्रोन से हमले किए। इसके बाद हाइफा, नाजरेथ, अफुला, लोअर गलील सहित कई सैन्य ठिकानों के पास अलर्ट जारी किया।

आईडीएफ ने एक्स पर लिखा है, 'हिज्बुल्लाह के आतंकवादी हमारे नागरिकों को निशाना बना रहे हैं। हजारों इजरायलियों ने अपनी रात बम शेल्टर होम में छिपकर बिताई हैं। रॉकेटों की बौछारें उनके सिर के ऊपर से गुजर रही थीं। कुछ उनके घरों पर भी गिरी हैं. रॉकेट अलर्ट सायरन रात भर लगातार बजते रहे थे।

हिजबुल्लाह के हमले के बाद इजरायल ने भी जवाब में हवाई हमले किए हैं। उनकी तरफ से भी सैकड़ों मिसाइलें दागी गई हैं। लेबनान में हुए पेजर और वॉकी टॉकी ब्लास्ट के बाद दुनिया ये मान कर चल रही थी कि इजरायल कुछ दिनों के लिए खामोश रहेगा, अपने दुश्मनों की अगली चाल को भांपने के लिए वेट एंड वॉच की रणनीति अपनाएगा, लेकिन यहां तो ताबड़तोड़ हमलों से उसने जता दिया है कि वो फिलहाल रुकने वाला नहीं है।

## पीओके के लोग भारत में विलय के इच्छुक, हम स्वागत को तैयार- राजनाथ सिंह



जम्मू। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को कहा कि पाकिस्तान के कब्जे वाले (पीओके) कश्मीर के निवासी हमारे भाई हैं और हम उस हिस्से का भारत में विलय करना चाहते हैं।

श्री सिंह ने चुनाव प्रचार के तहत एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि पीओके के लोग भारत में मिलना चाहते हैं क्योंकि वे जम्मू-कश्मीर में हो रहे बदलाव और भारत में हो रहे विकास से प्रभावित हैं। उन्होंने कहा,÷ हम पीओके के लोगों को खुले दिल से गले लगाने और उन्हें सम्मानजनक जीवन जीने का अधिकार देने के लिए तैयार हैं।

उन्होंने पाकिस्तान पर हमला करते हुए कहा कि वह सांपों को पाल रहा है और उनका व्यापार करने के परिणाम हमेशा बुरे होते हैं। रक्षा मंत्री ने राजौरी में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, पाकिस्तान ऐसी स्थिति में पहुंच गया है क्योंकि सांपों को पालने और उनका व्यापार करने के हमेशा बुरे परिणाम होते हैं।

श्री सिंह ने कहा कि आतंकवाद के निर्यात का पाकिस्तान का कारोबार अब धीमा पड़ गया है और जम्मू-कश्मीर की धरती से इसे पूरी तरह खत्म कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि सीमा पार से पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ, नेशनल कॉन्फ्रेंस-कांग्रेस गठबंधन के साथ मिलकर जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 को हटाने की मांग कर रहे हैं। रक्षा मंत्री ने कहा, भारत में रहने वाले नेताओं को (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## छत्तीसगढ़ के आदिवासी बाहुल्य 6691 गांवों का होगा कायाकल्प



प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान से बदलेगी तस्वीर

रायपुर (दावा)। छत्तीसगढ़ के आदिवासी अंचलों में साढ़े 6 हजार से अधिक गांवों में लोगों के बेहतर जीवन स्तर के लिए 'प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान' के अंतर्गत गांवों में आविवासी परिवारों के सामाजिक-आर्थिक विकास के साथ-साथ सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने केन्द्र सरकार द्वारा शुरू की गई इस योजना का राज्य में बेहतर क्रियान्वयन के निर्देश दिए हैं।

गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की कैबिनेट द्वारा हाल में ही इस योजना को मंजूरी दी गई है। इस अभियान के तहत आदिवासी बहुल गांवों और आकांक्षी जिलों में आदिवासी परिवारों के सामाजिक-आर्थिक विकास संबंधी उपलब्धि अर्जित करने, स्वास्थ्य, शिक्षा, पेयजल, कनेक्टिविटी एवं लाईवलीहुड आदि अत्यावश्यक सेक्टर्स का अधोसंरचनात्मक सुधार के कार्य किए जाएगें।

आदिमजाति विकास मंत्री श्री नेताम ने बताया कि राज्य में कुल 30.62 प्रतिशत जनजातीय जनसंख्या निवास करती है। अनुसूचित जनजाति बाहुल्य ग्रामों के विकास हेतु भारत सरकार द्वारा राज्य के कुल 4029 ग्रामों का चिन्हांकन किया गया है। जिनमें से वर्ष 2021-22 में 1530 ग्रामों का चयन किया गया था। उक्त ग्रामों में प्रति ग्राम 20.38 लाख के मान से राशि की स्वीकृति प्रदान की जाकर कार्यो का क्रियान्वयन किया जा रहा है। वहीं 733 ग्रामों की ग्राम विकास योजना केन्द्र सरकार को स्वीकृति के लिए प्रेषित की गई है। शेष 1766 ग्रामों की विजय (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## उदयभानु चीब को बनाया गया यूथ कांग्रेस का राष्ट्रीय अध्यक्ष, बीवी श्रीनिवास की लेंगे जगह



नई दिल्ली। उदय भानु चिब को भारतीय युवा कांग्रेस के नए अध्यक्ष के रूप में उनकी नियुक्ति की गई है। उदय भानु चिब को कांग्रेस ने बी.वी श्रीनिवास की जगह भारतीय युवा कांग्रेस का अध्यक्ष नियुक्त किया है। हरियाणा और जम्मू कश्मीर में जारी विधानसभा चुनाव के बीच कांग्रेस ने यह बड़ा फैसला लिया है।




## 'मेड इन इंडिया 6जी पर काम शुरू है', न्यूयॉर्क से पीएम मोदी का बड़ा एलान; कहा- अमेरिका में बिकेगी भारत में बनी चिप



नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिका के न्यूयॉर्क में भारतीय प्रवासियों को संबोधित किया। लॉन्ग आईलैंड के नासाउ कोलिजीयम में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पीएम ने कई बड़े एलान किए। उन्होंने बताया कि आज भारत का 5जी मार्केट अमेरिका से भी बड़ा हो चुका है और ये सिर्फ दो साल के भीतर हुआ है। साथ ही पीएम मोदी ने कहा कि अब भारत 'मेड इन इंडिया' 6जी पर काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि भारत अब रुकने वाला नहीं है, भारत अब थमने वाला नहीं है। भारत चाहता है कि दुनिया में ज्यादा से ज्यादा डिवाइस मेड इन इंडिया चिप पर चले।

पीएम मोदी ने सेमी कंडक्टर सेक्टर के लिए भी बड़ी घोषणा करते हुए कहा कि पिछले साल जून में भारत ने सेमी-कंडक्टर सेक्टर के लिए इनसेंटिव घोषित किए थे। इसके कुछ ही महीनों बाद माइक्रोन की पहली सेमी-कंडक्टर यूनिट का शिलान्यास भी हो गया है।

पीएम मोदी ने बताया कि अब तक भारत में ऐसी पांच यूनिट्स स्वीकृत हो चुकी हैं। उन्होंने कहा कि वो दिन दूर नहीं, जब आप मेड इन इंडिया चिप यहां अमेरिका में भी देखेंगे। उन्होंने कहा, ये छोटी सी चिप विकसित भारत की उड़ान को नई ऊंचाई पर ले जाएगी और ये मोदी की गारंटी है।

### अवसरों का इंतजार नहीं निर्माण करता है भारत - मोदी

पीएम ने अर्थव्यवस्था के बढ़ते आकार को लेकर भी कहा कि एक दशक से भारत, 10वें नंबर से 5वें नंबर की इकोनॉमी बन गया है। अब हर भारतीय चाहता है कि भारत जल्दी से तीसरे नंबर की सबसे बड़ी इकोनॉमी बने। उन्होंने कहा कि भारत आज अवसरों की धरती है। अब भारत, अवसरों का इंतजार नहीं करता, अवसरों का निर्माण करता है।

## पूर्व सीएम बघेल ने सीजेआई को लिखा पत्र : चिट्ठी में निष्पक्ष जांच की मांग, सूर्यकांत तिवारी के आरोपों का दिया हवाला



रायपुर। पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया को चिट्ठी लिखी है। जिसमें उन्होंने लिखा है कि, मेरे खिलाफ रची जा रही साजिशों की स्वतंत्र जांच के निर्देश दिए जाएं। दरसअल, बीते दिनों कोल लेवी मामले में रायपुर सेंट्रल जेल में बंद कारोबारी सूर्यकांत तिवारी ने एबीसी चीफ अमरेश मिश्रा पर गंभीर आरोप लगाए थे। जिसमें उसने कहा था कि, एसीबी चीफ ने जेल अधीक्षक के चैंबर में बुलाकर धमकाया और दबाव बनाया कि, सौम्या चौरसिया के जरिए पूर्व सीएम भूपेश बघेल को पैसा देने की बात कबूल करूं। उसके इस आरोप के बाद भूपेश बघेल सेंट्रल जेल पहुंचे थे और बाहर निकलकर उन्होंने कहा था कि, मैं हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस को पत्र लिखूंगा। सीएम को भी पत्र लिखकर घटनाक्रम की जानकारी दूंगा।

### पूर्व सीएम ने पत्र लिखने की कही थी बात

मुलाकात के बाद पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने कहा कि, मैं विधायक देवेंद्र यादव और सूर्यकांत तिवारी से मिलने जेल आया था। लेकिन मुझे सूर्यकांत तिवारी से नहीं मिलने दिया गया। रायपुर आईजी ने जेल में सूर्यकांत को धमकाने की कोशिश की है। मेरा नाम नहीं लेने पर उसे तबाह करने की धमकी दी गई है। इसलिए मैं सूर्यकांत तिवारी से मिलने जेल पहुंचा था। इस मामले को लेकर मैं हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस को पत्र लिखूंगा। सीएम को भी पत्र लिखकर घटनाक्रम की जानकारी दूंगा।

### वकील के माध्यम से न्यायालय में की थी शिकायत

आरोपी सूर्यकांत तिवारी ने वकील के माध्यम से रायपुर सक्षम न्यायालय की विशेष न्यायधीश को लिखित शिकायत दी है कि, लेटर में लिखा है कि, जब वकील मुलाकात के लिए जेल गए थे तो आवेदक ने बताया कि, 8 सितंबर, रविवार को जेल अधीक्षक कार्यालय में बुलाया गया था। जब सूर्यकांत तिवारी पहुंचे तो वहां एसीबी चीफ अकेले बैठे हुए थे। एसीबी चीफ ने उसे देखते हुए बोला कि, 14 दिन की रिमांड में तुम मूर्ख बनाते रहे हो। तुम ये जान लो, कि सौम्या चौरसिया खत्म हो गई। भूपेश बघेल अब कभी भी मुख्यमंत्री नहीं बनने वाला है। भले ही अगली बार कांग्रेस (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## तिरुपति के लड्डू में कहां से मिलाई गई चर्बी ? एसआईटी करेगी जांच; केंद्र सरकार को सौंपेगी रिपोर्ट

नई दिल्ली। तिरुपति मंदिर के लड्डू प्रसादम में पशु चर्बी के इस्तेमाल के विवाद के बीच आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने रविवार को पिछली वाईएसआरसीपी सरकार पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि उसके कार्यकाल के दौरान तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) में घी खरीदने की कई प्रक्रियाओं में बदलाव किया गया था। इसके बाद उन्हें अनियमितताओं की जांच के लिए एक विशेष जांच दल (एसआइटी) का गठन करना पड़ा। यह एसआईटी मिलावट के सभी कारणों, सत्ता के दुरुपयोग की जांच करेगी और सरकार को रिपोर्ट सौंपेगी। सरकार दोबारा इस तरह की घटना न हो, इसके लिए सख्त कदम उठाएगी।

### पांच सालों में तिरुमाला में कई अपवित्र काम किए गए

अमरावती में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि पिछली सरकार के दौरान टीटीडी बोर्ड में नियुक्तियां 'गैंबलिंग' की तरह हो गई थीं और ऐसे लोगों को नियुक्त करने के कई उदाहरण थे जिनकी कोई आस्था नहीं थी और बोर्ड में गैर हिंदुओं को वरीयता दी गई थी। उन्होंने कहा कि पिछले पांच सालों में तिरुमाला में कई अपवित्र काम किए गए। कई बार भक्तों ने इसका विरोध भी किया।






नायडू ने कहा कि मेरी सरकार के कार्यकाल में तिरुमाला में लड्डू प्रसाद और भोजन शुद्ध सामग्री से बनाया जाता है और इसका स्वाद बहुत खास होता है। जब मैं सीएम था तो मैंने बाबा रामदेव बाबा बुलाया था और हमने मंदिर के चारों ओर कई आयुर्वेदिक पौधे भी लगाए थे। नायडू ने कहा कि उनकी सरकार मंदिरों की पवित्रता और भक्तों की भावनाओं का पूरा सम्मान करती है। जगन मोहन रेड्डी के नेतृत्व वाली पिछली राज्य सरकार ने लोगों की भावनाओं के साथ खिलवाड़ किया।

### तिरुमाला की सात पहाड़ियों को साफ करने का दिया आदेश

उन्होंने कहा- हर धर्म की कुछ परंपराएं और प्रतिबद्धताएं होती हैं और सरकार को उन सभी का सम्मान करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री का पदभार संभालने के तुरंत बाद उन्होंने मंदिर का प्रबंधन करने वाले तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) के कार्यकारी अधिकारी (ईओ) को तिरुमाला की सात पहाड़ियों को साफ करने का आदेश दिया। सीएम ने कहा- 'ईओ ने लड्डू की गुणवत्ता में सुधार के लिए आवश्यक कदम उठाए हैं और पहले घी की आपूर्ति करने वाली विभिन्न कंपनियों को ब्लैकलिस्ट कर दिया है।'

मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी को भी लोगों की भावनाओं से खेलने का अधिकार नहीं है। इसके अलावा नायडू ने कहा कि अपवित्रता को दूर करने के लिए सोमवार को तिरुमाला में शांति होमम पंचगव्य प्रोक्षण (अनुष्ठानात्मक स्वच्छता) आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आगे और कदम उठाए जाने की जरूरत है और तिरुमाला के संबंध में उन्हें कैसे लागू किया जाए, इस पर चर्चा की जा रही है। जीर स्वामी, कांची स्वामी और अन्य पंडितों से परामर्श के बाद जल्द ही निर्णय लिया जाएगा।

तिरुपति लड्डू विवाद में जगन ने पीएम को लिखा पत्र, कहा- नायडू आदतन झूठेआंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री जगन मोहन रेड्डी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर चंद्रबाबू नायडू की शिकायत की है। पत्र में उन्होंने नायडू को आदतन झूठा करार देते हुए लिखा है कि वे इतने नीचे गिर गए हैं कि उन्होंने केवल राजनीतिक उद्देश्यों के लिए करोड़ों लोगों की आस्था को ठेस पहुंचाई है। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

CMYK

# नगर-निगम में साल भर से पार्षदों को मानदेय नहीं.... बढ़ रहा आक्रोश

राजनांदगांव (दावा)। नगरीय निकाय के कर्मचारियों व प्लेसमेंट सहित दैनिक वेतनभोगियों के नियमित वेतन मान व अन्य छह सूत्रीय मांगों को सरकार ने शुक्रवार को ले-देकर माना है, लेकिन अन्य विभाग के कर्मचारियों को वेतनमान मिलने में देरी व नगर निगम के पार्षदों को साल भर से मानदेय नहीं मिलने से इनकी समस्या बढ़ी हुई है। इससे इनमें आक्रोश बढ़ते जा रहा है। बता दे कि नगर निगम के अंतर्गत आने वाले 51 वार्ड पार्षदों को पिछले साल भर से मानदेय नहीं मिला है। इससे उन्हें आर्थिक संकटों का सामना करना पड़ रहा है। एक पार्षद ने बताया कि गणेशोत्सव पर्व व आगामी नवरात्रि पर्व के लिए चन्दा मांगने वालों की कतारे है। गणेशोत्सव समिति वाले पार्षद होने के नाते हजार भर से ज्यादा के रसीद काट कर ले गए है लेकिन उन्हें मानदेय नहीं मिलने के कारण समिति वालों को चन्दा देने से मुंह छुपानी पड़ रही है। समिति वालों को क्या मालूम कि पार्षदों को नगर निगम से साल भर से मानदेय नहीं मिला है।

### समय पर वेतन नहीं मिलने की समस्या

बता दे कि नगर निगम में चाहे किसी भी वर्ग श्रेणी के कर्मचारी हो, एक निश्चित समय पर वेतन नहीं मिलने की समस्या से जूझते रहते है। मिली जानकारी के अनुसार नगर निगम द्वारा पार्षदों को प्रतिमाह 15200 रूपए दिए जाने के प्रावधान है। पार्षदों को सितम्बर 2023 के बाद से मानदेय की राशि प्राप्त नहीं हुई है।

**लोक निर्माण विभाग में भी यही हालात... कर्मचारियों विभाग का किया घेराव... वेतनमान देने की मांग**


इतने लम्बे समय से लंबित मानदेय को लेकर पार्षदों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। जो धीरे-धीरे आक्रोश का रूप ले रहा है। साल भर से मानदेय नहीं मिलने से परेशान एक पार्षद ने बताया कि इस संबंध में समय-समय पर अधिकारियों को अवगत भी कराया गया है लेकिन साल भर से लम्बित मानदेय का भुगतान किए जाने हेतु कोई सार्थक पहल नहीं की गई।

साल भर से मानदेय से वंचित पार्षदों को कई तरह की आर्थिक कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। इससे उनकी दिक्कतें बढ़ी हुई है। कही ऐसा न हो कि वे लोग भी अन्य कर्मचारियों की तरह नगर निगम के सामने धरना-प्रदर्शन करने उतर आए।

### लोक निर्माण विभाग का घेराव

इधर शासन के आदेश के बाद भी समयमान वेतन की राशि नहीं मिलने के मामले को लेकर लोक निर्माण के कर्मचारियों का रोष बढ़ गया है और उन्होंने लोक निर्माण विभाग कार्यालय का घेराव करने से परहेज नहीं की। लोक निर्माण विभाग में कार्यरत वर्तमान और सेवानिवृत कर्मचारियों ने लोक निर्माण विभाग कार्यालय का घेराव कर समय वेतनमान की राशि देने की मांग की है। बता दे कि इन कर्मचारियों ने बीते 3 सितम्बर को ज्ञापन के माध्यम से 15 सितम्बर तक सभी कर्मचारियों की एरियर्स और समय वेतनमान का भुगतान करने की मांग की थी और भुगतान नहीं होने पर लोकनिर्माण विभाग कार्यालय का घेराव करने की चेतावनी दी थी। लेकिन राशि का भुगतान नहीं होने पर 60-70 की संख्या में कर्मचारियों ने लोक निर्माण विभाग कार्यालय का घेराव किया। अध्यक्ष माधव देवदास ने बताया कि 2008 के रेगुलर हुए सभी कर्मचारियों का कार्य अवधि 10 वर्ष पूर्ण होने पर भी शासन द्वारा वर्ष 2018 में प्रथम समय वेतनमान देने का आदेश दिया गया था लेकिन आज दिनांक तक वेतन भुगतान नहीं हुआ। इससे नाराज कर्मचारियों को कार्यालय घेराव जैसे कदम उठाना पड़ा।

# 150 किलो चांदी से बनेगा विश्व प्रसिद्ध मां बम्लेश्वरी मंदिर का दरवाजा, डेढ़ करोड़ होगी लागत



डोंगरगढ़ (दावा)। पहाड़ी पर विराजित विश्व प्रसिद्ध मां बम्लेश्वरी (बमलई) मंदिर में डेढ़ क्विंटल वजनी चांदी का दरवाजा लगेगा। नवरात्र पर्व के पहले पुराने को निकालकर नया दरवाजा लगा दिया जाएगा। इसकी लागत लगभग डेढ़ करोड़ रुपये होगी।

दरवाजे पर लगाए जाने वाली चांदी की चादर की मोटाई 22 गेज की होगी, जिसे रायपुर में तैयार कराया गया है। इसे लकड़ी के ऊपर नई डिजाइन के साथ चढ़ाया जाएगा। इसके लिए महाराष्ट्र के नासिक से छह कारीगरों की टीम डोंगरगढ़ पहुंच गई है।

एक-दो दिन में काम शुरू करा दिया जाएगा। ऊपर मंदिर में लगभग 17 वर्ष पहले करीब 60 किलो वजनी चांदी का दरवाजा लगवाया गया था, जो पुराना होने के कारण टूट-फूट गया है। उसी दरवाजे को बदला जाना है। पुराने दरवाजे की चांदी का उपयोग उसे गलाकर अन्य जगह किया जाएगा।

### दिया जा रहा प्राचीनतम स्वरूप

नए दरवाजे में आकर्षक डिजाइन बनवाई जा रही। इसमें धार्मिक चिन्हों के अतिरिक्त अन्य तरह की कलाकारी भी रहेगी। चांदी की चादर शनिवार को रायपुर से पहुंच गई। अब उसे प्रेस कर साइज से काटी जाएगी।

दूसरी तरफ नीचे वाले बम्लेश्वरी मंदिर को प्राचीनतम स्वरूप दिया जा रहा है। मंदिर के सामने वाले भाग में बिछाए गए गुलाबी पत्थर की पालिश भी कराई जा रही है। उसे केमिकल से लेमीनेट कर चमकाया जाएगा। पिलरों में नक्काशी कर देवी-देवताओं की आकृति भी उकेरी जा रही है। साथ ही गुंबज वाले हिस्से में जीर्णोद्धार का जो काम शेष रह गया था, उसे भी पूरा कराया जा रहा है। पत्थरों वाला काम ओडिशा के 20 कलाकार कर रहे हैं।

### साज-सज्जा कराई जा रही

नवरात्र पर्व के पहले ऊपर व नीचे, दोनों मंदिर की साज-सज्जा कराई जा रही है। ऊपर मंदिर वाला चांदी का दरवाजा नया बनवाया जा रहा है। डेढ़ क्विंटल चांदी लगेगी। इसमें लगभग डेढ़ करोड़ रुपये का खर्च आएगा जिसका वहन ट्रस्ट करेगा। एक-दो दिन में काम शुरू होगा। पर्व के पहले अधिकतम काम कराने का प्रयास है। बाकी बाद में होगा।

**- मनोज अग्रवाल,**
**अध्यक्ष, मां बम्लेश्वरी ट्रस्ट, डोंगरगढ़**

## पहला कॉलम...

### मिथिलाधाम हनुमान मंदिर में दुर्गा मूर्ति की स्थापना

राजनांदगांव (दावा)। श्री मिथिला धाम गणेश हनुमान मंदिर में दुर्गा मूर्ति की स्थापना पूज्य मोनी बाबा के संरक्षण में किया जाएगा श्री मिथिला धाम गणेश हनुमान मंदिर में मूर्ति स्थापना का यह तीसरा वर्ष है। 3 तारीख से शत चंडी यज्ञ का आयोजन भी प्रारंभ किया जाएगा शतचंडी यज्ञ का यह कार्यक्रम दुर्गा विसर्जन के दिन 12 तारीख को पूर्णाहुति किया जाएगा शत चंडी यज्ञ विद्वान पंडित उग्र नारायण झा के नेतृत्व में पंडित आदित्य झा पंडित रोशन दुबे एवं सहयोगी पंडितों के द्वारा संपन्न होगा। प्रति वर्ष होने वाले इस यज्ञ मे भक्त गण शामिल होकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाकर पूण्य लाभ अर्जित करे। मौनी बाबा के भक्तगण 03 अक्टूबर से 12 अक्टूबर तक संध्याकाल 7 बजकर 30 मिनट मे मिथिलाधाम मंदिर में पधारकर आरती में शामिल होकर दुर्गा पूजा को सफलतापूर्वक संपन्न करें। यह अपील मंदिर समिति के संयोजक अशोक चौधरी ने की।

### रमेश बोहरे का निधन



राजनांदगांव (दावा)। स्थानीय दैनिक सबेरा संकेत में कार्यरत रमेश कुमार बोहरे का आज प्रातः 10.30 बजे हार्ट अटैक से निधन हो गया। वे लगभग 60 वर्ष के थे। स्व. बोहरे अपने पीछे पत्नी, एक पुत्र प्रशांत बोहरे और एक विवाहित पुत्री का भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनका अंतिम संस्कार आज 23 सितंबर को प्रातः 10 बजे शंकरपुर मुक्तिधाम में किया जाएगा। अंतिम यात्रा उनके निज निवास शांति नगर वार्ड नंबर 10, गली नंबर एक से निकलेगी। श्री बोहरे के निधन पर दैनिक दावा व सबेरा परिवार ने शोक व्यक्त किया है।

### मद्य व नशा निषेध सप्ताह 2 से 8 अक्टूबर तक

राजनांदगांव (दावा)। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर मद्यपान, अन्य मादक द्रव्यों, पदार्थों तथा नशीली दवाओं के दुरूपयोग की रोकथाम हेतु समुदाय में व्यापक जनमत विकसित करने के उद्देश्य से 2 अक्टूबर से 8 अक्टूबर तक मद्य व नशा निषेध सप्ताह का आयोजन किया जाएगा। मद्य व नशा निषेध सप्ताह के दौरान नशामुक्ति के पक्ष में रैली, नुक्कड़ सभाएं, सांस्कृतिक कार्यक्रम, नशापान नहीं करने का संकल्प एवं शपथ सहित अन्य जागरूक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

### फर्जी दस्तावेज तैयार कर 40 लाख में जमीन बेचा, धोखाधड़ी का मामला दर्ज

रायपुर। ग्राम पुरैना तेलीबांधा स्थित जमीन का फर्जी मुख्तयार नामा तैयार कर 40 लाख में बेचने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर तेलीबांधा पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है।

# चिखली पुलिस ने आदतन बदमाश से धारदार चाकू किया जप्त




राजनांदगांव (दावा)। चौकी चिखली पुलिस ने अपने चौकी क्षेत्र के आदतन बदमाशों पर कार्रवाई की है। चौकी प्रभारी नरेश कुमार बंजारे ने बताया कि उनके चौकी क्षेत्र में अशांति फैलाने वाले बदमाश पर कार्यवाही किया गया है।

उन्होंने बताया कि प्रार्थियां रविवार 22 सितंबर को चिखली थाने आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि शनिवार 21 सितंबर की रात्रि मे अपने घर के सामने अपने पति के साथ खाना खाकर बैठे हुए थे कि उसी समय दीनदयाल नगर निवासी भास्कर खान शराब के नशे में आकर पुरानी रंजिश को लेकर गंदी गंदी गाली गलौच कर मेरे एवं मेरा पति को हाथ मुक्का से मारपीट किया व भास्कर खान अपने पास मे रखे चाकू से मेरे मंझले लडके के साथ मारपीट की। मारपीट से मेरे लड़के के दाहिना हाथ में चोट आई है तथा जान से मारने की धमकी दिया है। इस रिपोर्ट पर धारा 296,351(2),115(2) भा.न.सं का अपराध दर्ज कर मामले की सूचना वरिष्ठ अधिकारियो को दिया गया। इस पर पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहूल देव शर्मा व नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक के मार्गदर्शन में आदतन बदमाश की दीनदयाल नगर कालोनी चिखली मे छिपने की पुख्ता सूचना पर घेराबंदी कर दबिश देकर आरोपी भास्कर खान पिता मुजीब खान उम्र 23 वर्ष निवासी चिखली दीनदयाल नगर अटल आवास वार्ड नंबर 06 पुलिस चौकी चिखली को पकड़ा गया। आरोपी से कड़ाई से पूछताछ करने पर अपराध स्वीकार करने बाद, आरोपी के निषानदेही पर घटना मे प्रयुक्त धारदार चाकू को जप्त किया गया। बदमाश आरोपी के विरूद्ध हत्या का प्रयास, मारपीट, आर्म्स एक्ट अनेक मामले पूर्व में दर्ज है। आरोपी के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही कर माननीय न्यायालय पेष कर आदेशानुसार जेल दाखिल किया गया।

**आरोपी के विरूद्ध हत्या का प्रयास, मारपीट, आर्म्स एक्ट के अनेक अपराध दर्ज**

इसी तरह रवि सिन्हा व संतोष उर्फ चंदन बंजारे शराब के नशे मे गर्वमेंट प्रेस में आने जाने वाले लोगों को गाली गलौच कर वाद विवाद कर अषांति फैला रहा था इस संबंध में सूचना पर मौके पर राहगीरो और पुलिस द्वारा समझाने पर और आक्रोशित होने लगा संज्ञेय अपराध की आशंका पर आरोपी रवि सिन्हा पिता स्व. सुखराम सिन्हा उम्र 19 साल निवासी शांतिनगर गली नं. 01 व संतोष उर्फ चंदन बंजारे पिता रामकृष्ण बंजारे उम्र 27 साल निवासी रामनगर श्रीराम कालोनी को धारा 170, 126, 135 (3) बीएनएसएस के तहत विधिवत गिरफ्तार कर माननीय कार्यपालिक मजिस्ट्रेट के न्यायालय में पेश किया गया। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में शांति कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु गुण्डा, बदमाश, असमाजिक तत्वों पर विरूद्ध अभियान कार्यवाही लगातार जारी रहेगी।

उपरोक्त कार्यवाही में उनके सहित सउनि इब्राहिम खान, प्रधान आरक्षक अरविंद साहू, अरूण कुमार नेताम, महिला प्रधान आरक्षक वंदना पटले, आरक्षक मनोज जैन, सुनील बैरागी, देवेन्द्र ब्रम्हणकर, सिन्धु सिन्हा चौकी चिखली स्टाफ का महत्वपूर्ण भूमिका एवं सराहनीय योगदान रहा है।

# कलेक्टर संजय अग्रवाल को बाल रत्न मंच सेवा समिति ने दी बधाई



**कलेक्टर के अभिनव प्रयास की सराहना**

राजनांदगांव (दावा)। संस्कारधानी की सेवाभावी संस्था बाल रत्न मंच सेवा समिति के अध्यक्ष राहुल अग्रवाल सचिव सौरभ खंडेलवाल ने बताया कि संस्कारधानी की गौरवशाली परंपरा, सनातन संस्कृति के अनुरूप श्री गणेश विसर्जन झांकी के अभिनव प्रयास से सुव्यवस्थित सफल संचालन के लिए कलेक्टर संजय अग्रवाल को बाल रत्न मंच सेवा समिति की ओर से अंग वस्त्र दुपट्टा पहनाकर एवं गौ माता का आशीर्वाद रूपी प्रतीक चिन्ह मोमेंटो भेंटकर स्वागत किया गया। बाल रत्न मंच सेवा समिति के अध्यक्ष राहुल अग्रवाल, उपाध्यक्ष संदेश जैन, सचिव सौरभ खंडेलवाल, प्रचार प्रमुख रितेश यादव, गणेश उत्सव आयोजन समिति के संयोजक प्रशांत अग्रवाल, अध्यक्ष अभिनव अग्रवाल, सचिव रोहित शर्मा ने बधाई एवं आभार प्रकट किया। इस अवसर पर कलेक्टर से सौजन्य मुलाकात हुई उन्होंने सफलता का श्रेय संस्कारधानी राजनांदगांव की जनता को दिया।

# मध्य-दक्षिण छत्तीसगढ़ में मानसून मेहरबान, आने वाले पांच दिनों तक हो सकती है बारिश



राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ में बारिश की तीव्रता बढ़ने की संभावना है। प्रदेश में बारिश थमने के बाद एक बार फिर मानसून एक्टिव होने की संभावना है।

मध्य और दक्षिण भागों में मानसून मेहरबान रहेगा। इन इलाकों में भारी बारिश होने की संभावना है। वहीं बाकी क्षेत्रों में हल्की मध्य बारिश के आसार हैं। आज रविवार को प्रदेश के कई इलाकों में हल्की मध्यम बारिश होने की संभावना है।

मौसम विभाग के अनुसार, औसत समुद्र तल पर मानसून की द्रोणिका अब बीकानेर, गुना, मंडला, राजनांदगांव और गोपालपुर से होकर दक्षिण-पूर्व की ओर पश्चिम-मध्य बंगाल की खाड़ी तक स्थित है। वहीं एक चक्रवती परिसंचरण पश्चिम-मध्य बंगाल की खाड़ी के ऊपर स्थित है। मध्य क्षोभमंडल स्तर तक फैला हुआ है। इसके प्रभाव से आज प्रदेश में मानसूनी सक्रिय होने की संभावना है। जिससे बारिश के आसार हैं।

दूसरी ओर 23 सितंबर को उत्तर-पश्चिम और निकटवर्ती पश्चिम-मध्य बंगाल की खाड़ी के ऊपर एक कम दबाव का क्षेत्र बनने की संभावना है। इसके प्रभाव से प्रदेश में मानसून की सक्रियता बढ़ने की संभावना है। इससे प्रदेश में बारिश की गतिविधि में बढ़ोतरी होने की संभावना है। प्रदेश में मानसून की सक्रियता बढ़ने से दक्षिण और मध्य छत्तीसगढ़ में बारिश की गतिविधि में बढ़ोतरी होगी।

मौसम एक्सपर्ट के अनुसार, आगामी पांच दिनों तक मध्य और दक्षिण छत्तीसगढ़ में गरज चमक के साथ वज्रपात और हल्की मध्यम बारिश की गतिविधि में वृद्धि होने की संभावना है। वहीं दक्षिण छत्तीसगढ़ में बारिश की तीव्रता में वृद्धि होने के साथ एक-दो जगह पर भारी बारिश के आसार हैं। बीते दिनों शनिवार को प्रदेश में मानसून की सक्रियता सामान्य से कम रही। हालांकि इस बीच प्रदेश के एक दो जगह पर हल्की मध्यम बारिश दर्ज की गई है।

# कलेक्टर ने ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति किया जागरूक

**कलेक्टर ग्राम रीवागहन, बरगा, इंदामरा में आयोजित स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम में हुए शामिल**

राजनांदगांव (दावा)। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती 2 अक्टूबर को स्वच्छ भारत दिवस के रूप में मनाया जाएगा। नागरिकों में स्वच्छता के प्रति सोच लाने एवं सामूहिक रूप से अपने गांव व क्षेत्र को स्वच्छ रखने स्वच्छता ही सेवा अभियान मनाया जा रहा है। इस वर्ष स्वच्छ भारत मिशन की 10वीं वर्षगांठ मनाया जा रहा है। जिसके उपलक्ष्य में 14 सितम्बर से 1 अक्टूबर तक स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता थीम पर स्वच्छता ही सेवा अभियान 2024 मनाया जा रहा है। स्वच्छता ही सेवा अभियान 2024 का मुख्य उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करना, गांव में गंदे एवं कचरे का ढेर जमा स्थानों की सफाई, मेगा स्वच्छता अभियान का आयोजन, इसके साथ ही स्वच्छाग्राही व सफाई मित्र के योगदान की सराहना, पिछले वर्षों में स्वच्छ भारत मिशन में किये गये कार्यों व उपलब्धियों को एक उत्सव के रूप में मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में कलेक्टर संजय अग्रवाल आज ग्राम रीवागहन, बरगा, इंदामरा में आयोजित स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह उपस्थित थी।

कलेक्टर श्री अग्रवाल स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम में ग्रामीणों से रूबरू हुए। उन्होंने कहा कि गांव की स्वच्छता के लिए आवश्यक है कि कचरों का प्रबंधन अच्छी तरह से किया जाए। उन्होंने कहा कि जिस तरह हम अपने घर को स्वच्छ रखते हैं वैसे ही हमारे गांव में भी साफ-सफाई रखने की जरूरत है। उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि घरों से सूखा और गीला कचरा अलग-अलग करके निकालना होगा। उन्होंने ग्रामवासियों को गांव को स्वच्छ रखने और गंदगी से होने वाली समस्याओं और बीमारियों के बारे में बताया। उन्होंने सभी को साथ मिलकर गांव को स्वच्छ रखने का प्रयास करने कहा। उन्होंने ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। जिससे आस-पास का वातावरण स्वच्छ और साफ-सुथरा रहे। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने ग्रामीणों से साफ-सफाई के संबंध में चर्चा कर कचरे के ढेरो की सफाई कर हमेशा के लिए ग्राम पंचायत को व्यवस्थित व सुंदर स्थल के रूप में स्थापित करने के निर्देश दिए। उन्होंने ग्राम पंचायत बरगा में वाटर रिचार्ज के संबंध में महिलाओं से चर्चा की। उन्होंने पानी बचाने के लिए अपील की। उन्होंने ग्राम पंचायत इंदामरा में स्कूल के पास कचरे के ढेर पाए जाने पर ग्रामीणों को गंदगी और अस्वच्छता से फैलने वाली बीमारियों और समस्याओं के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि साफ-सुथरा गांव रहने से गांव में किसी प्रकार की बीमारी नहीं आती है। सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने जनपद पंचायत और ग्राम पंचायत के अमले को प्रत्येक ग्राम पंचायत में साफ-सफाई कराने के निर्देश दिए। इस दौरान सीईओ जनपद पंचायत सुश्री तनुजा मांझी, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी मनीष साहू, सहायक विकास विस्तार अधिकारी बलबीर सिंह तथा जनपद स्तर के अधिकारी-कर्मचारी एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।


## श्री कृष्णा (एयरकुल) में

रोजाना 4 खेलों में




समय : 12,3, 6 व 9 बजे रात्रि

बाल्कनी की एडवांस बुकिंग प्रारंभ है।

पारिवारिक गीत, संगीत मय फिल्म

मौरिषा फिल्मस प्राडक्शन प्रस्तुत

**तोर मया म सजनी**

छत्तीसगढ़ी भाषा में

कलाकार -परम टुन्ड्रा, बिन्दू आदि।

ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com

paytm book my show
SILVER SCREEN MULTIPLEX
22nd SEP to 26th SEP 2024




Ardaas Sarbat De Bhale Di (Punjabi) - 06:15 and 09:15 pm
Yudhra - 12:00, 03:00, 06:00 and 09:00 pm
Transformers One - 12:30 and 03:30 pm
Kahan Shuru Kahan Khatam - 12:15 pm
Stree 2 - 03:15, 06:30 and 09:30 pm

Sumeet Mandi Mall, Rajnandgaon (C.G) 8085600200


## छत्तीसगढ़ स्टे. पॉ. डि. कं. लि. राजनांदगांव

### -:आवश्यक सूचना:-

सम्माननीय विद्युत उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि दिवाली पूर्व विद्युत लाईनों एवं उपकरणों के आवश्यक सुधार कार्य हेतु निम्नलिखित क्षेत्रों में प्रातः 8.00 बजे से दोपहर 12.00 बजे तक उनके आगे दर्शाई तिथियों में विद्युत प्रदाय बंद रहेगा।

| क्र. | दिनांक | उपकेन्द्र का नाम/फीडर का नाम | प्रभावित क्षेत्र |
|---|---|---|---|
| 1 | 24.9.24 (मंगलवार) | 11 केव्ही टाउन-2 फीडर | आरा मशीन रोड, बी.के. नगर, जी.ई. रोड, मंजु सेल, एफ.सी.आई. गोदाम रोड. रायपुर नाका, भाजपा कार्यालय, स्टेट बैंक कॉलोनी, |
| | | हॉस्पिटल फीडर | अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम, किल्लापारा, दुर्गा चौक, पटेल मोहल्ला, ऑडोटोरियम, दिग्विजय कॉलेज, सर्किट हाउस, राजीव नगर, चौखडिया पारा, हिरामोती लाईन, ओसवाल लाईन, बालगोंविद चौक, ठेठवारपारा, समथ भवन एवं आप-पास के क्षेत्र। |
| 2 | 25.9.24 (बुधवार) | 11 केव्ही टाउन लखोली फीडर | राहुल नगर, जनता कालोनी, केशरनगर, पटेल कालोनी, गायत्री स्कूल, साहू अपार्टमेंट, सेठी नगर, लखोली रोड एवं आस पास के क्षेत्र। |
| | | ग्रीनसिटी फीडर | ग्रीन सिटी कॉलोनी, समता कॉलोनी, डोंगरगांव रोड, महेश नगर, गांधी नगर, ग्रीन हाइट्स, तथागत सिद्धार्थ सिटी, कौरिनभाठा एवं आस-पास के औद्योगिक कनेक्शन। |
| 3 | 26.9.24 (गुरूवार) | 11 केव्ही टाउन-3 फीडर | जलाराम मंदिर, कैलाश नगर, पी.डब्लु.डी. आफिस, गौरी शंकर पेट्रोल पंप, सिटी कोतवाली, महामाया मंदिर, गुरूकृपा चौक, पोस्ट ऑफिस चौक, कीका भाई चौक, इमाम चौक, जुनी हटरी, भगवती फर्नीचर, सुरजन वकील गली, कामठी लाईन, गुड़ाखु लाईन, रामाधीन मार्ग, शनि मंदिर, हमाल पारा, रणवीर बीड़ी कारखाना स्टेटबैंक, फुलवारी चौक, काली मंदिर अग्रसेन भवन इत्यादि |
| | | सिटी फीडर | अन्नपूर्णा रेस्टोरेंट, मानव मंदिर चौक, जयस्तंभ चौक, सोनारपारा, दीवनपारा, पुराना हॉस्पिटल, गौशाला मार्केट, एवं आस-पास के क्षेत्र। |
| 4 | 27.9.24 (शुक्रवार) | 11 केव्ही टाउन-1 फीडर | स्टेशन रोड, पुराना सिविल लाईन, टाका पारा, वेसलियन स्कूल के आस पास नगर निगम, स्टेट स्कूल, महावीर चोक किका भाई कॉम्प्लेक्स, गौरी नगर फाटक के आस-पास |
| | | बल्देवबाग फीडर | न्यू सिविल लाईन एरिया, बल्देव बाग, बी.एन.सी मिल, तुलसीपुर एवं आस-पास के क्षेत्र। |
| 5 | 28.9.24 (शनिवार) | 11 केव्ही टाउन इंडस्ट्रीयल फीडर | मठपारा रोड, प्रेम नगर, राम नगर, लखोली नाका, शान्ति अपार्टमेंट, फेस 1-2, सत्यम विहार एवं कल्प वृक्ष, बर्फ फेक्ट्री गंजलाईन, तिरंगा चौक, लोहारपारा, भरकापारा, उदयाचल रोड, पुराना गंज चौक, कमल टॉकिज एवं आस पास के क्षेत्र। |
| | | मोतीपुर फीडर | बजरंगपुर, नवागांव, मोतीपुर, रामनगर एवं आस पास के क्षेत्र। |
| 6 | 29.9.24 (रविवार) | कलेक्टर फीडर | कलेक्ट्रेड परिसर, न्यायालय, लालबाग, पुलिस लाईन, पुलिस पेट्रोल पंप, ममता नगर, आनंद बिहार, शास्त्री चौक एवं आस-पास के क्षेत्र। |
| 7 | 30.9.24 (सोमवार) | 11 केव्ही कैलाश नगर फीडर | मठपारा, चाकलेट फैक्टरी, पेट्रोल पंप, मठपारा रोड, कैलाश नगर, यूनाइटेड हास्पिटल, पुराना बस स्टैंड रोड, बस स्टैंड, भरका पारा, एवं आस पास के क्षेत्र। |
| | | पेण्ड्री फीडर | अटल आवास, निर्धन आवास, स्कान सिटी, पेण्ड्री बस्ती बरगा इंडस्ट्रीयल क्षेत्र से डी.पी.एस. तक एवं आसपास के क्षेत्र। |
| 8 | 01.10.24 (मंगलवार) | 11 केव्ही रामदरबार फीडर | नेहरू नगर, एफ.सी.आई. गोदाम के आसपास, जी.ई. रोड, शंकर नगर, एबीस होटल के आसपासका क्षेत्र, शिवनाथ कालोनी। |
| | | लालबाग फीडर | जमातपारा, लालबाग, प्रभातनगर, हाऊसिंग बोर्ड, महेन्द्र नगर, दिग्विजय स्टेडियम, सहदेव नगर, एस.पी. टावर, पांडे रेंजर गली एवं आस-पास के क्षेत्र। |

टीप :- आवश्यकतानुसार समयावधि घटाई/बढ़ाई जा सकती है।
'असुविधा के लिए खेद है।'
'स्वहित एवं राष्ट्रहित में विद्युत की बचत कीजिए'

**कार्यपालन अभियंता (संचा./संधा.) संभाग**
**छ.स्टे. पॉ.डि.कं. लिमि, राजनांदगांव**

### न्यायालय नायब तहसीलदार, खैरागढ़ जिला खैरागढ़-छुईखदान-गंडई
### ईश्तहार

रा.प्र.क्र.20240829020005 अ/21 (1)/ वर्ष 2023-24
ग्राम करेला तहसील खैरागढ़ जिला खैरागढ़-छुईखदान- गंडई

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम करेला तहसील खैरागढ़ जिला खैरागढ़-छुईखदान-गंडई के सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक कुमार सिंह पिता आधार सिंह कंवर निवासी ग्राम करेला तहसील खैरागढ़ जिला खैरागढ़-छुईखदान-गंडई द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम करेला प.ह.नं 15 तहसील जिला खैरागढ़-छुईखदान-गंडई में स्थित भूमि खसरा नंबर 423/2 रकबा 0.465 हेक्टेयर को पारिवारिक आवश्यकता की पूर्ति हेतु रकम की आवश्यकता होने पर उक्त भूमि गैर आदिवासी प्रस्तावित क्रेता कमलेश पिता एनेन्द्र सिंह निवासी रेवाडीह वार्ड नं. 21 राजनांदगांव के पास विक्रय किये जाने अनुमति हेतु आवेदन पत्र कलेक्टर महोदय खैरागढ़ समक्ष प्रस्तुत किया है जो अनुविभागीय अधिकारी महोदय (रा.) खैरागढ़ के माध्यम से जांच कर स्पष्ट प्रतिवेदन दिये जाने इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

उपरोक्तानुसार आवेदक के नाम व स्वामित्व की भूमि खसरा न. 423/2 रकबा 0.465 हेक्टेयर भूमि को आदिवासी से गैर आदिवासी कमलेश पिता एनेन्द्र सिन्हा निवासी रेवाडीह वार्ड नं. 21 राजनांदगांव विक्रय किये जाने में जिस किसी को कोई दावा/आपत्ति प्रस्तुत करनी हो वे पेशी दिनांक 11-10-2024 तक प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 11.09.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।
जारी दिनांक 11.09.2024
पेशी दिनांक 11.10.2024

**नायब तहसीलदार, खैरागढ़**

### न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) डोंगरगढ़, राजनांदगांव (छ.ग.)
### ईश्तहार

रा.प्र.क्र.202508092/000/2.
अ/2 वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक गंगाधर साहू पिता लखनलाल साहू उम्र 39 वर्ष निवासी ग्राम कन्हारगांव, तहसील डोंगरगढ़ जिला-राजनांदगांव (छ.ग.) द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है जिसमें लेख किया गया है कि आवेदक के स्वामित्व एवं आधिपत्य में ग्राम कन्हारगांव, पटवारी हल्का नम्बर 2. रा.नि.मं. मोहारा, तहसील डोंगरगढ़, जिला-राजनांदगांव (छ.ग.) में खसरा नम्बर 753 रकबा 0.0450 हेक्टेयर भूमि स्थित है। उक्त भूमि खसरा नम्बर 753 रकबा 0.0450 हेक्टेयर भूमि को आवास निर्माण प्रयोजन हेतु व्यपवर्तित किये जाने बाबत् छ.ग.भू.रा. संहिता की धारा 172 के तहत् निवेदन किया गया है।

अतएव उक्त भूमि के व्यपवर्तन किये जाने में किसी को कोई दावा, उजर आपत्ति हो तो वह पेशी दिनांक 09/09/2024 तक स्वयं उपस्थित होकर इस न्यायालय में मेरे समक्ष पेश कर सकते है, नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 14/08/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।
मो.नं.-8839281308

**अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) डोंगरगढ़**

# अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस 1 अक्टूबर को

राजनांदगांव (दावा)। वरिष्ठ नागरिकों की सुरक्षा, संरक्षण तथा सम्मान के प्रति समाज में सकारात्मक वातावरण विकसित करने के उद्देश्य से प्रतिवर्षानुसार 1 अक्टूबर को अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के रूप में मनाया जाएगा।

इस अवसर पर वरिष्ठ नागरिकों के कल्याणार्थ कार्यरत शासकीय एवं अशासकीय संस्थाओं के सहयोग से वरिष्ठ नागरिकों के लिए सम्मान समारोह, कार्यशाला, सेमीनार, जागरूकता शिविरों सहित अन्य विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

# छह घंटे की मेगा बिजली गुल न लोगों को किया परेशान

**0 उमस भरी भीषण गर्मी में पसीने से तर-बतर हुए लोग**
**0 खेतों को पानी देने के समय बोर-मोटर बंद, किसान हो रहे परेशान**
**0 नलों में भी शाम को नहीं आया पानी**

राजनांदगांव (दावा)। शहर से लेकर पूरे जिले भर में विद्युत कटौती का खेल, द्रुतगति से जारी है। कमी मेंटनेस के नाम पर तो कभी किसी पेड़ की डंगाली विद्युत तार से टकराने के नाम पर या कभी और कुछ मामले को लेकर दो-दो, तीन-तीन घंटे विद्युत प्रवाह बंद किए जाने का दस्तुर पिछले कई महिने से बना हुआ है। शहर से लेकर गांव-देहातों तक रोजाना अप-डाउन की समस्या से लेकर बात-बेबात पर बिजली गुल की समस्या खत्म होने का नाम नहीं ले रही है। इस समस्या का चरमोत्कर्ष रूप रविवार 22 सितम्बर को देखने मिला।

हालांकि कि विद्युत अवरोध की सूचना बिजली विभाग वालों ने पहले से दे दी थी। लेकिन उसका क्या जब क्वांर मास की तेज धूप व उमस भरी चिपचिपी गर्मी बगैर पंखे कुलर एसी के लोगों को पसीने से तर-बतर कर दे।

बता दें कि बिजली वालों ने ऐसे माहौल में शहर से लेकर गांव-देहातों तक पांच घंटे की एक साथ बिजली गुलकर अब तक के सबसे ज्यादा समय का रिकार्ड तोड़ दिया। जबकि उर्जा सचिव एवं छत्तीसगढ़ पावर कंपनीज के अध्यक्ष पी दयानंद ने बिजली विभाग के मैदानी अमले को त्वरित गति से उपभोक्ताओं की समस्यायों का निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। विद्युत आपूर्ति में गड़बड़ी पर अफसरों की जिम्मेदारी तय होगी कहा है इसके बावजूद विद्युत अवरोध वह जब-तब बिजली गुल की समस्या बनी हुई है।

रविवार को शहर सहित लगभग पूरे जिले भर में ऐसे समय दिन में 11 बजे से लेकर अपरान्ह 4 बजे तक बिजली गुल हुआ जब क्वांर मास की तेज धुप व चिपचिपी गर्मी के चलते लोग पसीने से तर-बतर हो रहे है। ऐसे समय में दिन में 5 घंटे तक बगैर बिजली के पंखे-कुलर, एसी के बिना रहना लोगों को जेल खटना जैसे साबित हुआ है। पसीने से बेहाल लोगों द्वारा बिजली विभाग के अधिकारियों से संपर्क करने का प्रयास किया गया। लेकिन उन लोगों ने जवाब देने से बचने के लिए अपनी मोबाइलें बंद कर रखी थी।

### छुट्टी का दिन बिजली गुल की चढ़ा भेंट

चूंकि रविवार होने के कारण हाली-डे में लोग दसियों तरह के कार्यक्रम बनाते है। कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। एन कार्यक्रम के समय 11 बजे से चार बजे तक विद्युत प्रवाह बाधित रहने के कारण न तो किसी प्रकार का कार्यक्रम हो पाया और न लोग गर्मी के चलते ठीक से छुट्टी के दिन का मजा ले पाए।

बिजली विभाग द्वारा अति उच्च दाब स्टेशन में आवश्यक रख रखाव कार्य किए जाने हेतु की गई लगभग 5 घंटे के लिए बिजली बंद से लोगो को चिपचिपी गर्मी व उमस से जूझना पड़ा। खासकर छोटे-बच्चों से लेकर वृद्ध जन काफी परेशान हुए। वहीं मौसम आए तब्दीली की वजह से बीमार हुए लोगों को बिजली गुल होने बगैर पंखा कुलर व ऐसी के बैचनी में दिन गुजारना पड़ा। चार बजे के बाद बिजली आने पर ही उन्हे राहत मिल पाई।

### बिजली कटौती से लोग परेशान

बता दे कि प्रदेश में सरप्लस बिजली उत्पादन होता है। यहां तक कि उसे दूसरे प्रदेशों में भी बेची जाती है। इसके बाद भी आए दिन बिजली कटौती लोगों की समझ से परे नजर आ रहा। कोई ऐसा दिन नहीं होगा जिस दिन घंटे 5 मिनट,10 मिनट के लिए बिजली गुल नहीं हुई हो। अप-डाउन की समस्या तो हर वक्त बनी रहती है। बार-बार की बिजली गुल से परेशान डोंगरगांव, अर्जुनी आदि क्षेत्र के लोगों ने गत दिनों गृह मंत्री एवं जिले के प्रभारी डिप्टी चीफ मिनिस्टर विजय शर्मा से शिकायत की थी। उन्होंने अर्जुनी क्षेत्र के ईई. को बुलाकर डांट पिलाई थी उसके बाद भी बिजली बंद होने की समस्या कम नहीं हुई है। रविवार 22 सितम्बर की बिजली गुल का असर व्यापक रहा।, मानपुर-मोहला, अं. चौकी जिले में 11 बजे से पांच बजे तक बिजली गुल रही वही राजनांदगांव शहर से लेकर आसपास के गांव-देहात क्षेत्रों में लगभग 13-14 कि.मी. के दायरे में 33/11 केव्ही उपकेन्द्र से निकलने वाली सभी 11 केव्ही लाईन बंद रही। राजनांदगांव शहर के इडिस्ट्रीयल ऐरिये के अलावा 132/33 केव्ही अमलीडीह डोंगरगांव से निकलने वाली 33 केव्ही फीडर से इस क्षेत्र के इण्डिस्ट्रीयल क्षेत्र व सुखानाला सोलर वाले इलाके सहित मानपुर-मोहला, चौकी तक का एरिया प्रभावित रहा। लगभग दिन भर बिजली गुल होने से लोग उमस भरी गर्मी से जूझते रहे। पसीने से तरबतर होते रहे। लेकिन कौन पूछने वाला है कि आए दिन विभिन्न कारणों से बिजली गुल होने की समस्या कब खत्म होगी। हम सरप्लस बिजली की उत्पादन वाला प्रदेश होकर भी बिजली गुल व बिजली कटौती के कब तक सहते रहेंगे? इसका जवाब न तो नेता-मंत्रियों के पास है और न विद्युत संधारकों, पारेशन कम्पनी के पास और न विद्युत अभियंताओं के पास है। बहरहाल क्वांर माह के उमस भरी भीषण चिपचिपी गर्मी के दिनों में बगैर पंखा, कूलर व एसी के पसीने से तरबतर होते हुए जूझना नियति बन गई है। इधर विपक्ष वाले भी आए दिन की बिजली गुल समस्याओं से आंखे मूंदे बैठे हुए लोगों का तमाशा देख रहे है।

## करियाटोला नहर नाली के पास घेराबंदी कर शराब रेड कार्यवाही



**आबकारी एक्ट के तहत एक को भेजा गया जेल**

डोंगरगांव (दावा)। थाना क्षेत्र डोंगरगांव करियाटोला के नहर नाली के समीप अवैध शराब ब्रिकी पर रेड कार्यावाही कर एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। थाने से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक राजनादगांव मोहित गर्ग के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुलदेव शर्मा तथा पुलिस अनु.अधि. डोंगरगांव दिलीप सिंह सिसोदिया राजनादगांव के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी डोंगरगांव व निरीक्षक उपेन्द्र कुमार शाह के नेतृत्व में थाना डोंगरगांव क्षेत्रों में जुआ, शराब, चोरी के गतिविधियों पर लगातार निगरानी रखी जा रही है।

इसकी क्रम में 21 सितम्बर 24 को एक व्यक्तिद्वारा करियाटोला रोड नहर नाली के पास शराब बिक्री करने की मुखबीर से प्राप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने घेराबंदी कर रेड कार्यवाही किया गया, जिसमें आरोपी धनराम पटेल पिता सियाराम पटेल, उम्र 45 साल, पता वार्ड नं. 15 शिक्षक कालोनी, डोंगरगांव को शराब बिक्री करते रंगे हाथों पकड़ा गया व उसके कब्जे से कुल 38 पौवा देशी प्लेन(युनिक) कीमत 3420 रूपये को आबकारी एक्ट की धारा 34(2) के तहत जप्त किया गया। आरोपी का जुर्म अजमानतीय है और 22 सितम्बर को न्यायालय ज्युडिशियल रिमांड पर पेश किया गया है।

## शकील रिजवी ने जिला कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग की कार्यकारिणी गठित की

**3 ब्लॉक अध्यक्ष, 1 कोषाध्यक्ष, 6 उपाध्यक्ष,12 महासचिव, 15 सचिव के साथ अपनी टीम का एलान**



राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के प्रभारी मो. गुलाब और रंजीत सिंह साथ ही प्रदेश अध्यक्ष अमीन मेमन की मंजूरी के बाद अल्पसंख्यक विभाग राजनांदगांव के जिलाध्यक्ष शकील रिजवी ने हाल ही में अपनी नई कार्यकारिणी की घोषणा की है। इस नई टीम 3 ब्लॉक अध्यक्षों के साथ ब्लाक अध्यक्ष निक्कू भाटिया (डोंगरगढ़ ब्लॉक), सोनू खान (छुरिया ब्लॉक), रफीक खान (डोंगरगांव ब्लॉक), कोषाध्यक्षगण मोहम्मद जैश रजा (पप्पू खान), उपाध्यक्षगण सारांश अजमानी, जावेद अंसारी, शेख समीर, नेल्सन मसीह, सैयद हाशिम अली, शादाब अली महामंत्रीगण मोहर्रम अली अंसारी, रमिंदर सिंह भाटिया, इरफान हनफी, मुहम्मद उमर सिद्दीकी (शानू), नासिर खान, इदरीस सोलंकी, शेख सुहैल, फिरोज यासिनी, दानिश खान, जमील खान, ताहिर जोया, प्रशांत बालाधरे सचिवगण तनवीर सिद्दीकी, बख्तावर खान, शफीक खान, वकार खान, फैजल जोया, कय्यूम खान, जॉन बेहरा, निजामुद्दीन खान, रियाज़ चौहान, अब्दुल खान, मजहर खान, आफताब खान, अहमद रज़ा, सलमान ख़ान, शादाब खान शामिल हैं। यह नई कार्यकारिणी कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के लिए एक नए युग की शुरुआत करने के लिए तैयार है, और शकील रिजवी के नेतृत्व में यह टीम अल्पसंख्यक समुदाय के हितों की रक्षा और उनके विकास के लिए काम करेगी।

## भाजपा शासन में बढ़ रहा अपराधों का ग्राफ - महेंद्र यादव

**लोहारीडीह कवर्धा कांड से भाजपा के खिलाफ जन आक्रोश**



राजनांदगांव (दावा)। जिला पंचायत सदस्य व कांग्रेस के युवा नेता महेंद्र यादव ने कहा कि छत्तीसगढ़ प्रदेश में भाजपा शासन के 9 महीने में ही गुंडाराज कायम हो गया है। अपराध तेजी से बढ़ रहे हैं इस वजह से भाजपा पर से आम आदमी का भरोसा उठ गया है उन्होंने कबीरधाम जिले लोहारीडीह गांव के युवक प्रशांत साहू को पुलिस कस्टडी में बर्बरतापूर्वक मारा गया। इतना मारा गया की उसके प्राण निकल गए। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को और गृहमंत्री विजय शर्मा को तत्काल पद से इस्तीफा देना चाहिए। एक निकम्मा गृहमंत्री जिसके गृह जिला और विधानसभा क्षेत्र में एक युवक पुलिसिया बर्बरता का भेंट चढ़ गया जो कि घोर निंदनीय है।

श्री यादव ने आगे कहा कि प्रदेश के गृह मंत्री एवं उपमुख्यमंत्री तथा राजनांदगांव जिले के प्रभारी मंत्री विजय शर्मा उनके राज में पूरे प्रदेश में अत्याचार की अनेक घटनाएं सामने आ चुकी है।

भाजपा के इस तरह से अत्याचार के खिलाफ पूरे प्रदेश की जनता मे भारी आक्रोश व्याप्त है। सत्ता पार्टी के भाजपा के दबाव में आकर पुलिस जो अत्याचार कर रही है वह निंदनीय है। ऐसी स्थिति में विजय शर्मा को नैतिकता के नाते अपने सभी पदों से इस्तीफा दे देना चाहिए। उन्होंने इसके अनेक उदाहरण दिए हैं ताजा घटनाक्रम कबीरधाम जिले के लोहारीडीह गांव का देते हुए कहा कि वहां पुलिस बर्बरता की जो तस्वीर और कहानी सोशल मीडिया पर वायरल हुई है। वह रूह काप देने वाली है।

जनता देख रही है समझ रही है भाजपा शासन में कानून व्यवस्था चरमरा गई है। आम जनता देख रही है सुन रही है। आने वाले नगरीय निकाय चुनाव में उसके बाद पंचायती राज त्रिस्तरीय चुनाव में भाजपा को इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा।

## नक्सल पीड़ित परिवारों के साथ बैठक कर समस्या का निराकरण करने सौंपा गया ज्ञापन



**नक्सल पीड़ित धीरेंद्र साहू के नेतृत्व में पीड़ित परिवार ने उपमुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन**

डोंगरगढ़(दावा)। डोंगरगढ़ विकासखंड के ग्राम सेंदरी निवासी नक्सल पीड्ति परिवार के सदस्य धीरेन्द्र कुमार साहू के नेतृत्व में प्रदेश के नक्सली पीड़ित परिवार के परिजन अपनी विभिन्न समस्याओं को लेकर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा से चर्चा करना चाहते हैं। जिसे लेकर नक्सली पीड़ितों का प्रतिनिधिमंडल लगातार शासन प्रशासन के माध्यम से पत्र व्यवहार कर रहा है। ताकि तय समय के पूर्व उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा से सार्थक चर्चा हो सके और समस्या का समाधान हो जाए।

इसे लेकर नक्सल पीड़ित परिवारों के प्रतिनिधि मंडल ने गत दिनों उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के नाम रायपुर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा था। ज्ञापन में कहा गया है की, हम सभी लोग नक्सल पीड़ित परिवार से हैं। हम जिला कांकेर, कोंडागांव, नारायणपुर, बीजापुर, धमतरी, सुकमा, जगदलपुर, दंतेवाड़ा, बस्तर, खैरागढ़, मानपुर, व राजनांदगांव के निवासी हैं। हम पीड़ित परिवारों को केंद्र और राज्य शासन द्वारा बनाई गई पुनर्वास नीति का लाभ नहीं मिल रहा है. इस संबंध में पीड़ित परिवारों द्वारा मुख्यमंत्री, गृहमंत्री को ज्ञापन सौंपकर प्रदेश के पीड़ित परिवारों के साथ मीटिंग करके समस्या सुनने व नक्सल पुनर्वास नीति में संशोधन कर पीड़ित परिवारों की मांगो को शामिल करने का निवेदन किया गया है। मुख्यमंत्री, गृहमंत्री से निवेदन करते है की प्रदेश के नक्सल पीड़ित परिवारों के साथ बैठक करके पीडितो की समस्या को सुनकर तत्काल निराकरण करने व पीड़ित परिवारों की मांगो को पुनर्वास नीति में शामिल करने की कृपा करें।

### विभिन्न मांगों के निराकरण के लिए संघर्ष कर रहे हैं नक्सल पीड़ित परिवार के सदस्यगण

ज्ञापन में मांग की गई है कि, नक्सल पीड़ित परिवारों को जमीन के बदले जमीन दिया जाये। स्थानीय स्तर पर नक्सल पीड़ित परिवारों को पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रमाण पत्र दिलवाया जाए। नक्सल पीडित परिवार जीवन यापन करने के लिए शासन द्वारा योग्यतानुसार नौकरी दिया जाये। नक्सल पीड़ित परिवार प्रदेश स्तर पर योजना के तहत पर लाभ दिया जाये। नक्सल पीड़ित बेरोजगार को योजना के तहत अनुदान लोन दिया जाये।

## कमिश्नर महादेव कावरे ने किया जिला कार्यालय सहित एसडीएम एवं तहसील कार्यालय का आकस्मिक निरीक्षण



**खनिज शाखा के लेखापाल को कारण बताओ नोटिस जारी, कार्यालय जिला पंचायत को 3 दिन के भीतर कैश बुक पूर्ण करने के दिए निर्देश**

बलौदाबाजार (दावा)। कमिश्नर रायपुर महादेव कावरे ने आज पहली दफा यहां जिला कार्यालय सहित एसडीएम, तहसील एवं जिला पंचायत कार्यालय का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने बलौदाबाजार जिले के बचे हुए भू-अभिलेख के रिकार्ड जल्द पुराने जिले रायपुर से यहां भिजवाने का भरोसा दिलाया है, भू-अभिलेख शाखा के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर दीपक सोनी ने उनका ध्यान इस ओर आकृष्ट कराया।

श्री कांवरे ने लगभग घण्टे भर तक जिला कार्यालय की विभिन्न शाखाओं और कार्यालयों के काम-काज का अवलोकन किया। उन्होंने सरकारी अभिलेखों का व्यवस्थित और सुरक्षित तरीके से रख-रखाव करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि जिला कार्यालय को अन्य कार्यालयों के लिए आदर्श होने चाहिए। उन्होंने वित्त शाखा,भू-अभिलेख, शिकायत शाखा, उद्योग विभाग, नजारत शाखा, खनिज शाखा, महिला एवं बाल विकास, खाद्य, आदिवासी विकास, आबकारी, श्रम, उद्यानिकी, सांख्यिकीय, समाज कल्याण, रिकार्ड रूम अपर कलेक्टर कक्ष सहित अन्य कई कार्यालयों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान खनिज शाखा के लेखापाल कामता प्रसाद बंजारे द्वारा रिकार्ड दुरुस्त एवं कैश बुक के संधारण नही करने पर कारण बताओं नोटिस दिया गया है। इसी तरह कार्यालय जिला पंचायत में निरीक्षण के दौरान अधूरे कैश बुक संधारण पर नाराजगी जताते हुए तीन दिवस के भीतर ही कैश बुक पूर्ण कर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए है। इसके साथ ही कावरे ने कर्मचारियों के नेम प्लेट एवं उनके शाखा के नाम नहीं लिखने पर कड़ी नाराजगी जताते हुए तीन दिवस के भीतर ही समस्त कार्यालयों में कर्मचारियों के बैठने के स्थान पर नेम प्लेट लगाने के निर्देश संबंधित विभागों के जिला अधिकारियों को दिए है साथ ही साथ लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत आने वाले विभागों को कार्यालय के सामने डिस्प्ले बोर्ड लगाने के निर्देश दिए हैं।इस दौरान उन्होंने अनुविभागीय राजस्व अधिकारी कार्यालय और तहसील कार्यालय का भी निरीक्षण किया। इस अवसर पर संयुक्त आयुक्त श्रीमती सरिता तिवारी, जिला पंचायत सीईओ दिव्या अग्रवाल, अपर कलेक्टर दीप्ति गौते, एसडीएम अमित गुप्ता लेखाधिकारी पूजा रानी सोरी, अधीक्षक एम.एम.टाण्डेय सहित विभागीय वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## प्रदेश बास्केटबॉल संघ का चुनाव संपन्न : प्रबंधकारिणी समिति भंग, नए पदाधिकारियों की हुई नियुक्ति

**पीताम्बर गुप्ता अध्यक्ष एवं महासचिव सुमित उपाध्याय बने**



रायपुर (दावा)। छत्तीसगढ़ प्रदेश बाकेटबॉल संघ की प्रबंध कार्यकारिणी की बैठक दिनांक 22 सितंबर को होटल वेंकटेश इंटरनेशनल, रायपुर में आयोजित की गई। जिसमें प्रदेश कार्यकारिणी के साथ-साथ विभिन्न जिला संघों के पदाधिकारियों व सदस्य भी उपस्थित रहे।

बैठक के एजेंडे में प्रदेश संघ की महासचिव के निधन के पश्चात रिक्त पद के पूर्ति तथा नवीन प्रबंधकारिणी के गठन एवं प्रत्येक जिला, नगर निगम एवं संस्थान को मान्यता देने को सम्मिलित किया गया था। समस्त उपस्थित सदस्यों के सहमति से पुरानी प्रबंधकारिणी समिति को भंग करके नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष पद हेतु पीताम्बर गुप्ता एवं महासचिव पद हेतु सुमित उपाध्याय के नाम का प्रस्ताव अनिल पुसदकर ने रखा, जिसे सभी सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से पारित किया गया। आज के बैठक में छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष अमर परवानी, नरेश डाकलिया, अनिल पुसदकर, प्रमोद सिंह, राजेश पाण्डेय, आनंद सिंह, उमेश सिंह ठाकुर, राजेश प्रताप सिंह, आलोक गुप्ता, नमिताभ जैन, इकबाल अहमद, नुरेन चंद्राकर, राजेन्द्र तम्बोली, वरिष्ठ एनआईएस कोच सुधीर राजपाल, प्रीतम दास, विष्णु पाण्डेय, वीरेन्द्र देशमुख एवं विभिन्न जिलों से प्रतियूश नेमी, अमित तिवारी, हुमन राम यदु, सुनील नायक, देवेन्द्र महानंद, अंतर्राष्ट्रीय बास्केटबॉल खिलाड़ी लुमेंद्र साहू, अंजू जोशी, अतुल मिश्रा, रघुनाथ मुखर्जी, नलिन शर्मा, अब्बाश आलम, राघव पाण्डेय आदि उपस्थित थे।

## फेसबुक, इंस्टाग्राम और व्हाट्सएप को लेकर नए आदेश जारी, आयोग हुआ सख्त

नई दिल्ली। राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष प्रियंक कानूनगों ने बच्चों और बाल अधिकारों से संबंधित मुद्दों को लेकर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के साथ एक बैठक की, जिसमें बच्चों और बाल अधिकारों से जुड़े मुद्दों को लेकर कुछ निर्देश जारी किए गए। राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष प्रियंक कानूनगों ने गूगल, यूट्यूब, मेटा (फेसबुक, इंस्टाग्राम और व्हाट्सएप), एक्स, स्नैपचैट, शेयरचैट, रेडिट और बम्बल सहित सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को निर्देश जारी किए। उन्होंने एक बयान में बताया कि बच्चों की उम्र सत्यापन के लिए एक प्रणाली बनाने, प्लेटफार्म द्वारा उपयोग किए जाने वाले सुरक्षा उपकरण को मजबूत करने, सीएसएएम का पता लगाने और रिपोर्ट करने जैसे मुद्दों पर सहमति बनी है। आगे कहा गया, कानून प्रवर्तन एजेंसियों का समर्थन, डीप फेक और प्रीडेटर्स का पता लगाने के लिए उपकरण, पीड़ति की गोपनीयता को बरकरार रखने के लिए जरूरी उपाय, लापता और शोषित बच्चों के लिए राष्ट्रीय केंद्र (एनसीएमईसी) को रिपोर्ट करने के लिए मानकों के पालन पर भी सहमति बनी है। राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने सीपीसीआर अधिनियम, 2005 की धारा 13 के तहत सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को आवश्यक कार्रवाई के लिए कुछ सिफारिशें भी की हैं। उन्होंने कहा, सोशल मीडिया प्लेटफार्मों को नाबालिगों के साथ अनुबंध करने की अनुमति उनके माता-पिता या कानूनी अभिभावकों से सहमति मिलने के बाद दी जानी चाहिए। साथ ही सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को पॉक्सो अधिनियम की धारा 11 और किशोर न्याय अधिनियम की धारा 75 का हवाला देते हुए किसी भी एडल्ट सामग्री को दिखाने से पहले अंग्रेजी, हिंदी और स्थानीय या क्षेत्रीय भाषाओं में डिस्क्लेमर जारी करना चाहिए। इनमें माता-पिता को चेतावनी दी जानी चाहिए कि यदि बच्चा उपरोक्त कानूनी प्रावधानों के तहत एडल्ट सामग्री देखता है तो उन्हें जिम्मेदार ठहराया जा सकता है। बयान में आगे कहा गया, एनसीएमईसी के साथ एक डाटा को साझा करें, जिसके तहत सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म जनवरी 2024 से जून 2024 की अवधि के लिए नेशनल सेंटर फॉर मिसिंग एंड एक्सप्लॉइटेड चिल्ड्रन (एनसीएमईसी) को प्रस्तुत किए गए कुल केसों का डाटा मुहैया कराएं।

## पिटती पत्नी, बिकते जेवर : बदल शराबी अपने तेवर - हरिश गांधी



राजनांदगांव (दावा)। विगत दिनों भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा को लेकर पवन राजोरिया देव संस्कृति विश्वविद्यालय हरिद्वार के साथ हरीश गांधी द्वारा कमला कॉलेज एवं दिग्विजय कॉलेज का भ्रमण कर बच्चों से बात की और बच्चों को मानव जीवन की गरिमा से अवगत कराया गया नशे से दूर रहने का आग्रह किया गया। माता-पिता साक्षात भगवान है, इनका सम्मान हम सब जरुर करने कहा।

अपने वक्तव्य में श्री रजुरिया ने विद्यार्थी के पांच लक्षण बताएं काग चेष्टाओं को ध्यान स्वान निद्रा, तथेव च अल्पाहारी गृह त्याग एवं विद्यार्थी पंच लक्षणम्। गायत्री परिवार के जिला व्यसन मुक्ति प्रभारी हरीश गांधी ने बच्चों को संकल्प कराया। पिटती पत्नी, बिकते जेवर, बदल शराबी अपने तेवर सिगरेट पी के खास रहा है। मौत के आगे नाच रहा है बीड़ी, सिगरेट, शराब, तंबाकू तन-मन-धन की यह सब डाकू इन सब बुरी चीजों से बच्चों को बचाने का संकल्प कराया और अपने पांच लोगों को भी इस बुरी चीजों से बचने के लिए प्रेरित करने का आग्रह किया। भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा जो कि 19 अक्टूबर को होगा देश में लाखों बच्चे इस परीक्षा में भाग लेते है, जिन्हें हरिद्वार से सर्टिफिकेट मिलता है। भूख न लगने पर खाने को विकृति कहते हैं। भूख लगने पर खाने को प्रकृति कहते हैं। स्वयं भूखे रहकर दूसरे को खिलाने को भारतीय संस्कृति कहते हैं। देव संस्कृति की गरिमा से हरीश गांधी ने सभी बच्चों को अवगत कराया। शुरुआत में डफली के माध्यम से हरीश गांधी ने गीत दिया। जीवन में कुछ करना है तो मन को मारे मत बैठो आगे, आगे बढ़ाना है तो हिम्मत मत हारो। इस अवसर पर कमला कॉलेज के प्राचार्य आलोक मिश्रा एवं दिग्विजय कॉलेज में प्राचार्य डॉ. अंजना ठाकुर उपस्थित थी।

## अनमोल दावा

> जीवन में एक छोटा सा फैसला भी आपको बहुत आगे या पीछे ला सकता है।

# बतौर मुख्यमंत्री क्या आतिशी अपनी अलग पहचान बना पाएंगी?



**दिलनवाज़ पाशा**

आम आदमी पार्टी की अतिशी ने शनिवार को दिल्ली की आठवीं और सबसे युवा मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली.उनके साथ गोपाल राय, कैलाश गहलोत, सौरभ भारद्वाज, इमरान हुसैन और मुकेश अहलावत ने भी मंत्री पद की शपथ ली.दिल्ली के सेंट स्टीफंस कॉलेज और ब्रिटेन की ऑक्सफ़ोर्ड यूनिवर्सिटी से पढ़ाई पूरी करने वाली 43 साल की आतिशी दिल्ली की तीसरी महिला मुख्यमंत्री बनी हैं.आतिशी 2013 में आम आदमी पार्टी में शामिल हुई थीं. अरविंद केजरीवाल और पंजाब के सीएम भगवंत सिंह मान के बाद वो पार्टी की तीसरी मुख्यमंत्री हैं.दिल्ली में बतौर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के 11 साल के कार्यकाल के बाद अब आतिशी ने कमान संभाली है.ऐसे में ये सवाल उठ रहा है कि क्या आतिशी, अरविंद केजरीवाल की मौजूदगी में अपने लिए अलग जगह बना पाएंगी और संकट का सामना कर रही आम आदमी पार्टी में नई जान डाल पाएंगी.दिसंबर 2013 में जब अरविंद केजरीवाल मुख्यमंत्री बने थे तब वो 45 साल के थे और राजनीति में नए थे. आतिशी भले ही उनसे युवा हैं, लेकिन सीएम पद तक पहुंचने से पहले उन्होंने राजनीति में लंबा अनुभव हासिल किया है.एक कार्यकर्ता के रूप में पार्टी में शामिल हुई आतिशी ने लंबे समय तक पूर्व उप-मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के साथ मिलकर काम किया. उन्होंने दिल्ली की शिक्षा नीति के अलावा पार्टी का मेनिफ़ेस्टो निर्धारित करने में भी अहम भूमिका निभाई.

दो साल पहले जब कथित शराब घोटाले में आम आदमी पार्टी घिरी और एक के बाद एक पार्टी नेता जेल गए, तब अरविंद केजरीवाल ने सरकार चलाने के लिए आतिशी पर ही भरोसा किया.मनीष सिसोदिया की ग़ैर-मौजूदगी में उन्होंने शिक्षा मंत्रालय संभाला. इसके अलावा उनके पास चौदह और मंत्रालय और विभाग थे. आतिशी अब तक विवादों से दूर रही हैं और उनकी छवि एक साफ़ नेता की है. उन पर कोई सीधा आरोप भी नहीं हैं.

एक सवाल ये भी है कि आतिशी का मुख्यमंत्री बनना आम आदमी पार्टी को किस तरह से प्रभावित कर सकता है.एक महिला चेहरे के रूप में आतिशी पार्टी में नई जान डाल सकती हैं. आतिशी को मुख्यमंत्री बनाने को अरविंद केजरीवाल के एक रणनीतिक क़दम के रूप में भी देखा जा रहा है.विश्लेषकों का मानना है कि आतिशी को आगे लाने का एक मक़सद पार्टी की छवि को सुधारना भी हो सकता है. आम आदमी पार्टी इस समय कथित शराब नीति घोटाले में फंसी हैं.भ्रष्टाचार के ख़िलाफ़ आंदोलन से राजनीति में आए अरविंद केजरीवाल और पार्टी के कई और संस्थापक नेता कथित भ्रष्टाचार के आरोप में जेल जा चुके हैं. ऐसे में पार्टी के वो मूल सिद्धांत या आधार स्तंभ ही सवालों में घिर गए हैं जिन पर पार्टी टिकी है.विश्लेषक मानते हैं कि आतिशी को लाने का मक़सद पार्टी की छवि को फिर से सुधारना भी हो सकता है.ा भले ही मुख्यमंत्री बन गई हैं लेकिन वो अरविंद केजरीवाल की परछाईं में ही काम करेंगी.मुख्यमंत्री बनने के बाद आतिशी ने अपने पहले बयान में पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल की ईमानदारी के कसीदे पढ़े.उन्होंने कहा, ÷अरविंद केजरीवाल ने देश की राजनीति में ईमानदारी और नैतिकता की मिसाल कायम करते हुए अपने पद से इस्तीफ़ा दे दिया. उन्होंने कहा कि सिर्फ अदालत का फ़ैसला काफ़ी नहीं है, मैं जनता की अदालत में जाऊंगा और जब तक जनता मेरी ईमानदारी पर मुहर नहीं लगाएगी, मैं पद पर वापस नहीं लौटूंगा. मुख्यमंत्री बनने के बाद अपने पहले संबोधन में आतिशी ने कहा, ÷इस देश के इतिहास में, बल्कि इस दुनिया की राजनीति के इतिहास में ईमानदारी और नैतिकता की जो मिसाल अरविंद केजरीवाल ने पेश की है, वो शायद ही किसी और ने पेश की हो.आम आदमी पार्टी ने अक्तूबर-नवंबर में चुनाव कराने की मांग की है लेकिन अपने पहले बयान में आतिशी ने संकेत दिए कि उनकी सरकार फ़रवरी तक का अपना कार्यकाल पूरा करेगी.आतिशी ने कहा, ÷अरविंद केजरीवाल को फिर से फरवरी में होने वाले चुनाव में मुख्यमंत्री बनाना है.÷

आतिशी और पार्टी के बाक़ी नेताओं के बयानों से ये बिलकुल स्पष्ट है कि भले ही सीएम के पद पर आतिशी बैठें, दिल्ली में सरकार अरविंद केजरीवाल के ही इशारों पर चलेगी.आतिशी ने दिल्ली की जनता को आम आदमी पार्टी सरकार के काम भी याद दिलाये और ये डर भी दिखाया कि अगर फिर से उनकी पार्टी की सरकार नहीं आई तो लोगों को मिलने वाली सुविधाएं बंद हो सकती हैं.आतिशी ने कहा, ÷जो फ्री बिजली आज दिल्लीवालों को मिल रही है, बीजेपी उसे ख़त्म कर देगी. जो सरकारी स्कूल अरविंद केजरीवाल ने सुधारे हैं, वो फिर से बदहाल हो जाएंगे, महिलाओं की फ्री बस यात्रा बंद हो जाएगी, अस्पतालों में फ्री इलाज बंद हो जाएगा.अगर आतिशी फ़रवरी तक दिल्ली सरकार चलाती हैं तो उनके पास क़रीब पांच महीने का कार्यकाल होगा. यानी उनके पास काम करने के लिए बहुत लंबा वक़्त नहीं हैं.

आतिशी अभी तक बेदाग़ हैं. उनकी छवि एक पढ़ी लिखी नेता की है. वरिष्ठ पत्रकार शरद गुप्ता कहते हैं, ÷आतिशी की साफ़ और बेदाग़ छवि से पार्टी उस नकारात्मक प्रचार का जवाब देने की कोशिश कर रही है जिसमें हाल के सालों में पार्टी घिर गई है. विश्लेषक ये भी मान रहे हैं कि आतिशी को महिला होने की वजह से भी मुख्यमंत्री बनाया गया है और वो महिलाओं को पार्टी की तरफ़ खींचने में कारगर साबित हो सकती हैं. शरद गुप्ता कहते हैं, आतिशी अपनी क्षमता को साबित कर चुकी हैं, दिल्ली में शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र में जो काम हुआ है उसका ज़मीनी काम आतिशी ने ही किया था. एक महिला होने के नाते वो आधी आबादी को पार्टी की तरफ़ आकर्षित कर सकती हैं. आतिशी दिल्ली में ही पली-बढ़ी हैं जबकि पार्टी के कई बड़े नेता दिल्ली के बाहर पैदा हुए और फिर उन्होंने राष्ट्रीय राजधानी को अपनी कर्मभूमि बनाया. शरद गुप्ता कहते हैं, आतिशी का बचपन दिल्ली में ही बीता है, उनके परिजन यहीं शिक्षण कार्य करते थे, वो बाक़ी नेताओं के मुक़ाबले दिल्ली को और बेहतर समझती हैं. क्या अगली पंक्ति के नेताओं पर ज़ोर दे रही है पार्टी?

हालांकि, ये भी सच है कि मुख्यमंत्री के तौर पर आतिशी के पास बेहद छोटा कार्यकाल है और विश्लेषक ये भी मानते हैं कि आतिशी के लिए अपनी क्षमताओं को साबित करने के लिए ये वक्त शायद पर्याप्त न हो. 2018 में जब सुषमा स्वराज दिल्ली की मुख्यमंत्री बनीं थीं, तब दिल्ली प्याज़ की बढ़ती क़ीमतों के संकट से जूझ रही थी. जब चुनाव हुए तो बीजेपी बुरी तरह से चुनाव हार गई. आतिशी के सामने भी ऐसी ही स्थिति है, उसका कार्यकाल बहुत छोटा है. लेकिन विश्लेषक ये मानते हैं कि अब दिल्ली की परिस्थिति पुराने हालात से बेहद अलग है.

## संभव हैं एक साथ चुनाव, दलगत राजनीतिक हितों से ऊपर उठने की मांग करता है विचार

केंद्रीय कैबिनेट ने एक साथ चुनाव कराने के विचार पर अमल करने की दिशा में आगे बढ़ने का फैसला किया। इस फैसले के संदर्भ में यह भी कहा गया कि 2029 यानी अगले लोकसभा चुनाव तक एक राष्ट्र-एक चुनाव का लक्ष्य हासिल कर लिया जाएगा। कैबिनेट के इस फैसले की घोषणा होते ही विपक्षी दलों ने घिसे-पिटे तर्कों के साथ इसका विरोध करना शुरू कर दिया।

इन दिनों एक साथ चुनाव की चर्चा हो रही है। इस बहस के संदर्भ में यह ध्यान रखा जाना चाहिए कि स्वतंत्रता के उपरांत लगातार चार बार लोकसभा और विधानसभा के चुनाव साथ-साथ ही हुए। यह सिलसिला 1951-52 से लेकर 1967 तक कायम रहा। यह सिलसिला टूटा इसलिए, क्योंकि कई राज्य सरकारों को बर्खास्त कर दिया गया या विधानसभाओं को समय से पहले भंग कर दिया गया। एक कारण यह भी रहा कि तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने राजनीतिक लाभ लेने की खातिर समय से पहले लोकसभा भंग कराकर आम चुनाव कराना पसंद किया। एक तथ्य यह भी है कि 1967 के बाद लोकसभा और विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराने का सिलसिला टूटने के उपरांत भी वर्तमान में लोकसभा के साथ कई राज्यों के विधानसभा चुनाव होते हैं। इस बार लोकसभा चुनाव के साथ आंध्र प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, ओडिशा और सिक्किम की विधानसभाओं के चुनाव एक साथ ही हुए। एक राष्ट्र-एक चुनाव के विषय पर इसलिए गंभीरता से विचार किया जाना चाहिए, क्योंकि लोकसभा चुनाव के बाद रह-रहकर होने वाले विधानसभाओं और स्थानीय निकायों के चुनाव सरकारी कामकाज की गति को बाधित करने, नौकरशाही एवं जनता का ध्यान बंटाने और राजनीतिक दलों की प्राथमिकता बदलने का काम करते हैं। जब भी कहीं कोई चुनाव होते हैं, आचार संहिता प्रभावी हो जाती है और उसके चलते कई सरकारी कामकाज रुक जाते हैं और सरकारें इस दौरान कोई नीतिगत फैसला भी नहीं ले पातीं। बार-बार होने वाले चुनावों के कारण अच्छा-खासा समय चुनाव आचार संहिता की भेंट चढ़ जाता है। सरकारें और जनप्रतिनिधि कई बार अपने वादों को पूरा न कर पाने के लिए आचार संहिता को दोष देते हैं। कुछ जनप्रतिनिधि तो अपने वादों को पूरा करने के बजाय जनता को यह आश्वासन देते रहते हैं कि यदि उनके दल को अगले विधानसभा या स्थानीय निकाय के चुनाव में जीत हासिल हुई तो वह अपने वादे को अवश्य पूरा करेंगे।एक साथ चुनाव का विचार नया नहीं है, लेकिन इतना अवश्य है कि प्रधानमंत्री मोदी ने 2014 में केंद्र की सत्ता संभालने के बाद से इसे आगे बढ़ाया और बार-बार इसकी पैरवी की कि एक साथ चुनाव कराए जाने चाहिए। उन्होंने इससे होने वाले लाभ भी गिनाए। एक साथ चुनाव के प्रति अपनी प्रतिबद्धता का परिचय देने के लिए ही मोदी सरकार ने लोकसभा चुनाव के पहले पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द की अध्यक्षता में एक समिति गठित की। इस समिति में विरोधी दलों के भी कुछ नेता शामिल किए गए। इस समिति ने सभी दलों के नेताओं से व्यापक विचार-विमर्श किया और एक साथ चुनाव के विषय पर उनकी राय भी मांगी। इस समिति ने इसी वर्ष के आरंभ में अपनी रिपोर्ट राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु को सौंप दी थी। इस रिपोर्ट में विस्तार से यह बताया गया है कि एक साथ चुनाव कैसे हो सकते हैं और इसमें आने वाली बाधाओं को किस तरह दूर किया जा सकता है। पिछले दिनों केंद्रीय कैबिनेट ने एक साथ चुनाव कराने के विचार पर अमल करने की दिशा में आगे बढ़ने का फैसला किया। इस फैसले के संदर्भ में यह भी कहा गया कि 2029 यानी अगले लोकसभा चुनाव तक एक राष्ट्र-एक चुनाव का लक्ष्य हासिल कर लिया जाएगा। कैबिनेट के इस फैसले की घोषणा होते ही विपक्षी दलों ने घिसे-पिटे तर्कों के साथ इसका विरोध करना शुरू कर दिया। किसी ने कहा कि ऐसा करना संविधानसम्मत नहीं तो किसी ने दलील दी की यह व्यावहारिक नहीं। कुछ दलों ने तो एक साथ चुनाव के विचार को वास्तविक मुद्दों से जनता का ध्यान भटकाने का मोदी सरकार का हथकंडा करार दिया। लगता है ऐसा कहने वाले यह समझने को तैयार नहीं कि यह एक ऐसा विषय है, जो दलगत राजनीतिक हितों से ऊपर उठने की मांग करता है। यह वह विचार है, जिसे अमल में लाने के लिए राजनीतिक दलों को आमराय कायम करनी चाहिए, क्योंकि इससे राष्ट्रीय संसाधनों की बचत तो होगी ही, आम जनता, राजनीतिक दलों और सरकारों को अपने दायित्वों का निर्वहन करने में आसानी भी होगी।

जो विपक्षी दल एक साथ चुनाव का विरोध कर रहे हैं, उनके पास ले देकर यही तर्क है कि लोकसभा और विधानसभाओं के चुनाव एक साथ होने से राष्ट्रीय मुद्दे प्रांतीय मुद्दों पर हावी हो जाएंगे और इससे क्षेत्रीय दलों को नुकसान हो सकता है। यह तर्क इसलिए गले नहीं उतरता, क्योंकि आंध्र प्रदेश और ओडिशा के क्षेत्रीय दलों ने कभी यह शिकायत नहीं की कि लोकसभा और विधानसभा के चुनाव एक साथ होने से उन्हें नुकसान होता है। आंध्र प्रदेश और ओडिशा विधानसभा के चुनाव लोकसभा चुनाव के साथ होते रहने से यह आशंका भी निर्मूल साबित होती है कि मतदाता एक साथ होने वाले दोनों चुनावों में किसी एक ही दल को वोट देने के लिए प्रेरित हो सकते हैं।

## विचार सरिता

# मन में बसे हैं राम - 266 : निज कक्ष पहुंचकर श्री राम ने सीता जी को वन न जाने के लिए पुनः समझाया

**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**



माता कैकेई के कक्ष से निकलकर श्री राम और सीता जी ने अपने निज कक्ष में प्रवेश किया। अभी कुछ देर पूर्व जब सीता जी ने कक्ष से प्रस्थान किया था, तो यहां आसन्न राज्य अभिषेक की प्रसन्नता व्याप्त थी। अब जब पिता से मिलकर श्री राम और सीता जी यहां वापस लौटे हैं तो यहां वन अभिषेक के निर्णय से उत्पन्न स्वाभाविक संशय और भ्रम की स्थिति है। एक क्षण को भी श्री राम को यह नहीं लगा कि यह उनकी इच्छा के विरुद्ध निर्णय है और वे इसे सहर्ष स्वीकार कर रहे हैं। वही जानकी जी के लिए प्रथम बार वनवास के बारे में सुनना अप्रत्याशित था और उन्हें संभलने में किंचित समय लगना ही था। वे अपने कक्ष में स्थित श्री हरि के लघु काष्ठ मंदिर में उन्हें भोग लगा चुकी थीं, लेकिन कक्ष से प्रस्थान की शीघ्रता में भोग ग्रहण नहीं कर पाई थीं।



श्री राम के मुख पर वही मुस्कुराहट है और वे जानकी जी से कहते हैं, ''तो तुमने वन जाने का मन बना ही लिया वैदेही!''

''अवश्य स्वामी! आप जहां रहेंगे, मेरा मन तो वहीं लगेगा।'' सीता जी ने भी मुस्कुराकर उत्तर दिया। श्री राम ने उन्हें पुनः समझाते हुए कहा, ''वन में सुख सुविधाएं नहीं होंगी। मैं स्वयं एक वल्कल धारण कर और मात्र अपना धनुष बाण लेकर ही प्रस्थान करुंगा। यह कठोर नियम तुम पर लागू नहीं होगा।तुम अपने साथ वस्त्र, आभूषण और अन्य आवश्यक वस्तुएं रख सकती हो। फिर भी राजप्रासाद की अन्य सुविधाएं तो वन में नहीं होंगी। इसलिए एक बार पुनः विचार कर लो, तुम वन में कैसे रह पाओगी सीते। तुम अभी भी अपना निर्णय बदल सकती हो।'' (भगवान श्री राम की प्रेरक गाथा संस्कृत साहित्य में आदि कवि वाल्मीकि और हिंदी साहित्य में अवधी के महाकवि तुलसी से लेकर विश्व की अनेक भाषाओं की शताधिक रामायणों में लिखी गई है। लेखक ने इस रचना में श्री राम की महागाथा के विविध प्रसंगों से कथा प्रवाह की प्रेरणा प्राप्त की है। उन्होंने उन रचनाकारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए श्री राम के जीवन के विविध प्रसंगों में अनेक स्थानों पर एक साधारण भक्त की अपनी नवीन रचनात्मक कल्पनादृष्टि का भी सहारा लिया है और रामकथा की मौलिक साहित्यिक प्रस्तुति का प्रयत्न किया है।)

## कविता

# स्वच्छता ही सेवा है

जिसका तन हो सुन्दर, उसका मन हो सुन्दर,
घर सुन्दर घर का कोना कोना सुंदर,
जिसका आंगन हो सुंदर, वहाँ दिखेंगे गमले-पौधे,
रखें पर्यावरण को स्वच्छ एवं ऊर्जावान।
न करें प्राकृतिक संसाधनों का अनुचित दोहन,
न बहाएं जल को, करें संरक्षण, न करें भूमि को प्रदुषित,
आवासों पर पड़ेगा दुष्प्रभाव, बिगड़ेगा स्वास्थ्य,
कोरोना एवं स्वाइन फ्लू को ना भूलें,
जल का शुद्धिकरण, तन को रखेगा स्वस्थ।
जनसंख्या वृद्धि, वन भूमि पर अतिक्रमण, कृषि भूमि पर अतिक्रमण
आक्सीजन का ह्रास, कार्बन डाइऑक्साइड,
जहरीली गैसों का बढ़ना,
इन सबों से होता है प्राकृतिक असंतुलन, वनों के काटव से
जंगली जीव आते हैं मैदानों में,
करें प्राकृतिक संसाधनों का प्रबंधन एवं संरक्षण।
संरक्षण न करने से होता है अवर्षा, बाढ़, भूस्खलन,
भूक्षरण, जल प्रदूषण, वायु प्रदूषण, मृदा प्रदूषण,
प्रकृति असंतुलन से पृथ्वी के जीवन को जायेगा खतरा,
कोयले एवं पेट्रोलियम के भंडार हो जाएंगे कम।
अपशिष्ट पदार्थों को देवें स्वच्छता दीदीयों को,
न करें भूमि के उर्वरा शक्ति को नष्ट, न होने दें जमा अपशिष्ट,
करें मेहनत, गांधी के समान करें सफाई, कोई अपमान नहीं,
जो स्वच्छता के नियम का करेगा पालन,
उसके हृदय में होगा ईश्वर वास।

अपशिष्टों का निस्तारण करें विधियों से,

पृथक्करण- अपशिष्ट केन्द्रों में होता है छांटने का काम ने फेंके अपशिष्ट रास्ते में, इसका होता है पुनःनिस्तारण,

खुला भण्डारण-ठोस अपशिष्ट संग्रकित कर, किया जाता है, एक स्थान पर (गड़ढेनुमा) बनने दिया जाता है खाद न होगी परेशानी पब्लिक को। न होगी विषाणुओं का फैलाव न होगी किसी को शिकायत,

अपशिष्टों का जैविक उपचार-गड्ढों में अपशिष्टों को किया जाता है इकट्ठा, सूक्ष्म जीव करते हैं अपघटन, बनता है उत्पाद कार्बन डाइआक्साइड, अमोनिया, मीथेन तथा अन्य अम्ल अपशिष्टों को जमीन की गहराई में किया जाता है डम्प।

जैव विघटन-अपशिष्टों को सड़ाकर किया जाता है खाद तैयार, खुली या बन्द विधि से अपशिष्टों पर जीवाणु एवं कवकों की क्रिया की जाती है, फलतः अपशिष्ट बनता है कम्पोस्टखाद, यह खाद आता है फसल उत्पादन में काम। भस्मीकरण-अपघटटित न होने वाले अपशिष्टों को कर दिया जाता भस्म, इसे भस्मकारी सयंत्र में किया जाता है प्रवाहित, गैसों के लिये होती है चिमनी, प्रदूषण रोकने होता है सुमुचित प्रबंध। आओ-स्वच्छता ही सेवा है को चरितार्थ करें।



देवेन्द्र महोबे
खैरागढ़
9424129646

## सामयिक चर्चा

# भ्रष्टाचार की कमाई

अखबार उठाकर
बानी बोले- ''सुनिए गजाधर!
छत्तीसगढ़ शासन की सख्ती
लेट लतीफी पर-
जल जीवन मिशन में
लगातार कार्रवाई के बावजूद
काम नहीं कर रहे हैं ठेकेदार
काम में लापरवाही के चलते
तीन ठेकेदारों के अनुबंध
निरस्त कर दिये गये यार!
अब और सुनिए गजाधर!
ऐसी विचित्र खबर
जो हास्यास्पद है: पर सही है-
गांवों में नल के कनेक्शन दे दिये गये
जबकि, टंकी का निर्माण
हुआ ही नहीं है।
इसे आप क्या कहेंगे गजाधर
भाई?''गजाधर मुस्कराए, बोले-
''भ्रष्टाचार की कमाई।'



-गिरीश बख्शी

## कविता

# पुरखा मन सकलावथे

आज तो हमर घर ह संगी
गजबीज गजबीज लागथे।
हमर जम्मो पुरखा मन ह,
पन्दरा दिन भर सकलावथे।
गांव के पंडित के घर ले,
कुश ल हम बिसाय हन।
करिया तीली म संगवारी,
जवां ल घलो मिलाय हन।
तोरई पान म धर के एला,
तरिया के घाट म जाबो हम।
शरधा ले पानी ल देबो, अउ
जम्मो पुरखा ल सोरियाबो हम।
बरा सोहारी बना के घरोघर,
हम देबो तोरई के पान मा।
नेवता देबो कुटुंब कबीला ल,
पंगत खाबो संघरा साथ म।
मोहाटी के चउक चंदन ह,
आज तो अड़बड़ भावथे।
आगे पितर पाख ह संगी,
जम्मो पुरखा मन सकलावथे।



जीवन चन्द्राकर लाल
बोरसी 52, दुर्ग (छत्तीसगढ़)

## कविता

# पेड़ों से ही जीवन हैं

पेड़ों से ही जीवन हैं,
पेड़ों की पूजा करना हैं!
पेड़ों से हमें स्वच्छ,
ऑक्सीजन मिलता हैं!
पेड़ पौधे से हमें,
नाता जोड़ना हैं!
पेड़ पौधे लगाना हैं,
हरियाली लाना हैं!
पेड़ पौधे अनमोल हैं,
औषधि प्रदान करते हैं!
पेड़-पौधे हमारे जीवन में,
लाभदायक होते हैं!
इनसे फल फूल लकड़ी,
प्राप्त होते हैं!



– कृष्णा चौहान
अमेरी, तह.-बरमकेला
जिला-सारंगढ़-बिलाईगढ़ ( छ.ग. )

## राशिफल

**मेष** — आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहेगा। इस राशि के बिजनेसमैन को अचानक कहीं से धनलाभ होगा। आपकी आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। आज आपने काम करने के तरीको में बदलाव लाने से गतिविधियां बेहतर होंगी। रोजमर्रा की उबाऊ दिनचर्या से भी राहत मिलेगी। उधार दिया पैसा मिलने के योग हैं।

**वृषभ** — आज के दिन भाग्य आपका पूरा साथ देगा। जो आपके लिए फायदेमंद साबित होगें साथ ही आज काम में मन लगेगा। आज आप अपनी कार्यकुशलता के दम पर कोई बेहतरीन कार्य पूर्ण कर पाएंगे। साथ ही किसी पुरानी समस्या का भी समाधान मिलेगा। कुछ समय अपने रुचिपूर्ण कार्यों में भी व्यतीत करें।

**मिथुन** — आज आपका दिन आपके अनुकूल रहेगा। आपको मेहनत का फल जरूर मिलेगा। कई दिनों से चल रहीं कड़ी मेहनत आज रंग लाएगी। आज आपको कोई बड़ी जिम्मेदारी मिलेगी जिसे आप बखूबी पूरा करेंगे। आज दिन अनुकूल है लेकिन इसका सदुपयोग करना आपकी योग्यता पर भी निर्भर करता है।

**कर्क** — आज का दिन सामान्य रहेगा। आज आप दिन भर कई तरह के कामों में व्यस्त रहेंगे। आज भागदौड़ से राहत पाने के लिए थोड़ा समय खुद के लिए निकालें।आज अपने निजी कामों में बिजी रहें। आज फालतू चिंताएं छोड़कर अपने करियर पर ध्यान देंगे। नई जानकारियां भी मिल सकती हैं।

**सिंह** — आज का दिन सामान्य रहेगा। आज आपके सामने कई चुनौतियां भी आएंगी। आप इनका डटकर मुकाबला करें सफलता हासिल होगी। आज कोई खुशखबरी मिलने से मन प्रसन्न रहेगा और आप अपने अंदर नया जोश और ऊर्जा महसूस करेंगे। घर में सकारात्मकता बनाकर रखने के लिए घर की व्यवस्था में भी रुचि लेंगे।

**कन्या** — आज आपका दिन कॉन्फिडेंस से भरा रहेगा। आज रोजगार में पदोन्नती के अवसर बनेंगे। आज जीवनसाथी तथा परिवारजनों का सहयोग आपकी कार्य क्षमता को और अधिक बेहतर बनाएगा। स्वास्थ्य ठीक रहेगा। आपके ऊपर काम का बोझ अधिक रहेगा। काम करने के तरीको में कुछ परिवर्तन लाने की भी जरूरत है।

**तुला** — आपका आज का दिन ठीक-ठाक रहेगा। आज करीबी रिश्तेदारों के साथ मिलकर अच्छी योजनाओं पर विचार होगा। आपका रुका हुआ पैसा मिल सकता है। धार्मिक और आध्यात्मिक क्षेत्र में रुझान बढ़ेगा। परिवार के साथ मनोरंजक यात्रा का प्लान बनेगा। अपना मनोबल मजबूत रखें।

**वृश्चिक** — आज आपका दिन आपके लिए नई खुशियां लेकर आया है। आपका चंचल स्वाभाव आपके लिए थोड़ी परेशानी क्रिएट कर सकता है। बेहतर होगा आप बड़ों की राय को सुने और उनको माने। ज्यादा सोच-विचार करने से समय निकल भी सकता है, इसलिए योजनाएं बनाने के साथ-साथ तुरंत करने की भी कोशिश करें।

**धनु** — आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। इस राशि के राजनीतिक नेताओं के लिए आज का दिन अच्छा है। अपने उच्चाधिकारी के सामने बात रखने पर पॉजीटिव रिस्पॉन्स मिलेगा। आज कोई भी काम करने से पहले उससे जुड़ी जानकारी जरूर हासिल करें। इससे आपको सफलता मिलेगी। दूसरों की बातों में न आएं।

**मकर** — आज का दिन घूमने-फिरने में बितेगा। आज अफवाहों पर ध्यान न देकर अपने कामों पर फोकस रहें। आने वाले दिनों में आपको मेहनत के मुताबिक सफलता मिल सकती है। इस राशि के स्टूडेंट्स के लिए दिन अच्छा रहेगा। आज दिन की शुरुआत में बनते कामों में रुकावटें आ सकती हैं।

**कुंभ** — आज का दिन आपके लिए महत्वपूर्ण रहेगा। आज आपके सारे पुराने काम आसानी से हो जाएंगे। आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। आज जरूरी लोगों का साथ मिलेगा। उनके मार्गदर्शन में आप अपने आसपास की परिस्थितियों में थोड़ा बदलाव महसूस करेंगे। पारिवारिक व्यवस्था को लेकर खास योजनाएं बनेंगी।

**मीन** — आज का दिन घूमने-फिरने में बितेगा। आज आत्मविश्वास बनाए रखने से काम को अच्छे से पूरा कर पाएंगे। नए लोगों से मुलाकात होगी और रुके काम पूरे होने से संतुष्ट हो जाएंगे। फालतू खर्चे कम करने की कोशिश करेंगे लेकिन कुछ ऐसे खर्चे भी रहेंगे जिनको रोक पाना मुश्किल होगा। आज अपना मनोबल बनाए रखें।

# संडे मेगा स्वच्छता अभियान में विश्वविद्यालय के अधिकारी-कर्मचारी व अध्यापक-छात्रों ने दी अपनी सहभागिता

खैरागढ़ (दावा)। देश व प्रदेश में व्यापक रूप से चलाये जा रहे स्वच्छता अभियान के तहत रविवार 22 सितंबर को जिले में भी स्वच्छता अभियान चलाया गया। कुलपति सत्य नारायण राठौर व कुलसचिव प्रेम कुमार पटेल के मार्गदर्शन में इस स्वच्छता अभियान में विश्वविद्यालय के अधिकारी-कर्मचारियों के अलावा शिक्षकों व छात्रों ने भी अपना योगदान दिया। सर्वप्रथम रविवार की सुबह 7 बजे कुलसचिव व अपर कलेक्टर प्रेम कुमार पटेल के मार्गदर्शन में सभी लोग मीरा बाई चौक में एकत्रित हुये जहां खैरागढ़ नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती गिरिजा चंद्राकर ने मौके पर उपस्थित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों, शैक्षणिक संस्थाओं से पहुंचे शिक्षकों तथा छात्रों को शहर के अलग-अलग स्थानों पर पहुंचकर स्वच्छता अभियान के तहत साफ-सफाई करने की अपील की। साथ ही विश्वविद्यालय के कर्मचारियों, शिक्षकों व छात्रों को भी विश्वविद्यालय परिसर सहित आसपास की सफाई करने निर्देशित किया। जिसके बाद सभी लोग अपने-अपने निर्धारित स्थान पर पहुंचकर साफ-सफाई की। इस दौरान विश्वविद्यालय के कर्मचारियों ने कैम्पस-02 सहित कैम्पस के बाहर मुख्य मार्ग में स्वच्छता अभियान चलाया तथा शिक्षकों व छात्रों ने विश्वविद्यालय के कैम्पस 01 सहित कैम्पस के बाहर मुख्यमार्ग की साफ-सफाई की। इस अवसर पर कुलसचिव प्रेम कुमार पटेल ने विश्वविद्यालय के सभी अधिकारी-कर्मचारियों को स्वच्छता अभियान को सफल बनाने प्रतिदिन अपने घरों सहित कार्यरत संस्थाओं की साफ-सफाई कर स्वच्छता के प्रति अपना योगदान देने की अपील की। स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा की शुरुआत 17 सितंबर को कलेक्टर के मार्गदर्शन में हुई तब से प्रतिदिन विश्वविद्यालय के अध्यापक, छात्र और कर्मचारी लगातार विभिन्न स्वच्छता गतिविधि संचालित कर शहर को स्वच्छ बनाने का संदेश दे रहे हैं। संडे मेगा स्वच्छता अभियान में विश्वविद्यालय से अधिष्ठाता प्रो.राजन यादव, सहायक प्राध्यापक कौस्तुभ रंजन, सहायक प्राध्यापक छगेन्द्र उसेंडी, कन्या छात्रावास अधीक्षक श्रीमती रघु, बालक छात्रावास सह प्रभारी विप्लव, श्री गायकवाड़ सहित अन्य कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर श्रमदान किया।



0 कुलपति व कुलसचिव के मार्गदर्शन में चलाया अभियान गया स्वच्छता अभियान
0 शहर के मुख्य मार्ग सहित विश्वविद्यालय के दोनों कैम्पस की हुई साफ-सफाई

# मजदूरी भुगतान के लिए साल भर से भटक रही महिला : कलेक्टर से हुई शिकायत



डोंगरगांव (दावा)। ग्राम पंचायत आसरा की एक महिला विगत एक साल से महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना(मनरेगा) के तहत अपनी मजदूरी प्राप्त करने के लिए सरकारी दफ्तरों के चक्कर लगा रही है। महिला का कथन है कि उसने मनरेगा के तहत भूमि सुधार कार्य में किया था लेकिन अब तक उसे उसकी मजदूरी नहीं मिली है।

मिली जानकारी के अनुसार मामला ग्राम पंचायत आसरा निवासी बिंझवारीन बाई साहू की है। उन्होंने बताया कि मैं मनरेगा के तहत गांव में भूमि सुधार कार्य सन् 2022-23 में कुल 32 दिन काम की हूं, जिसका भुगतान मुझे आज तक अप्राप्त है, इसकी शिकायत इस महिला के व्दारा जिला कलेक्टर को भी किया गया है। महिला ने बताया कि भुगतान के संबंध में जानकारी लेने के लिए ग्राम पंचायत और जनपद पंचायत की चक्कर लगाते लगाते परेशान हो चुकी हूं और कई बार ग्राम पंचायत और संबंधित अधिकारियों के पास अपनी शिकायत दर्ज करवाई, लेकिन हर बार उसे केवल आश्वासन ही मिला। इस देरी के कारण वह आर्थिक तंगी से जूझ रही है और परिवार के भरण-पोषण में भी दिक्कतों का सामना कर रही है. बता दें कि गरीब ग्रामीण मनरेगा में काम करते हैं और कर्मचारियों और अधिकारियों की लापरवाही के चलते परेशानियों का सामना करना पड़ता है. इस मामले में ग्राम पंचायत के सचिव से संपर्क करने का प्रयास किया गया किन्तु उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया। वहीं जनपद पंचायत सीईओ नवीन मसियारे मामले की जानकारी लेने की बात कह रहे हैं।

## पहला कॉलम...

### स्वच्छता ही सेवा-2024 के तहत खैरागढ़ शहर में संडे स्वच्छता मेगा इवेंट का आयोजन



खैरागढ़ (दावा)। स्वच्छता ही सेवा-2024 नाम से देशभर में स्वच्छ भारत मिशन के दस वर्ष पूरे होने के अवसर पर स्वच्छता पखवाड़ा चलाया जा रहा है।। जिला खैरागढ़ छुईखदान गंडई में स्वच्छता पखवाड़ा के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा के निर्देशन में प्रति दिन सफलतापूर्वक किया जा रहा है। उक्त गतिविधियों में जिले के जनप्रतिनिधि, अधिकारी, छात्र एवं आमजन सक्रियता से शामिल होकर श्रमदान कर स्वच्छता का संदेश दे रहे हैं। इसी कड़ी में पूरे जिले में आज रविवार को संडे स्वच्छता मेगा इवेंट का आयोजन किया गया। जिसमें शहर गाँव के प्रमुख मार्ग के किनारे पड़े कचरों की सफ़ाई की गई। खैरागढ़ शहर में आज सुबह 7 बजे स्वच्छता श्रमदान की शुरुआत शुभम के मार्ट के पास नगरपालिका अध्यक्ष गिरिजा चंद्राकर की उपस्थिति में हुई। उन्होंने उपस्थित जनप्रतिनिधि, अधिकारी, इन्दिरा कला संगीत विश्विद्यालय एवं कन्या शाला सेजेस और छात्रावास के बच्चों में संबोधित करते हुए खैरागढ़ शहर को देश का सबसे स्वच्छ शहर बनाने के लिए यथासंभव योगदान देने की अपील की। इसके पश्चात उपस्थित लोगों ने शहर के मुख्य मार्ग के दोनों किनारे पड़े झिल्ली, पन्नी, कागज, कपड़े इत्यादि कचरों को बिनकर बोरों में इकट्ठा कर नगरपालिका की गाड़ियों में जमा किया।

खैरागढ़ शहर में स्वच्छता अभियान का आयोजन इतवारी बाज़ार से लेकर बाइपास मोड़ तक किया गया। बायपास मोड़ से कलेक्टर निवास, पेट्रोल पंप तक रानी रश्मि देवी महाविद्यालय, कन्या महाविद्यालय और डाईट के अध्यापक एवं छात्रों ने श्रमदान किया। शुभम के मार्ट से कलेक्टर निवास होते हुए सेजेस कन्या विद्यालय तक कन्या स्कूल के छात्र, अध्यापकगण ने जिला शिक्षा अधिकारी लालजी द्विवेदी के नेतृत्व में श्रमदान किया। पोस्ट मैट्रिक कन्या छात्रावास के बच्चों ने शुभम् के मार्ट से सिविल लाइन होते हुए अपने छात्रावास तक श्रमदान किया। इन्दिरा कला संगीत विश्वविद्यालय के अध्यापक, कर्मचारी और छात्रों ने शुभम के मार्ट से अंबेडकर चौक तक श्रमदान किया। इसमें ज़िला कार्यालय एवं अन्य कार्यालय के अधिकारी कर्मचारी भी शामिल हुए। इस अवसर पर प्रमुख रूप से अपर कलेक्टर प्रेम कुमार पटेल, राजकुमार सोलंकी, उप संचालक, कृषि, प्रदीप भोले, सहायक संचालक, मत्स्य, रविंद्र मेहरा, प्रभारी सहायक संचालक, उद्यानिकी, डॉ. विवेक बिसेन, खंड चिकित्सा अधिकारी, डीआरडीए, वन विभाग एवं निर्वाचन कार्यालय के कर्मचारीगण विशेष रूप से उपस्थित थे। विश्विद्यालय की ओर से अधिष्ठाता प्रो राजन यादव, सहायक प्राध्यापक कौस्तुभ रंजन, सहायक प्राध्यापक छगेन्द्र उसेंडी, कन्या छात्रावास वार्डन रघु मैडम, बालक छात्रावास सह प्रभारी विप्लव सिंह, मुकेश भट्ट ने विश्विद्यालय के छात्रों के साथ श्रमदान किया। अंबेडकर चौक से इतवारी बाज़ार तक बालक विद्यालय के एनसीसी एवं अन्य छात्र तथा अध्यापकगण के द्वारा नगरपालिका के कर्मचारियों के साथ शहर के प्रमुख बाज़ार की दुकानों के सामने पड़े कचरों की सफ़ाई की। खैरागढ़ शहर में स्वच्छता मेगा इवेंट के तहत स्वच्छता श्रमदान हेतु मुख्य नगरपालिका अधिकारी प्रमोद शुक्ला के मार्गदर्शन में स्वच्छता वाहन, झाड़ू, हैंड ग्ल्ब्स, ब्लैक पॉलीथिन, पेयजल, बिस्कुट की व्यवस्था की गई थी।

### ईरागांव क्लस्टर में कलेक्टर ने किया बच्चों के वजन-ऊंचाई का सत्यापन, माताओं से पोषण पर संवाद

मोहला (दावा)। महिला बाल विकास विभाग अंतर्गत 12 सितंबर से 23 सितंबर तक जिले के तीनों विकासखंडों के 233 क्लस्टरों में 0 से 6 वर्ष के 24843 लक्षित बच्चों के वजन एवं ऊंचाई माप हेतु आयोजित वजन त्यौहार में दिनांक 20 सितंबर को मानपुर परियोजना के ईरागांव क्लस्टर में कलेक्टर एस जयवर्धन ने निरीक्षण किया। सभी 0 से 6 वर्ष के बच्चों का वजन लिया जा रहा था। सभी बच्चों की माताएं एवं समुदाय की महिलाएं उपस्थित थी। कलेक्टर ने बच्चों के वजन एवं ऊंचाई के लिए बच्चों का सत्यापन अपने समकक्ष जिला स्तरीय नोडल एवं विभागीय अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा करवाया गया। कलेक्टर ने उपस्थित सभी माताओं से उनके बच्चों के पोषण स्तर बढ़ाने एवं कुपोषण के नुकसान के बारे में एवं गर्भवती माता को उनके खान-पान हीमोग्लोबिन का स्तर अंक पंजीयन आदि के बारे में चर्चा किया गया। साथ ही उपस्थित आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से वजन त्यौहार में एवं पोषण माह की गतिविधियों की एंट्री का भी सत्यापन किया गया। इसी प्रकार अपर कलेक्टर विजेंद्र सिंह पाटले द्वारा भी मोहला परियोजना में उरवाही पटेलपारा क्लस्टर का निरीक्षण कर बच्चों के वजन एवं ऊंचाई का सत्यापन किया गया। जिला स्तर पर नियुक्त सभी नोडल अधिकारियों द्वारा नियमित रूप से अपने सौंपे गये क्लस्टर में आयोजित वजन त्यौहार का निरीक्षण सत्यापन किया जा रहा है। जिले में 19 सितंबर तक 13956 बच्चों का वजन एवं ऊंचाई का माप करके वजन त्यौहार ऐप में एंट्री किया जा चुका है।

# पीएम विश्वकर्मा योजना का जिले में बेहतर क्रियान्वयन सुनिश्चित करें- कलेक्टर

## कलेक्टर ने किया पीएम विश्वकर्मा योजना के प्रगति की समीक्षा



खैरागढ़ (दावा)। कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा ने कहा कि पीएम विश्वकर्मा योजना शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं में से एक है। जिले में पीएम विश्वकर्मा योजना का सभी संबंधित अधिकारी बेहतर क्रियान्वयन करना सुनिश्चित करें। जिले के लोगों को चिन्हित कर प्रशिक्षण दिलाएं तथा योजना का लाभ प्राथमिकता के आधार पर दिलाएं। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा निर्धारित गाइडलाइन के अनुसार योजना के अंतर्गत लाभार्थियों को ट्रेनिंग भी कराएं। कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित बैठक में पीएम विश्वकर्मा योजना के प्रगति की समीक्षा कर रहे थे। कलेक्टर ने कहा कि पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत 18 पारंपरिक व्यापारों को लाभ देना है। इस योजना के तहत लाभार्थियों को कम ब्याज में ऋण दिया जाता है। इस योजना का उद्देश्य अपने हाथों और औजारों की मदद से काम करने वाले कारीगरों, शिल्पकारों को सहायता प्रदान करना है।।इस योजना से जुड़ने के बाद लाभार्थी को प्रशिक्षण दिया जाता है, इसके लिए रोजाना 500 रुपये का स्टाइपैंड दिया जाता है। साथ ही टूल किट खरीदने के लिए 15 हजार रुपये दिए जाते हैं।

कलेक्टर ने कहा कि जिले में योजना का बेहतर क्रियान्वयन हेतु सभी संबंधित अधिकारी समन्वित प्रयास करें, जिससे गरीब एवं आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को रोजगार के अवसर मुहैया हो सकें। उन्होंने सभी जनपद सीईओ और सीएमओ को आवेदक द्वारा सीएससी सेंटर के माध्यम से किए गए। आवेदन को कलेक्टर की आईडी में तत्काल प्रेषित करने के निर्देश दिए, जिससे आगे की कार्यवाही किया जा सकें। गौरतलब है कि पीएम विश्वकर्मा योजना का उद्देश्य कारीगरों और शिल्पकारों की पहचान विश्वकर्मा के रूप में कर उन्हें लाभ प्राप्त करने के योग्य बनाना, कौशल उन्नयन कार्यक्रमों से जोड़कर उनका कौशल विकास करना, उनकी योग्यता, क्षमता और उत्पादकता बढ़ाने के लिए आधुनिक औजार, टूलकिट प्रदान करना है। साथ ही उन्हें काम ब्याज दर पर ऋण प्रदान करना तथा उन्नति के लिए विभिन्न बाजारों से जोड़ना है। इस अवसर पर उद्योग विभाग के प्रबंधक परमेश्वर साहू, जनपद पंचायत सीईओ खैरागढ़ शिशिर शर्मा, सीईओ छुईखदान रवि कुमार सहित सभी नगरीय निकायों के सीएमओ उपस्थित रहें।

# शा. प्राथमिक शाला संडी में प्रधान पाठिका द्वारा न्योता भोज का आयोजन



खैरागढ़ (दावा)। शासकीय प्राथमिक शाला संडी की प्रधान पाठिका डॉ. पदमा साहू ने अपने जन्म दिवस के अवसर पर शासकीय प्राथमिक शाला संडी और माध्यमिक शाला संडी के बच्चों को पूर्ण न्योता भोज कराया। सरकार की महती योजना न्योता भोज जिसमें बच्चों को सुपोषित भोजन देने, शिक्षण में रुचि बढ़ाने, कुपोषण को दूर करने बीच-बीच में समुदाय व शिक्षकों आदि के द्वारा न्योताभोज का आयोजन करके बच्चों में शिक्षा गुणवत्ता पौष्टिक आहार देकर उनकी मानसिक और शारीरिक विकास में वृद्धि करने का एक सकारात्मक सोच लेकर यह कार्य चल रहा है। इसी के अंतर्गत प्राथमिक शाला संडी की प्रधान ने अपने जन्म दिवस के अवसर पर बच्चों को खीर, पूरी, दाल चावल, सब्जी, अचार, सलाद सुपोषित भोजन प्रदान किया। नन्हें नन्हें बच्चों ने शाला में प्रधान पाठिका का जन्म दिवस भी बड़े धूमधाम से मनाया जिसमें संकुल समन्वयक प्रयाग सिंह, माध्यमिक शाला की प्रधान फिरोज खान, शिक्षिका निहारिका झा, दिलीप बैस तथा भारती मिश्रा, लेखा नायक, छात्राध्यापक दसोदा वर्मा, बिंदुसोरी एवं ग्रामीण जन, रसोईया, स्वीपर समस्त स्टाफ की इस कार्यक्रम में उपस्थिति रही।

# आज हमारी गांव की मातृ शक्ति सशक्त और मजबूत और आत्मनिर्भर बन रही है - किरण वैष्णव



छुरिया (दावा)। महतारी आजिविका संकुल संगठन चिचोला द्वारा ग्राम बापूटोला में आयोजित वार्षिक अधिवेशन आमसभा में शामिल हुई जनपद पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुई। जनपद पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव ने कहा कि मुझे खुशी हो रही है कि अब हमारी जनपद पंचायत छुरिया की महिलाएं सशक्त और आत्मनिर्भर हो गई है। श्रीमती वैष्णव ने कहा कि गांव की महिलाएं जो कभी अपने पति के नाम से जानी जाती थी, और जिन्होंने कभी बैंक का रास्ता भी नहीं देखा था, आज हस्ताक्षर कर अपने नाम लिख रही हैं। उन्होंने छोटी सी पूंजी से अपना व्यवसाय शुरू कर ये साबित कर दिया है कि हौसला हो तो ऊंची पढ़ाई और धन की कभी आड़े नहीं आती। जीविका दीदियों ने ऐसी कई मिसाल कायम की है, जिसकी आवाज पूरे देश में सुनाई दे रही है। बिहान समूह के बहने आपने स्वयं बनाये उत्पादों का स्टाल लगाकर आर्थिक रूप से मजबूत हो रही है। आज हमारे क्षेत्र की महिला विभिन्न माध्यमों से कार्य कर अपने घर परिवार का पालन पोषण भी कर रही है। मैं इन सभी महिलाओं की उज्ज्वल भविष्य की कामना करती हूं। इस अवसर पर श्रीमती अनीता पाल उपसरपंच, श्रीमती मालती उईके, उत्तरा निषाद श्रीमती यशोदा सिन्हा, रजनी नागेश्वर, लीला नेताम, लीलाबती सिन्हा, निपा साहू, दुर्गा सिन्हा, प्रीति चन्द्रवंशी सहित सैकड़ों की संख्या में महिलाएं उपस्थित थीं।

# जिले में राष्ट्रीय पोषण माह अंतर्गत सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में किया जा रहा विभिन्न गतिविधियां



खैरागढ़ (दावा)। कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा के निर्देशन में जिला खैरागढ़ - छुईखदान, गंडई के परियोजना खैरागढ़ में राष्ट्रीय पोषण माह अंतर्गत सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में छह प्रकार की थीम पर दैनिक गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। पोषण माह की विविध गतिविधियों के अंतर्गत किल्लापारा, गंजीपारा, दाउचौरा, अमलीडीहखुर्द, लिमतरा आदि विविध आंगनबाड़ी केंद्रों में व्यंजन प्रदर्शनी, स्थानीय हरी सब्जियों की प्रदर्शनी, हाथ धुलाई, टीकाकरण, किशोरी बालिकाओं और महिलाओं के हीमोग्लोबिन की जांच आदि किया गया। इसी क्रम में जिले की संयुक्त कलेक्टर सुमन राज द्वारा परियोजना खैरागढ़ के सेक्टर खैरागढ़ ग्रामीण, खैरागढ़ शहरी एवं मंडला में आयोजित पोषण माह की विविध गतिविधियों एवं इसी के साथ आयोजित वजन त्योहार का अवलोकन किया गया। सुमन राज के द्वारा लिमतरा आंगनवाड़ी केन्द्र में दर्ज 0-6 वर्ष के आयु के बच्चों के लिए गए वजन एवं ऊंचाई का सत्यापन किया और केंद्र में दर्ज मध्यम एवं गंभीर कुपोषित बच्चों की संख्या की जानकारी ली। आंगनवाड़ी केन्द्र में उपस्थित बच्चो का वजन एवं पोषण स्तर का वजन पंजी में सत्यापन किया गया। साथ ही आंगनवाड़ी केन्द्र में उपस्थित 3 से 6 वर्ष के बच्चों की अनौपचारिक शिक्षा के स्तर की गुणवत्ता का आंकलन विविध प्रश्न के माध्यम से भी किया गया।

**संयुक्त कलेक्टर ने किया परियोजना खैरागढ़ में राष्ट्रीय पोषण माह अन्तर्गत संचालित गतिविधियों का अवलोकन**

# प्रधानमंत्री आवास योजना ने रामबाई के सपनों का दिया आशियाना, चेहरे पर लौटी मुस्कान



मोहला (दावा)। जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी के विकासखण्ड मानपुर के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत मानपुर में निवासरत श्रीमती रामबाई पति स्व.बाधि राम जो कि अत्यंत गरीब परिवार की है। पति के देहांत उपरांत मानसिक रूप से टूटी हुई थी, घर में पालन पोषण करने वाले कोई नही था। जिससे इनकी दैनिक स्थिति बहुत ही खराब हो गया था। वह रोजी मजदूरी तथा मनरेगा में काम करके अपने जीवन यापन करती है। पक्का मकान नही होने के कारण कच्चे मकान से बारिश के दिनों में छत से पानी टपकने के चलते उन्हें बहुत ही परेशानियों का सामना करना पड़ता था। ग्राम सभा के दौरान उन्हें पता चला की 2019-20 की सर्वे सूची में उनका नाम प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रीमण) के तहत आवास स्वीकृत हुआ है। यह जानकर वह अत्यंत प्रसन्न हुई, और उनके चेहरे में खुशी की लहर दौड़ गयी। प्रथम किश्त कि राशि प्राप्त होने के पर उन्होंने आवास बनाना शुरु किया। महिला समूह से कुछ राशि मदद में लेकर आवास निर्माण कार्य पूर्ण किया। श्रीमती रामबाई ने शासन को धन्यवाद देते हुए कहा कि प्धानमं्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत आवास मिलने से वह बेहद खुश है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना से गरीबों का अपना आशियाना होने का सपना साकार हो रहा है।

## छत्तीसगढ़ में अब तक 1099.4 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

रायपुर (आरएनएस)। राज्य शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा बनाए गए राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष द्वारा संकलित जानकारी के मुताबिक एक जून 2024 से अब तक राज्य में 1099.4 मिमी औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है।

# अभाविप ने की कालेज में ड्रेस कोड की मांग



खैरागढ़ (दावा)। रानी रश्मि देवी शासकीय महाविद्यालय में पढ़ने वाले स्टूडेंट्स के लिए ड्रेस कोड लागू किए जाने की मांग करते हुए, अभाविप ने प्राचार्य को ज्ञापन सौंपा। जिसमें उन्होंने कहा कि रानी रश्मि देवी शासकीय महाविद्यालय की अलग-अलग संकायों में अध्ययनरत दो हजार से ज्यादा स्टूडेंट्स में से नियमित तौर पर रोज चार से पांच सौ स्टूडेंट्स शहर के अलावा आसपास के गांवों से पढ़ने आते है। लेकिन देखा जा रहा है, कि बीते कुछ छात्र-छात्राएं अपने घरों से निकलकर खैरागढ़ महाविद्यालय अवश्य आते हैं, लेकिन कालेज पढ़ने ना आकर इधर उधर घूमते फिरते है। अभाविप के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य गुलशन भगत, नगर सह मंत्री महेश पटेल, हर्ष वर्मा, राजहंस वर्मा, मनीष पटेल, रितिक कंडरा, मयंक प्रजापति, महाविद्यालय प्रमुख चित्रसेन साहू, अनमोल सिंह, आशीष वर्मा, हर्ष वर्मा, विनय साहू, करण रेड्डी, श्याम यादव, अपूर्व बक्शी, हर्ष राजपूत, पियूष यदु, सूर्यकांत वर्मा, विजय चंदेल, सुशांत झा, तेजेश्वर सिन्हा, निखिल वर्मा सहित अन्य ने बताया कि उनके इस प्रकार के आचरण से क्षेत्र में कालेज की प्रतिष्ठा धूमिल हो रही है। उन्होंने कहा कि छुईखदान महाविद्यालय, डोंगरगढ़ महाविद्यालय और घुमका महाविद्यालय में छात्र-छात्राओं के लिए ड्रेस कोड लागू है। जिसके कारण वो कालेज स्टूडेंट के रूप में कहीं भी आने जाने से कतराते है। प्राचार्य जितेंद्र साखरे से उन्होंने अन्य कालेजों की तरह रश्मिदेवी कालेज मे सभी नियमित अध्ययनरत छात्रा-छात्राओं के लिए ड्रेस कोड अनिवार्य करने की मांग की है।

# पहला कॉलम...

## बाइडन ने की पीएम मोदी की यूक्रेन यात्रा की तारीफ, बोले...

विलमिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यूक्रेन यात्रा की तारीफ की है। क्वाड शिखर सम्मेलन में भाग लेने से पहले अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने पीएम मोदी का डेलावेयर के विलमिंगटन में अपने निजी आवास पर स्वागत किया। इस दौरान दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय बैठक के दौरान व्यापक विषयों पर बात की। वार्ता के दौरान बाइडन ने प्रधानमंत्री मोदी से कहा कि अमेरिका भारत की महत्वपूर्ण आवाज को उठाते हुए वैश्विक संस्थाओं में सुधार और शांति की पहल का समर्थन करता है। इसमें संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत को स्थायी सदस्य बनाने की मांग भी शामिल है। बताया जाता है कि मोदी और बाइडन की वार्ता मुख्य रूप से द्विपक्षीय संबंधों पर केंद्रित रही। दोनों नेताओं ने रूस-यूक्रेन संघर्ष और हिंद-प्रशांत क्षेत्र की स्थिति सहित प्रमुख वैश्विक चुनौतियों पर भी चर्चा की।बैठक के बाद जारी की गई फैक्ट शीट में कहा गया कि राष्ट्रपति बाइडन ने वैश्विक मंच पर भारत की अग्रणी भूमिका जी-20 और ग्लोबल साउथ में मोदी के नेतृत्व और समृद्ध हिंद-प्रशांत क्षेत्र के लिए क्वाड को मजबूत करने की उनकी प्रतिबद्धता की सराहना की। बाइडन ने कहा कि भारत कोविड-19 वैश्विक महामारी से निपटने के वैश्विक प्रयासों में सहयोग करने से लेकर दुनिया भर में संघर्षों के विनाशकारी परिणामों से निपटने तक बड़ी चुनौतियों का समाधान करने की कोशिशों में सबसे आगे है।



## अश्विन ने 69 साल पुराना वीनू मांकड़ का रिकॉर्ड तोड़ा

नई दिल्ली। बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में रविचंद्रन अश्विन ने गेंद और बल्ले से कमाल का प्रदर्शन किया। उन्होंने शतक भी लगाया और पांच विकेट हॉल भी हासिल किए। अश्विन ने दिग्गज वीनू मांकड़ का एक बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। भारतीय टीम ने बांग्लादेश की टीम को पहले टेस्ट मैच में 280 रनों से हरा दिया और सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली। भारत के लिए रविचंद्रन अश्विन सबसे बड़े हीरो साबित हुए और उन्होंने ऑलराउंड प्रदर्शन से टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। दमदार प्रदर्शन के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड दिया। अश्विन ने बांग्लादेश के खिलाफ ऐसा प्रदर्शन किया, जिससे रिकॉर्ड्स की झड़ी लग गई। बांग्लादेश के खिलाफ टॉस हारने के बाद बैटिंग करते हुए टीम इंडिया की शुरुआत बहुत ही खराब रही थी। तब टॉप ऑर्डर में रोहित शर्मा, विराट कोहली और शुभमन गिल बड़ी पारियां नहीं खेल पाए थे। इसके बाद अश्विन ने नंबर-8 पर उतरकर शानदार बैटिंग की। उन्होंने 133 गेंदों में 113 रन बनाए, जिसमें 11 चौके और 2 छक्के शामिल थे। उनके शतक की बदौलत ही टीम इंडिया पहली पारी में 376 रन बना पाई थी। बल्लेबाजी के बाद रविचंद्रन अश्विन ने गेंदबाजी में भी कमाल दिखाया। दूसरी पारी में वह बांग्लादेशी टीम के लिए सबसे बड़े काल साबित हुए। उनके आगे बांग्लादेश का बल्लेबाजी आक्रामण पूरी तरह से ध्वस्त हो गए। विरोधी टीम के बल्लेबाज रन बनाना तो दूर क्रीज पर टिकने के लिए तरसते रहे। उन्होंने दूसरी पारी में 21 ओवर फेंक कर 88 रन दिए और 6 विकेट हासिल किए। जडेजा ने उनका अच्छे से साथ दिया और तीन विकेट हासिल किए।

## अमेरिका ने भारत को सौंपी 297 प्राचीन बहुमूल्य कलाकृतियां

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अमेरिका के तीन दिवसीय दौरे पर हैं। इस दौरान पीएम मोदी ने क्वाड शिखर सम्मेलन में भाग लिया। पीएम मोदी की इस यात्रा के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने भारत को एक तोहफा दिया। अमेरिका ने भारत को उसकी 297 प्राचीन बहुमूल्य कलाकृतियां सौंपी हैं। इन कलाकृतियां को भारत से तस्करी के जरिए विदेश ले जाया गया था। अमेरिका पिछले 10 साल में भारत को ऐसी 578 ऐतिहासिक वस्तुएं दे चुका है।

पीएम नरेंद्र मोदी की अमेरिका की पिछली यात्राएं भी भारत को पुरावशेषों की वापसी के मामले में बेहद सफल रही हैं। पीएम मोदी साल 2021 में जब अमेरिका की यात्रा पर गए थे उस समय भी अमेरिका सरकार ने भारत को 157 प्राचीन धरोहरें लौटाई थीं। 2021 में लौटाई गई इन प्राचीन धरोहरों में 12वीं शताब्दी की कांस्य नटराज प्रतिमा भी शामिल थी। प्राचीन बहुमूल्य कलाकृतियां सौंपे जाने को लेकर पीएम मोदी ने कहा कि हमें सांस्कृतिक जुड़ाव को गहरा करना और सांस्कृतिक संपत्तियों की अवैध तस्करी के खिलाफ लड़ाई को मजबूत करना है। मैं राष्ट्रपति बाइडेन और अमेरिकी सरकार का बहुत आभारी हूं कि उन्होंने 297 अमूल्य पुरावशेषों को भारत को वापस लौटाया। बता दें कि, जुलाई 2024 में दिल्ली में 46वीं विश्व धरोहर समिति के मौके पर, भारत और अमेरिका ने पहली बार च्सांस्कृतिक संपत्ति समझौतेज् पर हस्ताक्षर किए थे। जिसका मकसद यह था कि भारत से अमेरिका में भारतीय पुरावशेषों की अवैध तस्करी को रोका जाए।

# पहले टेस्ट में टीम इंडिया की धमाकेदार जीत, बांग्लादेश को 280 रनों से रौंदा



अश्विन ने छह विकेट लेकर रचा इतिहास

चेन्नई। चेन्नई के चेपॉक स्टेडियम में खेले गए पहले टेस्ट मैच में टीम इंडिया ने बांग्लादेश को हराकर एक शानदार जीत दर्ज कर ली है. टेस्ट मैच के चौथे दिन भारत ने पहले सेशन में ही बांग्लादेश को ऑलआउट कर 280 रनों से एक बड़ी जीत अपने नाम की. इस जीत के साथ ही टीम इंडिया के पास 2 मैचों की टेस्ट सीरीज में 1-0 की बढ़त हो गई है.

भारत और बांग्लादेश के बीच पहला टेस्ट मैच चेन्नई के चेपॉक स्टेडियम में खेला गया. इस टेस्ट मैच में भारत ने बांग्लादेश को चौथी पारी में 515 रनों का लक्ष्य दिया था. लेकिन, बांग्लादेश की टीम 234 रनों के स्कोर पर ऑलआउट हो गई और गेम के चौथे दिन भारत ने 280 रनों से एक बड़ी जीत हासिल कर ली है.

टॉस हारकर भारतीय टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 376 रन बोर्ड पर लगाए. फिर बांग्लादेश की टीम 149 के स्कोर पर सिमट गई. दूसरी पारी में टीम इंडिया ने ऋषभ पंत और शुभमन गिल की सेंचुरी की बदौलत 4 विकेट पर 287 रन बोर्ड पर लगाए और रोहित शर्मा ने पारी घोषित कर दी. इस तरह भारत ने बांग्लादेश को 515 रनों का लक्ष्य दिया. जवाब में 234 रन पर बांग्लादेशी टीम ऑलआउट हो गई. इस तरह भारत ने चेन्नई टेस्ट मैच को 280 रनों से जीत लिया है.

भारतीय सरजमीं पर भारतीय गेंदबाजों को खेलना किसी भी टीम के बल्लेबाजों के लिए आसान नहीं होता. अब चेन्नई टेस्ट की बात करें, तो इस मैच में भारतीय गेंदबाजों का जलवा देखने को मिला. रविचंद्रन अश्विन को पहली पारी में विकेट नहीं मिले थे, लेकिन दूसरी पारी में उन्होंने 6 विकेट लिए. जसप्रीत बुमराह ने 5, मोहम्मद सिराज 2, रवींद्र जडेजा 5 और आकाशदीप ने 2 विकेट अपने खाते में दर्ज किए.

चेन्नई टेस्ट मैच में भारतीय बल्लेबाजों ने बांग्लादेशी गेंदबाजों की क्लास लगा दी. पहले ऋषभ पंत ने शतक लगाया और फिर शुभमन गिल ने सेंचुरी लगा दी. पंत 128 गेंदों पर 109 रन की ताबड़तोड़ पारी खेलकर आउट हुए, जिसमें 13 चौके और 4 छक्के शामिल रहे. वहीं, शुभमन 176 गेंदों पर 119 रन बनाकर नाबाद लौटे, जिसमें उन्होंने 10 चौके और 4 छक्के लगाए.

## ईरान की कोयला खदान में गैस लीक से विस्फोट, 30 की हुई मौत

तेहरान। पूर्वी ईरान में एक कोयला खदान में मीथेन गैस लीक होने के कारण हुए विस्फोट में कम से कम 30 लोगों की मौत हो गई और बड़ी संख्या में लोग घायल हुए हैं।

ईरान की सरकारी मीडिया ने अपनी एक खबर में रविवार को यह जानकारी दी। सरकारी समाचार एजेंसी च्आईआरएनएज् ने अपनी खबर में बताया कि राजधानी तेहरान से करीब 335 किलोमीटर दूर दक्षिण पूर्व में तबास में स्थित एक कोयला खदान में शनिवार देर रात यह दुर्घटना हुई है जिसमें 30 लोग मारे गए हैं। इसमें कहा गया है कि अधिकारियों ने आपात कर्मियों को घटनास्थल भेजा है।

हादसे के वक्त खदान में करीब 70 लोग काम कर रहे थे। (एपी) ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। पेजेशकियन ने टेलीविजन इंटरव्यू में कहा, ÷मैंने मंत्रियों से बात की और हम इस धमाके के कारणों का पता लगाने की पूरी कोशिश कर रहे हैं। ÷ईरान के रेड क्रिसेंट के प्रमुख के हवाले से सरकारी टीवी ने बताया, ÷17 घायल लोगों को अस्पताल ले जाया गया है और 24 लोग अभी भी लापता हैं।÷ ईरान की कोयला खदानों में इस तरह के हादसे पहले भी होते रहे हैं।

साल 2013 में दो अलग-अलग खदानों में हादसे हुए थे। इन हादसों में 11 मजदूरों की मौत हुई थी। इससे पहले साल 2009 में भी इसी तरह का हादसा हुआ था जिसमें 20 लोगों की जान चली गई थी। साल 2017 में भी एक कोयला खदान में विस्फोट हुआ था, जिसमें कम से कम 42 लोगों की मौत हुई थी।

## बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे टेस्ट के लिए भारतीय टीम घोषित


नईदिल्ली, 22 सितंबर। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने चेन्नई टेस्ट में टीम इंडिया की जीत के बाद कानपुर में खेले जाने वाले दूसरे टेस्ट के लिए टीम इंडिया का एलान कर दिया है. बीसीसीआई ने भारत की जीत के तुरंत बाद दूसरे टेस्ट के लिए टीम इंडिया का एलान किया. बता दें कि भारत और बांग्लादेश के बीच दूसरा टेस्ट मैच 27 सितंबर से कानपुर में खेला जाएगा.




पुरुष चयन समिति ने बांग्लादेश के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज के दूसरे व अंतिम टेस्ट के लिए वही टीम बरकरार रखी है. बीसीसीआई ने पहले टेस्ट की टीम में कोई बदलाव नहीं किया है. दूसरे टेस्ट के लिए भी 16 सदस्यीय टीम है. बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे टेस्ट के लिए भारत की टीम- रोहित शर्मा (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल, विराट कोहली, केएल राहुल, सरफराज खान, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), ध्रुव जुरेल (रिजर्व विकेटकीपर), रविचंद्रन अश्विन, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल ,कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज, आकाश दीप, जसप्रीत बुमराह और यश दयाल. चेन्नई में खेले गए पहले टेस्ट में टीम इंडिया ने चौथे दिन 280 रनों से जीत दर्ज की. इस मैच में भारत ने पहले खेलने के बाद पहली पारी में अश्विन के शानदार शतक की बदौलत 376 रन बनाए थे. इसके जवाब में बांग्लादेश की टीम पहली पारी में 149 रन ही बना सकी. इसके बाद दूसरी पारी में भारत के लिए शुभमन गिल और ऋषभ पंत ने शतक जड़े. भारत ने 287 रनों पर पारी घोषित की और बांग्लादेश को 515 रनों का विशाल लक्ष्य दिया. इसके जवाब में मेहमान टीम 234 रनों पर सिमट गई. दूसरी पारी में भारत के लिए अश्विन ने 6 विकेट भी झटके. चौथी बार उन्होंने एक टेस्ट में शतक और फाइव विकेट हॉल लिया.

## भारत में बनेगा क्वांटम और 6जी टेक्नोलॉजी के लिए सेंटर ऑफ एक्सीलेंस

नई दिल्ली। भारत की 6जी और क्वांटम टेक्नोलॉजी में स्थिति मजबूत करने के लिए टेलीकॉम सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (टीसीओई) इंडिया और कर्नाटक की विश्वेश्वरैया टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी (वीटीयू) की ओर से सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) स्थापित करने के लिए करार किया गया है।



संचार मंत्रालय द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक, वीटीयू विश्वेश्वरैया रिसर्च और इनोवेशन फाउंडेशन (वीआरआईएफ) बेंगलुरु का उद्देश्य भारत की प्रगति को इन सेक्टरों में बढ़ाना है। सीओई को हब एंड स्पोक मॉडल आधार पर डिजाइन किया जाएगा। टीसीओई इंडिया एक सेंट्रल हब के रूप में काम करेगा।

सरकार के मुताबिक, वीटीयू से जुड़े 228 कॉलेज के बौद्धिक और ढांचागत क्षमता का फायदे उठाते हुए सीओई रिसर्च और डेवलपमेंट के लिए एक मुख्य सुविधा के तौर पर कार्य करेगी।

सीओई के जरिए क्वांटम और 5जी एवं 6जी टेक्नोलॉजी में कटिंग एज रिसर्च को बढ़ावा दिया जाएगा। साथ ही साझेदारी और इनोवेशन को भी प्रोत्साहित किया जाएगा। सीओई में टेलीकॉम स्टैंडर्डाइजेशन को लेकर काम कर रही मुख्य संस्थाएं जैसे टेलीकॉम इंजीनियरिंग सेंटर (टीईसी), भारत 6जी एलायंस, टीसीडीएसआई, एकेडमिक नेटवर्क और स्टार्टअप इकोसिस्टम में साझेदारी को बढ़ाया जाएगा।

इससे 4 लाख से ज्यादा छात्रों और 2,000 से ज्यादा पीएचडी और वीटीयू नेटवर्क में रिसर्च कर रहे रिसचर्स को मदद मिलेगी। साथ ही इनोवेशन के कमर्शियलाइजेशन में मदद मिलेगी। राष्ट्रीय क्वांटम मिशन में मिशन गवर्निंग बोर्ड के चेयरमैन अजय चौधरी ने कहा कि देश में 600 वैज्ञानिक और 50 स्टार्टअप क्वांटम टेक्नोलॉजी में काम कर रहे हैं।

## चेन्नई सुपर किंग्स इन 5 खिलाड़ियों को करेगी रिटेन

नईदिल्ली। आईपीएल 2025 के मेगा ऑक्शन से पहले सभी टीमों को अपने-अपने रिटेन और रिलीज प्लेयर्स की लिस्ट सौंपनी होगी. इस बीच चेन्नई सुपर किंग्स से जुड़ी एक बड़ी अपडेट सामने आ रही है, जिसमें उन 5 प्लेयर्स के नाम बताए गए हैं, जिन्हें फ्रेंचाइजी अपकमिंग मेगा ऑक्शन से पहले रिटेन करने की प्लानिंग कर रही है.

आईपीएल 2025 में चेन्नई सुपर किंग्स की टीम अपने अहम खिलाड़ियों को रिटेन करना चाहेगी, ताकि मेगा ऑक्शन से पहले उनके पास कोर टीम हो. इस बीच रिपोर्ट्स के हवाले से खबर सामने आ रही है कि सीएसके ऋतुराज गायकवाड़, रवींद्र जडेजा, शिवम दुबे, एमएस धोनी और मथीशा पथिराना को रिटेन करने के बारे में सोच रही है. हालांकि, अब तक फ्रेंचाइजी ने ऑफिशियली कोई भी बयान नहीं दिया है. इतना ही नहीं एमएस के नाम को लेकर चर्चा हो रही है कि वह अपकमिंग सीजन से पहले रिटायरमेंट का ऐलान कर सकते हैं. आपको बता दें, सीएसके के सीईओ एन श्रीनिवासन ने हाल ही में कहा था कि धोनी के रिटेंशन का फैसला तभी होगा, जब बीसीसीआई रिटेन किए जाने वाले प्लेयर्स की गिनती की घोषणा करती है. पिछले महीने फ्रेंचाइजी के मालिकों और आईपीएल ऑफिशियल्स की मीटिंग हुई थी, जिसमें कई ओनर्स ने रिटेंशन नियमों में बदलाव की मांग की थी.

उनका कहना है कि रिटेन किए जाने वाले खिलाड़ियों की गिनती बढ़ाई जानी चाहिए. हालांकि, वहीं, कई मालिक इससे सहमत नहीं दिखे. हालांकि, अधिकारियों ने इसपर फैसला टाल दिया. रिपोर्ट्स की मानें, तो नवंबर के आखिर तक आईपीएल 2025 मेगा ऑक्शन के लिए रिटेंशन नियम सामने आ सकते हैं.

## 36 भारतीय स्टार्टअप कंपनियों को इस सप्ताह मिली 628 मिलियन डॉलर की फंडिंग

नई दिल्ली । 36 भारतीय स्टार्टअप कंपनियों ने इस सप्ताह 628 मिलियन डॉलर की फंडिंग को हासिल किया है, जो पिछले सप्ताह की तुलना में 174.5 प्रतिशत अधिक है। इस फंडिंग का नेतृत्व एडटेक कंपनी फिजिक्स वाला (पीडब्ल्यू) ने किया है। उन्होंने बी फंडिंग राउंड में 210 बिलियन डॉलर हासिल किए हैं। इसी के साथ कंपनी का नेटवर्थ 2.8 बिलियन डॉलर हो गया है, जिसमें लाइटस्पीड वेंचर पार्टनर्स और मौजूदा निवेशक जीएसवी और वेस्टब्रिज की महत्वपूर्ण भागीदारी थी।

इस सप्ताह देश में सकारात्मक निवेश के बीच 14 विकास-चरण सौदे और 17 प्रारंभिक चरण के सौदे हुए हैं। एंट्रैकर की एक रिपोर्ट के अनुसार, डिजिटल एडॉप्शन सॉल्यूशन प्रोवाइडर व्हाटफिक्स ने 100 मिलियन डॉलर जुटाए। हालांकि, कंपनी ने अभी तक फंडिंग सार्वजनिक नहीं की है। इसके अलावा एपीआई इंफ्रास्ट्रक्चर प्लेटफॉर्म एम2पी फिनटेक ने 50 मिलियन डॉलर जुटाए। वहीं, ओमनीचैनल डायग्नोस्टिक सर्विस प्रोवाइडर रेडक्लिफ ने 42 मिलियन डॉलर की फंडिंग हासिल की। यही नहीं, डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनी आईबीयूएस को 34 मिलियन डॉलर की फंडिंग मिली है।

फ्लीट मैनेजमेंट कंपनी एवरेस्ट फ्लीट को 30 मिलियन डॉलर की फंडिंग मिली, ताकि वह सीएनजी और इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवीएस) सहित स्वच्छ ऊर्जा वाहनों के अपने बेड़े का विस्तार कर सके। इसके अलावा एक एआई संचालित भर्ती प्लेटफॉर्म, वाहन.एआई ने खोसला वेंचर्स के नेतृत्व में 10 मिलियन डॉलर फंडिंग की घोषणा की है। इस राशि का इस्तेमाल आठ प्रमुख भारतीय भाषाओं का समर्थन करने के लिए एआई भर्ती तकनीक विकसित करने के लिए किया जाएगा।

## ज्योतिष चमत्कार ( 23 सितम्बर 2024 )

**कल्याण**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सोम | 4 | 5 | 6 | 7 |
| | 42 | 58 | 62 | 74 |
| मंगल | 5 | 6 | 7 | 8 |
| | 56 | 64 | 76 | 80 |
| बुध | 6 | 7 | 8 | 9 |
| | 68 | 78 | 86 | 92 |
| गुरू | 7 | 8 | 9 | 0 |
| | 70 | 84 | 96 | 06 |
| शुक्र | 8 | 9 | 0 | 1 |
| | 82 | 98 | 04 | 12 |
| शनि | 9 | 0 | 1 | 2 |
| | 90 | 02 | 18 | 20 |

**राजधानी नाईट**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सोम | 9 | 0 | 1 | 2 |
| | 97 | 09 | 13 | 29 |
| मंगल | 0 | 1 | 2 | 3 |
| | 07 | 15 | 25 | 31 |
| बुध | 1 | 2 | 3 | 4 |
| | 17 | 23 | 35 | 47 |
| गुरू | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | 21 | 37 | 45 | 51 |
| शुक्र | 3 | 4 | 5 | 6 |
| | 39 | 43 | 53 | 69 |

| कल्याण | | | | |
|---|---|---|---|---|
| अंकों का बादशाह | 0 | | | |
| सप्ताह का वरदान | 6 | | | |
| सप्ताह में अचूक | 1 | 2 | 4 | 5 |
| स्पेशल | 19 | 28 | 47 | 53 |

| राजधानी नाईट | | | | |
|---|---|---|---|---|
| अंकों का बादशाह | 1 | | | |
| सप्ताह का वरदान | 2 | | | |
| सप्ताह में अचूक | 6 | 7 | 8 | 0 |
| स्पेशल | 69 | 75 | 84 | 03 |

**सप्ताह में देखें** (कल्याण)

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 13 | 15 | 17 | 19 |
| 2 | 21 | 23 | 25 | 29 |
| 3 | 31 | 35 | 37 | 39 |
| 4 | 41 | 43 | 45 | 47 |
| 5 | 51 | 53 | 57 | 59 |
| 6 | 63 | 65 | 67 | 69 |
| 7 | 71 | 73 | 75 | ´79 |
| 8 | 81 | 85 | 87 | 89 |
| 9 | 91 | 93 | 95 | 97 |
| 0 | 01 | 03 | 07 | 09 |

**सप्ताह में देखें** (राजधानी नाईट)

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 12 | 14 | 18 | 10 |
| 2 | 24 | 26 | 28 | 20 |
| 3 | 32 | 34 | 36 | 30 |
| 4 | 42 | 46 | 48 | 40 |
| 5 | 52 | 54 | 56 | 58 |
| 6 | 62 | 64 | 68 | 60 |
| 7 | 74 | 76 | 78 | ´70 |
| 8 | 82 | 84 | 86 | 80 |
| 9 | 92 | 96 | 98 | 90 |
| 0 | 02 | 04 | 06 | 08 |

**अंक आपके पत्ते हमारे**

| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 128 | 138 | 148 | 149 | 140 | 123 | 160 | 134 | 234 | 127 |
| 245 | 129 | 238 | 130 | 230 | 150 | 250 | 233 | 379 | 136 |
| 489 | 237 | 490 | 239 | 357 | 259 | 278 | 279 | 225 | 280 |
| 290 | 570 | 670 | 680 | 456 | 349 | 458 | 260 | 270 | 479 |
| 344 | 228 | 355 | 789 | 339 | 790 | 449 | 125 | 126 | 677 |

**बीते चार सप्ताह के रिकार्ड**

| कल्याण | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 28 | 25 | 16 | 12 | 20 | 65 |
| 46 | 85 | 90 | 72 | 72 | 93 |
| 69 | 76 | 12 | 45 | 30 | 14 |
| 08 | 85 | 87 | 40 | 13 | 14 |

| राजधानी | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 82 | 53 | 80 | 33 | 75 |
| 05 | 98 | 77 | 68 | 42 |
| 83 | 84 | 07 | 48 | 04 |
| 80 | 41 | 46 | 67 | 08 |

**2023-24 के रुके जोड़ भाव**

कल्याण 2023- -09
2024- 11-17-18-19-10-22-35-43-54-57-61-68-71-74-86-80-09

राजधानी नाईट 2023 -35-62
2024- 15-19-10-26-35-30-44-59-62-65--69-73-70-88-89-92-94-00

चेतावनी :- इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

# प्रथम पेज का शेष

*0 जनता की अदालत में केजरीवाल ....*

पूछते हुए कहा कि आरएसएस और बीजेपी ने मिलकर ये कानून बनाया था कि 75 साल का होने पर किसी भी व्यक्ति को रिटायर होना पड़ेगा। इस दौरान उन्होंने आडवाणी और मुरली मनोहर जोशी का उदाहरण दिया। अब अमित शाह कह रहे है कि ये नियम पीएम मोदी पर लागू नहीं होगा। केजरीवाल ने कहा कि जब इन बहुत बड़े नेताओं को भी रिटायर कर दिया गया तो क्या ये नियम प्रधानमंत्री पर लागू नहीं होगा। आज पूरा देश मोहन भागवत से यह सवाल पूछना चाहता है।

बता दें कि दिल्ली के सीएम पद से इस्तीफा देने के बाद अरविंद केजरीवाल ने रविवार को 'जनता की अदालत' लगाई। इस दौरान उन्होंने दिल्ली के लोगों को जंतर-मंतर पर संबोधित किया।

*0 पीओके के लोग भारत में विलय के इच्छुक....*

इन चुनावों में केवल अपने देश की राजनीति करनी चाहिए, पाकिस्तान की ओर से नहीं बोलना चाहिए। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान से आने वाले लोग बार-बार टूटे हुए इंडिया समूह के मुद्दे क्यों उठा रहे हैं... इसकी क्या जरूरत है। ये वही लोग हैं जिन्होंने पुलवामा की घटना, सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक पर सवाल उठाए और सबूत मांगे। यही सवाल पाकिस्तान से आ रहे हैं, ऐसा क्यों होता है, उन्होंने केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख के गलवान का मुद्दा भी उठाया।

रक्षा मंत्री ने कहा, पाकिस्तान भीख मांगने की स्थिति में पहुंच गया है, क्योंकि सांप पालने और उनका कारोबार करने वालों का यही हश्र होता है। पाकिस्तानी आतंकवाद का निर्यात खत्म होने के कगार पर है और मैं, भारत का रक्षा मंत्री, आपको आश्वासन देता हूं कि जम्मू-कश्मीर की धरती से आतंकवाद का खात्मा किया जाएगा।

*0 छत्तीसगढ़ के आदिवासी बाहुल्य 6691....*

डेवलपमेंट प्लान जिलों से तैयार कराई जा रही है।

मंत्री श्री नेताम ने कहा कि वर्तमान में भारत सरकार द्वारा जनजातीय समुदायो को सामाजिक-आर्थिक रूप से मजबूत करने हेतु प्रधानमंत्री आदि आदर्श ग्राम योजना को प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान के रूप में क्रियान्वित करने की मंजूरी दी गई है। प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान के अन्तर्गत भारत सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य के 32 जिलों के 138 विकासखण्डो के 6691 अनुसूचित जनजाति बाहुल्य ग्रामों को शामिल किए गए है।

मंत्री श्री नेताम ने बताया कि इस अभियान के तहत जनजातीय कार्य मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा ट्रायबल मल्टीपरपज मार्केटिंग सेन्टर्स, आश्रम शालाओं, छात्रावासों, शासकीय जनजातीय आवासीय विद्यालयों में अधोसंरचनात्मक सुधार, सिकलसेल डिजीज हेतु सपोर्ट-जागरूकता काउन्सलिंग तथा काम्पीटेन्स सेंटर की स्थापना, एफ.आर.ए. दावे की प्रक्रिया का डिजिटाइलेशन एवं सपोर्ट तथा एफ.आर.ए. सेल की स्थापना आदि गतिविधियों को शामिल किया जायेगा।

*0 पूर्व सीएम बघेल ने सीजेआई को लिखा पत्र...*

सरकार आ जाए. लेकिन तुम्हें कोई बचाने वाला नहीं है। बेहतर यह है कि, तुम यह कह दो कि सौम्या चौरसिया के माध्यम से भूपेश बघेल को पैसा दिया है।

सूर्यकांत ने कहा- एसीबी चीफ के डर से चुप हैं कारोबारी

अपनी शिकायत में कारोबारी सूर्यकांत तिवारी ने आरोप लगाया है कि एसीबी चीफ पिछले 3-4 महीने से लगातार जेल परिसर समय-समय पर आते हैं। इस दौरान जिन कारोबारी और अफसरों पर घोटाले का आरोप लगा है, उन्हें बुलाकर पूछताछ करते हैं। पूछताछ के दौरान अपराधियों की तरह व्यवहार करते हैं।एसीबी चीफ के डर से ये कारोबारी और अफसर शिकायत नहीं कर रहे हैं। कारोबारी तिवारी को अपने और परिवार के अन्य सदस्यों को खतरा होने की शिकायत भी की है। पत्र में यह भी जिक्र है कि, अमरेश मिश्रा ने सूर्यकांत तिवारी से कहा कि, सौम्या को और भूपेश को सजा दिलाकर रहूंगा। तुम देख ही रहे हो कि दो साल से तुम सभी जेल में हो और तुम लोगों को कोई नहीं छुड़ा पाया। तुम्हारे दो भाई भी गिरफ्तार हो चुके हैं। परिवार में बचे सदस्यों का भी वही हाल करूंगा।

*0 तिरुपति के लड्डू में कहां से मिलाई गई चर्बी....*

उन्होंने पीएम से इस मामले में हस्तक्षेप करने और चंद्रबाबू को फटकार लगाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा टीटीडी की पवित्रता, अखंडता और प्रतिष्ठा को अपूर्णीय रूप से कलंकित करने का प्रयास किया जा रहा है। आठ पन्नों के पत्र में उन्होंने आरोप लगाया कि नायडू के कार्यों ने न केवल सीएम के कद को गिराया है, बल्कि टीटीडी और उसकी प्रथाओं की पवित्रता को भी आहत किया है। बता दें कि 19 सितंबर को सीएम नायडू ने यह दावा करके राजनीतिक विवाद खड़ा कर दिया कि पिछली वाईएसआरसीपी सरकार के दौरान तिरुपति में श्री वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर में चढ़ाए जाने वाले तिरुपति लड्डू प्रसादम में इस्तेमाल किए गए घी में पशु चर्बी थी।

## शेयर बाजार के लिए होंगे अहम एफआईआई डेटा, एफएंडओ एक्सपायरी समेत यह फैक्टर्स

मुंबई। भारतीय शेयर बाजार के लिए पिछला हफ्ता काफी शानदार रहा और इस दौरान स्टॉक मार्केट नया ऑल टाइम हाई बनाकर बंद हुआ। सितंबर के आखिरी कारोबारी हफ्ते में बाजार की चाल घरेलू और वैश्विक स्तर पर आने वाले आर्थिक आंकड़े, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की खरीदारी, फ्यूचर और ऑप्शन की मासिक एक्सपायरी, कच्चे तेल की कीमत और अन्य वैश्विक आंकड़ों पर निर्भर करेगी। पिछले हफ्ते शेयर बाजार में बड़ी तेजी देखी गई थी। सेंसेक्स, निफ्टी और निफ्टी बैंक तीनों ने ही क्रमशः 84,694, 25,849 और 54,066 का नया ऑल टाइम हाई बनाया। शेयर बाजार में तेजी की वजह अमेरिकी फेड द्वारा ब्याज दरों में 50 आधार अंक की कटौती और अमेरिकी की अर्थव्यवस्था का मजबूत रहना था।

# नेशनल लोक अदालत : प्रकरणों का निपटारा कर पक्षकारों को किया गया लाभान्वित

खैरागढ़ (दावा)। छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के तत्वधान में तालुक विधिक सेवा समिति खैरागढ़ में नेशनल लोक अदालत का आयोजन शनिवार 21 सितंबर को किया गया। जिसमें प्रकरण के पक्षकारों को भौतिक रूप से एवं वर्चुअल कांफ्रेंसिंग दोनों मुख्य माध्यम से मामले में सुलह की सुविधा प्रदान की गई।

उक्त नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ पक्षकारों द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और डॉ. भीमराव अम्बेडकर के तैल चित्र पर पूजा अर्चना कर की गई। जिसमें एडीजे चन्द्र कुमार कश्यप, सीजेएम विवेक गर्ग, जेएमएफसी गुरु प्रसाद देवांगन, संपूर्ण कोर्ट स्टाफ सहित पैरालीगल वालंटियर गोलूदास साहू, कला प्रजापति, छविराज सहित समस्त अधिवक्ता गण शामिल हुए। न्यायाधीश चन्द्र कुमार कश्यप जिला एवं अपर सत्र न्यायालय खैरागढ़ के 16 प्रकरणों को पक्षकारों से सहमति उपरांत मामले का निपटारा कर उन्हें लाभान्वित किया गया। इनमें 12 दावा प्रकरणों में कुल अवार्ड राशि 58 लाख,69 हजार,942 रू., अदर सिविल केसेस 02 में 20 लाख,39 हजार,559 रू. व 138 चेक बाउंस के 02 मामले में 245000 में रु हुआ। वही प्री लिटिगेशन नगर पालिका खैरागढ़ के 04 मामले में 23148 रुपए, बीएसएनएल 03 केस में 5259 बैंक रिकवरी के 01 केस में 88246 रू में हुआ। इसी प्रकार विवेक गर्ग मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट खैरागढ़ के ट्रैफिक चालान में 260 मामलों में 26000 और वहीं कैसेस ऑफ यू/एस 321, 258 सीआरपीसी एंड ऑल अदर पेटी ऑफेंस ईटीसी बाय स्पेशल सीटिंग मजिस्ट्रेट के 87 प्रकरणों में 48000 रूपए, अदर सिविल केसेस 01 में 500073 रू. की अवार्ड राशि पास हुआ और 9 आपराधिक मामलों में भी समझौता हुआ और गुरुप्रसाद देवांगन न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी न्यायालय में और ट्रैफिक चालान में 100 मामलों में 10000 और वही कैसेस ऑफ यू/एस 321, 258 सीआरपीसी एंड ऑल अदर पेटी ऑफेंस ईटीसी बाय स्पेशल सीटिंग मजिस्ट्रेट के 13 प्रकरणों में 11500 केस में अवार्ड राशि पास हुआ।



साथ ही 24 क्रिमिनल कंपाउंडेबल केसेस में भी राजी खुशी से समझौता हुआ। साथ ही तहसीलदार मोक्षदा देवांगन खैरागढ़ में 160 प्रकरण भी निराकृत हुए। राजीनामा करने हेतु तालुका विधिक सेवा समिति द्वारा प्री सिटिंग की व्यवस्था भी की गई थी। जहां लोगों को आपसी सुलह से राजीनामा करने के लिए प्रेरित किया गया। इस प्रकार आज के नेशनल लोक अदालत में कुल 678 केसों का निपटारा हुआ जिसमें कुल अवार्ड 8866723 रूपये पारित हुआ। इस नेशनल लोक अदालत को सफल बनाने में संपूर्ण कोर्ट स्टाफ सहित पैरालीगल वालंटियर गोलूदास साहू, छविराज, कला प्रजापति सुलहकर्ता अधिवक्ता भुवनेश्वर वर्मा, संदीप दास वैष्णव, राजेंद्र जंघेल, कौशल कोसरे, ज्ञान दास बंजारे, साबरा बानो, कमलेश मारकंडे, नीरज झा, भगवानी वर्मा, शत्रुघ्न वर्मा, महेश साहू, रामकुमार जांगड़े, मिहिर झा, सुरेश ठाकुर, ए डी वर्मा, मिहिर झा, रामकुमार जांगड़े, सर्वेश ओसवाल, घम्मन साहू, मनराखन देवांगन, शत्रुघ्न वर्मा, सुरेश साहू, सत्यकला वर्मा आदि का सहयोग रहा।

वर्चुअल मोड से हुई नेशनल लोक अदालत में कार्यवाही जेल से विडियों कॉन्फ्रसिंग के माध्यम से हुई सुनवाई शनिवार 21 सितंबर को हुई वर्ष की तृतीय नेशनल लोक अदालत में उभयपक्षों ने बढ-चढ़कर हिस्सा लेकर राजीनामा माध्यम से प्रकरण का निराकरण कराया गया। नेशनल लोक अदालत में यह महत्वपूर्ण रहा कि दो मामलों में आरोपी एवं प्रार्थी के मध्य पुराने जमीनी विवाद एवं दुकानी विवाद को लेकर लम्बे समय चल रहे विवाद निराकृत हुए, वाद-विवाद एवं मारपीट कें प्रकरण में 6 वर्ष से न्यायालय में विचारण हेतु चल रहा था। सुलहकर्ता राजेन्द्र जंघेल के द्वारा उभयपक्षों की समस्या सुनने के उपरान्त भविष्य में अच्छे सबंध और मैत्री भाव रखने के संबंध में पक्षकार के आपसी राजीनामा हेतु तैयार हुए, किन्तु प्रार्थी के किसी अन्य मामले में जेल में निरुद्ध होने के कारण न्यायालय के समक्ष उपस्थित होने में असमर्थ था। ऐसी दशा मे चन्द्र कुमार कश्यप अध्यक्ष तालुक विधिक सेवा समिति खैरागढ़ के निर्देशानुसार पैरालिगल वालिटियर गोलूदास साहू और छबिराज लांझकर को उपजेल खैरागढ, जिला जेल राजनांदगांव भेज कर विडियों कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से न्यायालय में प्रार्थी की उपस्थिति सुनिश्चित कराई गई और लम्बे समय से चल रहे विवाद को आज नेशनल लोक अदालत खंडपीठ क्रमांक 3 गुरु प्रसाद देवांगन के यहां राजीनामा के माध्यम से निराकृत किया गया। प्रकरण के निराकरण में अधिवक्ता मनराखन देवागंन एवं भुनेश्वर वर्मा का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## स्वच्छता के लिए किया जागरूक, बच्चों ने बनाए बोतल ब्रिक्स



ठेलकाडीह (दावा)। स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता के अंतर्गत शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला महरुमखुर्द में बच्चों के माध्यम से बोतल ब्रिक्स बनवाया गया, वर्मा मैडम ने बताया की शाला में बोतल ब्रिक्स से फ्लावर पॉट तथा स्टूल बनाना सिखाया गया। स्वच्छता मॉडल बनवाया गया। जलवायु, पर्यावरण प्रदूषण पर निबंध लेखन करवाया गया, चित्रकला प्रतियोगिता करवाया गया। बच्चों को बताया गया की कैसे प्लास्टिक बॉटल तथा रैपर का रिसाइकल करना है। इस कार्यक्रम में ग्राम सचिव ज्योति सिंह, पिंकी प्रा.प्रधानपाठक सभी शिक्षक खिलेश्वर लहरे, पूर्व माध्यमिक प्रधानपाठक गंगा पटेल, योगेन्द्र कुर्रे, विनोद वर्मा, ललिता रावटे, नवीन वर्मा, स्वीटी वर्मा स्वच्छता दीदीयां शामिल हुए सभी के सहयोग से कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया।

# संघर्ष से सशक्तिकरण तक... ड्रोन दीदी श्रीमती शांति विश्वकर्मा की प्रेरक यात्रा

राजनांदगांव (दावा)। एक सशक्त महिला का पर्याय हैं श्रीमती शांति विश्वकर्मा जी जिन्हें 'ड्रोन दीदी' के नाम से भी जाना जाता है। अगर उनके बचपन से लेकर अब तक के जीवन और कार्यों को एक शब्द में वर्णित किया जाए तो वह शब्द होगा 'संघर्ष और सेवा'। माँ बम्लेश्वरी की गोद में बसे डोंगरगढ़ में रहने वाली श्रीमती शांति विश्वकर्मा का जीवन संघर्ष से भरा रहा है। इसके बावजूद उन्होंने कभी हार नहीं मानी और आज अपने काम की बदौलत पूरे जिले में अपनी एक अलग पहचान बना चुकी हैं। वे क्षेत्र के सैकड़ों किसानों के खेतों में जाकर ड्रोन के जरिए खाद और कीटनाशक का छिड़काव कर रही हैं।

श्रीमती शांति देवी विश्वकर्मा ने मीडिया को बताया कि जीवन और संघर्ष समानांतर चीजें हैं। एक के बिना दूसरे की कल्पना नहीं की जा सकती। मैंने बचपन में ही शिक्षिका बनने का सपना देखा था। 9वीं कक्षा पास करने के बाद मेरी शादी हो गई। चूंकि मुझे पढ़ाई का शौक था, इसलिए मैं हमेशा सपने बुनते रहती । इसके लिए मेरे पति श्री कुलदीप विश्वकर्मा ने मेरा भरपूर साथ दिया। और मैंने आगे की पढ़ाई बीएससी (बायोलॉजी) तक पूरी की। हर साल मैं कोई न कोई हुनर सीखती रहती हूं।

मध्यम वर्गीय परिवार से ताल्लुक रखने वाली शांति देवी अपनी कहानी सुनाते हुए उनकी आंखें भर आईं और अतीत की सारी यादें फिर से ताजा हो गईं। एक समय था जब उन्हें लकड़ियां बीनने के लिए जंगल जाना पड़ता था। दो वक्त की रोटी के लिए भी संघर्ष करना पड़ता था। बच्चों की पढ़ाई के लिए फीस भरने का कोई इंतजाम नहीं था। मुझे पता था कि हालात हमेशा एक जैसे नहीं रहते, हमें अपना काम ईमानदारी से भगवान को समर्पित करते हुए करते रहना चाहिए।

बड़ी से बड़ी मुश्किलों से भी मिलकर लड़ा जा सकता है। मैं जानती थी कि पहला कदम उठाने पर रास्ता अपने आप बन जाता है। हम 15 बहनों ने मिलकर माँ वैभवलक्ष्मी स्वयं सहायता समूह की स्थापना की और घर में बनने वाले पापड़ और बड़ी मुरकु बनाने का काम शुरू किया। श्री 'शांति अचार' की भी बाजार में अच्छी मांग है। कुछ समय तक हमने रेडी टू ईट का काम भी जारी रखा।

मुझे आज भी याद है कि जुलाई 2023 में मुझे दिल्ली से कॉल आया था। सभी प्रक्रियाओं से गुजरने के बाद आखिरकार मुझे ग्वालियर में प्रशिक्षण के लिए चुना गया। इफको ( ढ्ढस्नस्नष्टह ) द्वारा 15 दिनों का प्रशिक्षण दिया गया। आखिरकार मैं ड्रोन पायलट बन गई और अपने क्षेत्र के हजारों किसानों को लाभान्वित कर रही हूं। मुझे लखपति दीदी की उपाधि मिली है। मैं ड्रोन के माध्यम से क्षेत्र के हजारों किसानों को अपनी सेवाएं दे रही हूं। वह कहती हैं कि संसाधनों की कमी सबसे बड़ी प्रेरणा है। और अंतरात्मा की आवाज सही रास्ता दिखाती है। आज मैं दिहाड़ी मजदूर से ड्रोन दीदी तक पहुंच गई हूं। मुझे जो भी काम मिला, मैंने उसे पूरी ईमानदारी और लगन से किया। यही ईमानदारी मेरे लिए प्रेरणा बनी और आगे का रास्ता प्रशस्त किया। मैंने खुद को कम्फर्ट जोन से बाहर निकाला। आज मैं हर दिन भगवान का शुक्रिया अदा करती हूं कि उन्होंने मुझे संघर्षों के लिए चुना। किसान हमारे अन्नदाता हैं। मुझे कृषि कार्यों में उनकी मदद करने पर गर्व है। मैं चाहती हूं कि मैं खाद और दवाई के छिड़काव में ज्यादा से ज्यादा किसानों की मदद करूं। और मैं देश के प्रधानमंत्री मोदी जी का भी दिल से शुक्रिया अदा करती हूं कि उन्होंने मुझे ड्रोन दीदी के लिए चुना। वास्तव में यह महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक सार्थक पहल है।

शांति विश्वकर्मा की कहानी हमें सिखाती है कि सच्ची लगन और दृढ़ निश्चय से किसी भी मुश्किल को पार किया जा सकता है। शांति की मेहनत और लगन ने न केवल उनका जीवन बदल दिया बल्कि उन्हें पूरे क्षेत्र में एक प्रेरणादायी उदाहरण बना दिया। उनकी सफलता ने साबित कर दिया कि कठिनाइयों और अभावों के बावजूद, अगर सच्ची मेहनत और लगन हो तो कोई भी बाधा बड़ी नहीं होती।

# आदिगुरु पंकज चरण दास की याद में हुआ श्रुति मंडल का आयोजन





खैरागढ़ (दावा)। इन्दिरा कला संगीत विश्वविद्यालय के कैम्पस-2 स्थित डॉ. नरेन्द्र देव वर्मा प्रेक्षागृह में पर शुक्रवार 20 सितंबर को आदिगुरू पंकज चरण दास की याद में इस शिक्षा सत्र के पहले श्रुति मंडल कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में अतिथि के रूप में विश्वविद्यालय के कुलपति सत्य नारायण राठौर, कुलसचिव प्रेम कुमार पटेल, अधिष्ठाता दृश्यकला संकाय प्रो.डॉ. राजन यादव, अधिष्ठाता संगीत संकाय प्रो. नमन दत्त, सहायक कुलसचिव राजेश कुमार गुप्ता एवं अन्य अधिकारी व अध्यापकगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम में डॉ. योगेन्द्र चैबे अधिष्ठाता लोकसंगीत एवं कला संकाय के संयोजन तथा डॉ. बिहारी लाल तारम के संगीत संयोजन में कलाकारों द्वारा विभिन्न प्रस्तुतियां दी गई। सर्वप्रथम भगवान श्रीगणेश की वंदना के साथ कार्यक्रम की शुरूआत की गई, जिसके बाद छात्रों के द्वारा गेढ़ी नृत्य की प्रस्तुति दी गई। इसके बाद देवार जाति की महिलाओं द्वारा गाये जाने वाली गीत देवार गीत की प्रस्तुति हुई। छत्तीसगढ़ी सुआ नृत्य व राउत नाच के बाद राजस्थान के सुप्रसिद्ध नृत्य कालबेलिया की प्रस्तुति दी गई। इसके बाद छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध लोकगाथा भरथरी गायन की प्रस्तुति हुई और अंत में पंथी नृत्य की प्रस्तुति हुई।। लोकसंगीत की प्रस्तुतियों के बाद गुरू सुशांत कुमार दास के नृत्य निर्देशन में ओडिसी नृत्य विभाग के द्वारा गौतम बुद्ध की जीवन पर आधारित नृत्य नाटिका 'निर्वाण' की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में कुलपति सत्य नारायण राठौर व कुलसचिव प्रेम कुमार पटेल सहित अतिथियों के द्वारा रायगढ़ में आयोजित चक्रधर समारोह में कार्यक्रम की प्रस्तुति देने वाले अध्यापक एवं छात्रों को प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया।

**श्रुति मंडल में इन कलाकारों ने दी प्रस्तुति**

श्रुति मंडल कार्यक्रम में नृत्य पक्ष में जीनुराम वर्मा, रिंकू वर्मा, रोशन रजक, देरहू प्रसाद, खगेश पैकरा, धीरेन्द्र निषाद, कविता कुम्भकार, झरना देवहारी, वंदना, सुमन बेरवंशी, खुशी वर्मा व लुभाश पटेल रहे। संगतकार के रूप में बांसुरी में डॉ.बिहारी लाल तारम, हारमोनियम में डॉ. नत्थूलाल तोड़े, तबला में रामचंद्र सर्पे, मांदर में डॉ. राजकुमार पटेल, बैंजो में टाहल साहू, ऑर्गन में खेमलाल श्रीवास, ढोलक में आशीष यादव तथा घुंगरू में सूरज ठाकुर रहे। गायन पक्ष में डॉ.परमानंद पांडेय, डॉ. विधा सिंह ठाकुर, हर्षा साहू, मनीष कामड़े रहे। ओडिसी नृत्य विभाग से कलाकार में गुरू श्री सुशांत कुमार दास, पूनम गुप्ता, हिना दास, हिमानी सारथी, दुर्गेश्वरी पाल, अनन्या, श्रद्धा, अर्पित इन्वती, जया निर्मलकर, सुधा, प्रज्ञान प्रसाद, रिंकी टूडू, लीना पाल, दूमेश्वर, टिकेन्द्र, बिरेन्द्र प्रताप, मयंक, रूपेन्द्र, मिथलेश, मीरा व कु.आर्या के द्वारा प्रस्तुति दी गई।

# शासकीय प्राथमिक शाला औंरी (टटेंगा) में न्यौता भोज



हरदी (दावा)। शासकीय प्राथमिक शाला औंरी (टटेंगा) में पूरक पोषक आहार के तहत अपनी पुत्री के जन्म दिवस के अवसर पर ईशु लाल साहू एवं लीला बाई साहू आंगनबाड़ी कार्यकर्ता द्वारा स्कूली बच्चों को नेवता भोज कराया गया जिसमें जलेबी, खीर, पुड़ी के साथ चांवल एवं सब्जी परोसा गया।

इस अवसर पर उसके परिवार के सदस्य सहित शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष विमला साहू, शाला के प्रधानपाठक फतन लाल देवांगन, खोमिन साहू, भूमिका साहू, नरेंद्र देवांगन, पदमा बाई, सांता बाई, टगेंद्र सेन आदि उपस्थित रहे।

# पिछड़ी जनजाति (बैगा) के बैसाखीन बाई को मिला अपना खुद का मकान

**0 पहले छोटे से झोपड़ी में करना पड़ता था गुजर बसर**
**0 बैसाखीन बाई की वर्षों पुराना सपना हुआ पूरा**

खैरागढ़ (दावा)। जीवन की मूलभूत जरूरतो मे रोटी, कपड़ा के बाद मकान सबसे महत्वपूर्ण है। हर व्यक्ति के जीवन का सपना होता है,कि उसका अपना खुद का पक्का घर हो।। प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान के तहत प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) और महात्मा गांधी नरेगा योजना के अभिसरण से प्रदेश के विशेष पिछड़ी जनजाति (बैगा) के लोगो को उनका खुद का पक्का मकान बनाने का सुनहरा अवसर मिल रहा है। प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान से विशेष पिछड़ी जनजाति (बैगा) के लोगो के जीवन एवं रहन-सहन में भी काफी परिवर्तन हो रहा है।

ऐसा ही दृश्य खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले के विकासखंड छुईखदान के सुदूर वनांचल ग्राम गोलरडीह मे देखने को मिल रहा है।। ग्राम गोलरडीह के बैगा पारा की निवासी 67 वर्षीय बुजुर्ग महिला बैसाखीन बाई के पास अब खुद का अपना पक्का आवास है।। यह आवास, उन्हे उम्र के इस पड़ाव में सुरक्षा व अपनेपन का सुखद अहसास करा रहा है।। बैसाखीन बाई अपने नये और पक्के आवास को पाकर, अपने पुराने दिनो को याद करते हुए बताती हैं,कि पहले मेरे पास रहने के लिए स्वयं का एक कमरे का कच्चा झोपड़ी था।। बारिश के समय बहुत-सी समस्याओ का सामना करना पड़ता था।। कच्ची छत से बारिश के दिनों में पानी टपकता था और घर में जमा हो जाता था,जिससे उनको रहने-खाने में काफी समस्या होती थी।। साथ ही हमेशा मन में भय बना रहता था कि कही बारिश के कारण कच्ची छत का यदि एक भी हिस्सा गिरा तो इस बुढ़ापे मे उनको तथा उनके आश्रितों को हानि पहुंच जाएगी।।साथ ही हर साल बारिश के बाद घर मे फिर से मिट्टी से छबाई करनी एवं खपरे बदलने पड़ते थे।। बुढ़ापे में बार-बार घर की मरम्मत करने में काफी दिक्कत होती थी और आस-पड़ोस के लोगो की मदद लेनी पड़ती थी।।पक्का आवास बनने के बाद अब उनको वर्षों से बारिश के समय लगने वाले डर और असुरक्षा की भावना से मुक्ति मिल गई है।।वह आगे बताती है,कि जिंदगी भर रोजी-मजदूरी करके जैसे-तैसे अपनी जिंदगी का गुजारा कर रहे है,लेकिन उनके पास इतने पैसे नहीं थे कि वे खुद का पक्का मकान बना सके। बरसों से झोपड़ी में रहते हुए उन्होंने काफी समस्याए झेली, लेकिन एक सपना उनका भी था,कि अपने और अपने परिवार के लिए पक्का मकान बनाना।

प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान बैसाखीन बाई और उनके परिवार के लिए किसी वरदान से कम नही है। उन्होने कभी सोचा भी नहीं था कि इस उम्र में वह अपना खुद का मकान बना सकेंगे। वर्ष 2023-24 मे प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान के अंतर्गत आवास स्वीकृत हुआ है और लगभग 06 महीने में ही आवास निर्माण हो गया। कलेक्टर श्री चंद्रकांत वर्मा एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजनांदगांव सुश्री सुरुचि सिंह के द्वारा श्रीमती बैसाखीन बाई का गृह प्रवेश भी कराया गया। अब वो अपने परिवार के साथ अपने पक्के घर में बिना किसी भय के बहुत अच्छे से रह रही है। इसके लिए उन्होंने शासन प्रशासन को धन्यवाद ज्ञापित किया है।

# अपर कलेक्टर ने डिजिटल क्रॉप सर्वे का किया निरीक्षण



मोहला (दावा)। अपर कलेक्टर विजेंद्र सिंह पाटले ने गत दिवस ग्राम पंचायत बिहरीकला पहुंचकर डिजिटल क्रॉप सर्वे का निरीक्षण किया।

उन्होंने इस कार्य में लगे संबंधित अधिकारी और कर्मचारियों को गंभीरता से कार्य करने निर्देशित किया। उल्लेखनीय है कि जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी के अंतर्गत तहसील अंबागढ़ चौकी के 104 ग्रामों में डिजिटल क्रॉप सर्वे किया जा रहा है। सर्वे का कार्य स्थानीय अमले द्वारा किया जा रहा है।

हल्का पटवारी प्रतिदिन सर्वेयर को सर्वे खसरा अलॉट करते है। डिजिटल क्रॉप सर्वे के तहत ग्राम के सभी प्रकार के भूमि का एग्री स्टॉक ऐप से सर्वे किया जाता है। निरीक्षण के दौरान तहसीलदार अंबागढ़ चौकी श्रीमती अनुरिमा टोप्पो व नायब तहसीलदार अंबागढ़ चौकी दिनेश कुमार उपस्थित थे।

# शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय वाणिज्य विभाग द्वारा वाणिज्य परिषद का गठन

राजनांदगांव (दावा)। शासकीय दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय के वाणिज्य विभाग द्वारा प्राचार्या डॉ. अंजना ठाकुर के संरक्षण व निर्देशन तथा वाणिज्य विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. एस. के. उके के मार्गदर्शन तथा विभाग के समस्त प्राध्यापकों के सहयोग से दिनांक 20 सितंबर 2024 को वाणिज्य परिषद का गठन किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रो. रागिनी पराते द्वारा किया गया।

एम.कॉम अंतिम की छात्रा प्रियांशिका त्रिपाठी द्वारा प्राचार्य का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। विभागाध्यक्ष द्वारा परिषद के गठन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि विद्यार्थियों को अध्यापन के साथ-साथ सर्वमुखी विकास के लिए शैक्षणिक एवं शैक्षणेत्तर गतिविधियों में संलग्न रहना चाहिए। इसके पश्चात प्राचार्य महोदया ने अपने उद्बोधन में सभी प्राध्यापकों का स्वागत करते हुए परिषद के सभी मनोनीत पदाधिकारियों एवं सदस्यों को शुभकामनाएं दी और छात्र-छात्राओं को अवगत कराया कि परिषद का गठन प्रावीण्यता सूची के अनुसार गुणानुक्रम में किया जाता है।



परिषद के अंतर्गत अध्यक्ष-भव्या मुंदरा (एम.कॉम.अंतिम), उपाध्यक्ष-श्यामा खातून (एम.कॉम पूर्व) सचिव-हेमा(एम.कॉम अंतिम), सहसचिव-चित्रकला (एम.कॉम पूर्व) कोषाध्यक्ष चितेश (एम.कॉम अंतिम) को मनोनीत किया गया, साथ ही कार्यकारिणी सदस्य में हुमेश, अलसबा खान, पूनम चंद्राकर, भूमिका, तामेश्वर साहू, यश साहू, प्रियांशिका त्रिपाठी, युवराज, लोकेश्वर, मनीषा यादव, कार्तिकेय, वैभव, ट्विंकल, शिशिर मिश्रा, सोमेश्वरी नेताम, कमल साहू एवं नीरज को मनोनीत किया गया। प्राचार्य महोदया द्वारा मनोनीत छात्राओं को महाविद्यालय की गरिमा को बनाए रखने एवं अपने कर्तव्यों के उचित निर्वहन हेतु शपथ ग्रहण कराते हुए शुभकामनायें दी गई।

कार्यक्रम के अंत में प्रो. एच. सी.जैन द्वारा प्राचार्य महोदया, विभागाध्यक्ष एवं वाणिज्य विभाग के सभी छात्र-छात्राओं का आभार व्यक्त किया गया एवं सभी नवीन मनोनीत पदाधिकारी से यह आशा की गई कि वे सभी कक्षाओं के छात्र-छात्राओं के साथ समन्वय स्थापित करते हुए अपने कर्तव्यों का निर्वहन एवं निर्देशों का पालन करेंगे। कार्यक्रम को सफ्ल बनाने हेतु वाणिज्य विभाग के सभी प्राध्यापक श्रीमती सुमन कोचर, श्रीमती स्वयंसिद्धा झा, डॉ.प्रज्ञा मिश्रा,तरुणा वर्मा, पूजा कुमारी, डॉ.सूरज पटेल एवं डॉ. देहूती बंछोर का विशेष योगदान रहा।

# पिछड़ा वर्ग के लोगों के हितार्थ बेहतर कार्य योजना बनाते हुए योजनाओं से लाभांवित करें-आर एस विश्वकर्मा

अंबागढ़ चौकी (दावा)। छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग के अध्यक्ष आर.एस. विश्वकर्मा ने जिला कार्यालय के सभाकक्ष में जिलाधिकारियों की बैठक लेकर पिछड़ा वर्ग के कल्याण के लिए चलाए जा रहे है। योजनाओं के क्रियान्वयन और प्रगति की समीक्षा की।

उन्होंने बैठक में अधिकारियों से कहा कि केंद्र और राज्य सरकार द्वारा पिछड़ा वर्ग के लोगों के कल्याण के लिए चलाए जा रहे योजनाओं, सेवाओं और कार्यक्रमों से पिछड़ा वर्ग के लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने की दिशा में सार्थक प्रयास करें। उन्होंने कहा कि योजनाओं से पिछड़ा वर्ग के लोगों को लाभ दिलाने के साथ ही उनके आर्थिक, सामाजिक और शैक्षणिक जीवन स्तर में सुधार लाने की दिशा में सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए कार्य करें। बैठक में उन्होंने छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग का गठन और उद्देश्य की जानकारी देते हुए कहा कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देशन में आयोग का गठन किया गया है। आयोग का मुख्य उद्देश्य पिछड़ा वर्ग के लोगों की विभिन्न क्षेत्रों में भागीदारी का आंकलन करते हुए उन्हें लाभांवित किया जाना है। आयोग द्वारा पिछड़ा वर्ग के लोगों की आर्थिक सामाजिक और शैक्षणिक स्तर की समीक्षा किया जा रहा है। आयोग द्वारा पिछड़ेपन के कारणों का भी आंकलन करते हुए संज्ञान में लिया जा रहा है। इन वर्ग के युवाओं को रोजगार की दिशा में कार्य योजना बनाना और उनके आर्थिक स्तर में सुधार लाना भी आयोग का उद्देश्य है। अन्य पिछड़ा वर्ग समुदाय के लोगों को पंचायत एवं स्थानीय स्तर के निर्वाचन में आरक्षण सुनिश्चित किया जाना है। विभिन्न विभागों में संचालित योजनाओं के आधार पर अन्य पिछड़ा वर्ग के लोगों को मिल रहे लाभ का आंकलन कर आयोग द्वारा सरकार को जानकारी प्रस्तुत किया जाएगा। जिसके आधार पर अन्य पिछड़ा वर्ग के कल्याण के लिए आगे की कार्य योजना बनाई जाएगी। उन्होंने बैठक में विभिन्न भागों में संचालित योजनाओं की बारीकी से समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं।



कलेक्टर एस जयवर्धन ने जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी के अंतर्गत विभिन्न विभागों के द्वारा की जा रही कार्यवाही एवं कार्य योजना की जानकारी दी। विभागीय अधिकारियों के द्वारा अपने-अपने विभागों में संचालित योजनाओं के अंतर्गत अन्य पिछड़ा वर्ग के लोगों को मिल रहे लाभ की जानकारी से अवगत कराया। बैठक में छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग का कल्याण आयोग के माननीय सदस्यगण नीलांबर नायक, बलदाऊ राम साहू, हरि शंकर यादव, श्रीमती शैलेंद्री परगनिया, आयोग के सचिव हिमांचल साहू, पुलिस अधीक्षक यशपाल सिंह, वनमण्डलाधिकारी दिनेश पटेल, अपर कलेक्टर विजेन्द्र पाटले, आदिवासी विकास विभाग सहायक आयुक्त श्रीकांत दुबे सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी गण उपस्थित थे।

# मोहड़ एनीकट में डूब कर दो बच्चों की मौत






राजनांदगांव (दावा)। रविवार का दिन लखोली वासियों के लिए बड़ा दुखदायी रहा। लखोली के हंसते-खेलते बच्चे मोहड़ एनीकट में डूबकर मौत के शिकार हो गए। घटना रविवार ग्यारह- बारह बजे की बताई जाती है। बसंतपुर थाना प्रभारी सत्यनारायण देवांगन ने बताया कि उनके सुरगी चौकी क्षेत्र में घटी उक्त हृदय विदारक घटना से मृतक बच्चों के परिजन व अन्य लोग उक्त दृश्य देखकर द्रवित हो गए। मृतक बच्चों के माता-पिता का रो-रोकर बुरा हाल था।

**उमस भरी गर्मी से बचने एनीकेट में नहाने गए थे लखोली के बच्चे**

श्री देवांगन ने बताया कि उन्हें सूचना मिलते ही गोताखोरों को लेकर गया जब तक एसपी श्री गर्ग व नायब तहसीलदार भी मौके पर पहुंच गए। उनकी निगरानी में गोताखोरों के अथक प्रयास से एनीकेट में डूबे मृत बच्चों को डेढ़-दो घंटे बाद खोज कर निकाला गया। अपने फूल से बच्चों को मृत अवस्था में देखकर उनके माता-पिता रो पड़े। इस दौरान घटना स्थल का पूरा माहौल गमगीन रहा।

बताया जाता है कि रविवार को लगभग 7-8 की संख्या में लखोली के लगभग 12 से 18 वर्ष के बच्चों को नहाने की सुझी। एक तो शहर सहित गांव-देहात के इलाके में 4-5 घंटे के लिए बिजली बंद थी। बच्चे इसे देखते हुए नहाने व मोहड़ एनीकट क्षेत्र में पिकनिक मनाने के लिए निकल पड़े। बताया जाता है कि मृतक शाहिद ने अपने पिता से बाहर कुछ खाने के लिए 50 रुपए लिया था। पिता को क्या मालूम की उसके बेटे के साथ इस तरह की घटना घट जाएगी। मोहड़ एनीकट में नहाने गए बच्चे सभी साथ नहा रहे थे। कुछ देर बाद उन लोगों ने देखा कि उनके दो साथी दिख नहीं रहे हैं। बच्चों ने डरकर आवाज लगाई और रोते हुए आसपास के लोगों को बताया।

**गोताखोरों को लेकर पुलिस जुटी रही मृतकों को निकालने**

इस तरह बात पुलिस तक पहुंची। जानकारी मिलते ही तत्काल पुलिस मौके पर पहुंचकर बच्चों के बारे में जानकारी लेने व गोताखोरों से एनीकेट में उनकी खोज कराने में जुट गई। गोताखोरों द्वारा एनीकट में देर तक पता तलाशी के बाद मृत रुप में बच्चे उनके हाथ लगे। मृत बच्चे का नाम शाहिद अली पिता हुसैन खान 12 वर्ष व दूसरे बच्चे का नाम सुमीत यादव पिता कन्हैया यादव उम्र 18 वर्ष दोनों निवासी लखोली बताया जाता है। पुलिस द्वारा दोनों बच्चों के शव को पीएम कराने मर्च्युरी में रखवा दिया गया है।

# स्टेट स्कूल में विश्वकर्मा जयंती के सांस्कृतिक कार्यक्रम में तेज आवाज में बज रहे साउंड सिस्टम को पुलिस ने की जब्त

**एक आरोपी से 18 पौवा देशी शराब व बिक्री की रकम 1620 रुपए की बरामदगी**




राजनांदगांव (दावा)। गणेशोत्सव पर्व निपट जाने के बाद भी पुलिस ने अभी भी तेज आवाज में बजाए जाने वाले साउंड सिस्टम पर कार्रवाई करने नहीं छोड़ी है। पुलिस ने विश्वकर्मा जयंती अवसर पर स्टेट स्कूल मैदान में आयोजित रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान तेज आवाज में बज रहे साउंड सिस्टम को जब्त किया है और आरोपी के खिलाफ कोलाहल अधिनियम के तहत की कार्रवाई की। बताया जाता है कि उक्त आरोपी बिना अनुमति के समय सीमा के बाहर तीव्र आवाज से साउंड सिस्टम को बजाया जा रहा था। आरोपी के कब्जे से चार नग साउंड बॉक्स व एमप्लीफायर जब्त किया गया।

इसी तरह कोतवाली पुलिस ने कन्हारपुरी निवासी कमल विश्वकर्मा पिता स्व. तुलसीदास विश्वकर्मा उम्र 51वर्ष के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए उनके पास से 18 पौवा देशी शराब व बिक्री की रकम 360 रुपए जब्त की है।

कोतवाली थाना प्रभारी एमन साहू ने बताया कि पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा तथा नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक के मार्गदर्शन में कोतवाली पुलिस द्वारा आसामाजिक तत्वों. अवैध शराब बिक्री. डीजे साउंड सिस्टम के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में शनिवार 21सितंबर को मुखबीर से सूचना मिली कि कमल विश्वकर्मा नामक व्यक्ति सीआई टी चौक कन्हारपुरी के पास अवैध रूप से शराब बिक्री कर रहा है की सूचना पर मौका पहुंच कर रेड कार्रवाई कर आरोपी कमल विश्वकर्मा को घेराबंदी कर पकड़ा गया। जिसके कब्जे से 18 पौवा देशी प्लेन शराब एवं बिक्री रकम 360 रुपए जप्त कर धारा 34-1 आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

इसी तरह उसी रात बिल्डिंग ठेकेदार संघ द्वारा विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर लोक गायक पंडित विवेक शर्मा का स्टेट स्कूल मैदान में संगीत कार्यक्रम का आयोजन किया गया था जिसमें साहू साउंड सिस्टम अमलेश्वर के संचालक महेंद्र सिंह साहू पिता हेमलाल साहू उम्र 39 वर्ष निवासी अभनपुर द्वारा रात्रि लगभग 11 बजे बिना अनुमति के समय सीमा से बाहर तीव्र आवाज में साउंड सिस्टम को बजाने पर आरोपी के कब्जे से छोटा बड़ा चार नग साउंड सिस्टम एवं एमप्लीफायर को जप्त किया गया और आरोपी के खिलाफ धारा 4.15 कोलाहल अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई।

थाना प्रभारी श्री साहू ने बताया कि आगे भी असमाजिक तत्वों अवैध शराब बिक्री वह डीजे साउंड सिस्टम के खिलाफ लगातार कार्यवाही जारी रहेगी।

# भाजपा का सदस्यता अभियान चरम पर






राजनांदगांव (दावा)। जिला भाजपा का सदस्यता अभियान इन दिनों पूरे जिले में उफान पर है। पार्टी के जिला से लेकर मंडल, शक्ति केन्द्र व बूथ स्तर के कार्यकर्ता सदस्यता अभियान के मिले लक्ष्य को लेकर जमीनी स्तर पर पूरी ताकत के साथ उतर चुके है। इस अभियान की खास बात यह है कि पार्टी की मेंबरशिप के लिये डिजिटल माध्यम से ऑनलाईन सदस्यता ली जा रही है, वही सदस्यता रिकॉर्ड को चुस्त-दुरूस्त रखने के लिये मैनुअल फार्म भी भरवाने का कार्य चल रहा है। इस अभियान को और गति प्रदान करने के लिये आज दिनांक 22 सितम्बर को जिला भाजपा कार्यालय में जिले की एक वृहद बैठक हुई, जिसमें अब तक हुई सदस्यता अभियान की समीक्षा की गई तथा आगे का लक्ष्य निर्धारित किया गया। बैठक में प्रदेश भाजपा से आये संभाग प्रभारी भूपेन्द्र सवन्नी ने अब इस अभियान को और गति प्रदान करने के लिये 'मोर बूथ-मोर अभियान' के शुरूआत की घोषणा करते हुये कहा कि जिले के भाजपा कार्यकर्ताओं की कार्यकुशलता पूरे प्रदेश में प्रचारित है, यही कारण है कि लोकसभा चुनाव में यहॉ के कार्यकर्ताओं के जीवटता के कारण ही कांग्रेस के दिग्गज नेता पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को पराजय का स्वाद चखना पड़ा।

**अब 'मोर बूथ-मोर अभियान' की शुरुआत**

भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार बैठक के प्रारंभ में जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश पटेल ने अब तक के अभियान का खाका खींचते हुये कहा कि अभी भी कार्यकर्ताओं को घर से बाहर निकलकर इस अभियान को और गति प्रदान करना पड़ेगा तभी हम लक्ष्य को प्राप्त कर पायेंगे। उन्होंने अभियान को और गति देने के लिये जिले के सदस्यता अभियान प्रभारी व सह-प्रभारियों को अब विधानसभा स्तर की जिम्मेदारी सौंपते हुये कहा कि प्रभारीगण अपने-अपने विधानसभा क्षेत्रों में दृष्टि जमायें व अभियान को सफल बनायें। इसके तहत सावन वर्मा राजनांदगांव विधानसभा, आभा तिवारी डोंगरगांव विधानसभा, आलोक श्रोती खुज्जी विधानसभा तथा रविन्द्र वैष्णव को डोंगरगढ़ विधानसभा की जिम्मेदारी देकर अभियान में मिले लक्ष्य को पूरा करने की जवाबदेही दी गई। बैठक में कार्यकर्ताओं से सदस्यता अभियान को लेकर आ रही दिक्कतों की जानकारी ली गई तथा संभाग प्रभारी भूपेन्द्र सवन्नी ने उन समस्याओं का निराकरण भी बताया। इस दौरान जिला भाजपा उपाध्यक्ष व डोंगरगांव विधानसभा में अभियान के प्रभारी आभा तिवारी ने उन्हे मिलें लक्ष्य को पूरा करके सदस्यता रिकॉर्ड की पंजी जिला भाजपा अध्यक्ष को सौंपी। बैठक को भाजपा के वरिष्ठ नेता खूबचंद पारख ने भी संबोधित किया, संचालन रविन्द्र वैष्णव व आभार प्रदर्शन सावन वर्मा ने किया। बैठक में भाजपा के वरिष्ठ नेता संतोष अग्रवाल, नीलू शर्मा, राजेन्द्र गोलछा, विनोद खाण्डेकर, कोमल सिंह राजपूत, रवि सिन्हा, आलोक श्रोती, सुरेन्द सिंह बन्नोआना, चन्द्रिका डड़सेना, लीलाधर साहू, राजेश श्यामकर, आलोक बिंदल, रघुवीर वाधवा, विकास तिवारी, हिरेन्द्र साहू, अजय पटेल, रोहित चन्द्राकर, अतुल रायजादा, रामकुमार गुप्ता, बोधन साहू, जागेश्वर साहू, बोधीराम साहू, जैनकुमार मेश्राम, लक्ष्मीनारायण गुप्ता, अमित जैन सहित मंडलो के महामंत्री, मंडल व शक्ति केन्द्रों के सदस्यता अभियान प्रभारियों सहित बड़ी संख्या में पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थें।

# सीईओ जिपं सुरुचि सिंह ने अभिलाषा के दिव्यांग बच्चों को भेंट की स्वच्छता सामग्री

राजनांदगांव (दावा)। नगर मे संचालित दिव्यांग जनों के कल्याणार्थ शिक्षण प्रशिक्षण सह पुनर्वास केन्द्र अभिलाषा राजनांदगांव में जिले के होनहार मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुरुचि सिंह द्वारा वर्तमान में राष्ट्र स्तर पर मनाए जा रहे स्वच्छता पखवाड़े के तहत् संस्थान के दिव्यांग बच्चों को साफ़ सुथरे रहने के उद्देश्य से साबुन तेल और कंघी भेट करते हुए स्वयं को साफ़ सुथरे रहने और परिसर को स्वच्छ रखने का संदेश दिया। उक्त जानकारी संस्था के प्रशासक दिलीप श्रीवास्तव द्वारा दिया गया।

# खंडेलवाल युवा कल्याण संगठन द्वारा गणपति विसर्जन के शानदार आयोजन हेतु कलेक्टर एवं एसपी का किया सम्मान





राजनांदगांव (दावा)। खंडेलवाल संगठन के सचिव चिराग खंडेलवाल ने बताया कि नगर के युवाओं की संस्था खंडेलवाल युवा कल्याण संगठन द्वारा संस्कारधानी की ऐतिहासिक गणेश विसर्जन आयोजन को एक सूत्र में पिरोकर जन सेवा की मिसाल बने राजनांदगांव कलेक्टर संजय अग्रवाल एवं एसपी मोहित गर्ग जिन्होंने गणपति विसर्जन के शानदार एवं शांतिपूर्ण आयोजन को सफलतापूर्वक सम्पन्न कर जन सेवा की मिसाल कायम की। इस सफल आयोजन के लिए कलेक्टर संजय अग्रवाल एवं एसपी मोहित गर्ग का सम्मान पुष्पगुच्छ भेंट कर खंडेलवाल युवा कल्याण संगठन ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

**जन सेवा की मिसाल बने राजनांदगांव कलेक्टर एवं एसपी**

इस अवसर पर अध्यक्ष अर्पण खंडेलवाल उपाध्यक्ष प्रतीक खंडेलवाल, सचिव चिराग खंडेलवाल विशेष आमंत्रित सदस्य मुकेश खंडेलवाल, नीरज खंडेलवाल, अंकित खंडेलवाल, नरेंद्र खंडेलवाल एवं सांस्कृतिक प्रभारी विकास खंडेलवाल उपस्थित रहे। उपरोक्त जानकारी खंडेलवाल युवा कल्याण संगठन के प्रचार प्रभारी निकुंज खंडेलवाल एवं राम खंडेलवाल ने दी।

# युवक कांग्रेस के जिलाध्यक्ष गहरवार की शिकायत पर शहर कांग्रेस अध्यक्ष के खिलाफ मामला दर्ज

डोंगरगढ़ (दावा)। युवक कांग्रेस के जिलाध्यक्ष संदीप गहरवार की शिकायत पर शहर कांग्रेस अध्यक्ष विजयराज सिंह के ऊपर डोंगरगढ़ थाना में मामला पंजीबद्ध कर पुलिस द्वारा विवेचना प्रारंभ कर दी गई है।



पुलिस सूत्रों से प्राप्त समाचार में बताया गया कि युवक कांग्रेस अध्यक्ष संदीप गहरवार के द्वारा 19 सितम्बर को देर शाम थाने पहुँचकर लिखित शिकायत कराई गई है। शिकायत में कहा गया है कि, शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विजयराज सिंह के द्वारा मारपीट कर जान से मारने व झूठे मामले में फंसाने की धमकी दी गई है। श्री गहरवार की शिकायत पर आरोपी शहर कांग्रेस अध्यक्ष के विरुद्ध अपराध क्रमांक 503/24 धारा 115- बीएनएस, 296 बीएनएस, 351 (2) नहर के तहत मामला पंजीबद्ध कर मामले की विवेचना शुरू की गई है।

**मामला - श्री गणेश विसर्जन झांकी मंच में कांग्रेस के दिग्गज नेताओं के सामने दबंग युवा नेताओं की आपस में भिड़ंत**

### कांग्रेस के युवा नेताओं की आपस में भिड़ंत

गत 18 सितम्बर की रात श्री गणेश जी की झांकी विसर्जन के दौरान शहर कांग्रेस कमेटी के द्वारा गोलबाजार फौव्वारा चौक के समीप पुरुस्कार वितरण के लिए निर्णायक मंडली एवं नेताओं व कार्यकर्ताओं के बैठने के लिए पंडाल लगाया गया था। झांकी से संबंधित बैनर पोस्टर मंच पर लगाए गए थे। इस दौरान डोंगरगढ़ विधायिका श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल, पूर्व ऊर्जा मंत्री धनेश पाटिला व शहर कांग्रेस अध्यक्ष विजयराज सिंह सहित दो दर्जन से अधिक कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारी, नेता व कार्यकर्ता मंच पर उपस्थित थे। शहर कांग्रेस अध्यक्ष विजय राज ने संदीप अहिरवार पर आरोप लगाया है कि, वे अपने साथी अरशद खान व शुभम यादव के साथ कांग्रेस के मंच में पहुंचकर मेरे साथ धक्कामुक्की करते हुए गंदी गंदी गाली गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी थी। जिससे कांग्रेस के मंच में भगदड़ सा मच गया।

यह आरोप भी लगाया जा रहा था कि मंच के ऊपर लगाए गए बैनर पोस्टर में युवक कांग्रेस के जिलाध्यक्ष का फोटो क्यों नही लगा है। जिसके कारण बड़ी देर तक गोल बाजार में अफरा तफरी का माहौल बना रहा। घटना के बाद प्रार्थी शहर कांग्रेस अध्यक्ष श्री सिंह के द्वारा इस घटना की लिखित शिकायत थाने में की गई थी और प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस आरोपियों के विरुद्ध अपराध क्रमांक 499/24, 115 बीएनएस, 296 बीएनएस, 3(5), 351 (2) के तहत मामला पंजीबुद्ध कर मामले की विवेचना शुरू कर दी गई थी। दोनों ही नेता कांग्रेस नेता नवाज खान के करीबी है और उनके मार्गदर्शन में संगठन का दायित्व निभा रहे हैं।

# छत्तीसगढ़ का बहुसंख्यक साहू समाज पुलिस और सरकार का दमन नहीं सहेगा - भागवत साहू



राजनांदगांव (दावा)। जिला साहू संघ के अध्यक्ष भागवत साहू ने कहा है कि छत्तीसगढ़ में बहुसंख्यक साहू समाज के लोगों पर पिछले करीब नौ माह से सत्ता पक्ष और उनके पुलिसकर्मियों द्वारा अत्याचार किया जा रहा है। श्री साहू ने दो टूक चेतावनी देते हुए कहा कि अब समाज बहुत अत्याचार सह चुका है। सहनशीलता की कोई सीमा भी होती है। साहू समाज के लोगों पर लगातार हो रहे अत्याचार से समाज के सहनशीलता बर्दाश्त की बाहर हो चुकी है। अगर अत्याचार से मृत लोगों के परिवारों को न्याय नहीं मिला तो समाज उग्र आंदोलन करने मजबूर होगा।

बैठक में मृतक को श्रद्धांजलि देने के बाद गृहमंत्री का पुतला दहन किया गया। आज दोपहर जिला साहू संघ एवं उनके विभिन्न प्रकोष्ठों परी क्षेत्रीय समाज एवं तहसील साहू संघ आदि की संयुक्त बैठक में सामाजिक विषय आदि को लेकर चर्चा चली, वहीं कबीरधाम के लोहरीड़ीह में पुलिस बर्बरता से मृत हुए प्रशांत साहू को श्रद्धांजलि दी गई। वहीं पुलिस की इस करतूत के खिलाफ निंदा प्रस्ताव पारित किया गया। इसके बाद समाज के लोगों ने रैली की शक्ल में मानव मंदिर चौक पहुंचकर गृहमंत्री, उप मुख्यमंत्री एवं जिले के प्रभारीमंत्री विजय शर्मा का पुतला दहन किया गया। उनकी इस्तीफा की मांग की गई।

**बैठक में निंदा प्रस्ताव पारित मृतक प्रशांत साहू को श्रद्धांजलि, गृहमंत्री का पुतला दहन नारे के साथ की इस्तीफे मांग**

तत्पश्चात साथ ही कवर्धा कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक और पुलिस कर्मी के ऊपर कठोर दंडतनात्मक करवाई करने को लेकर राज्यपाल के नाम कल कलेक्टर को ज्ञापन सौपा गया। जयस्तंभ चौक में दोपहर 2:30 बजे शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन किया गया। जिसमें जिला साहू संघ के अध्यक्ष भागवत साहू ने कहा कि जिला साहू संघ राजनांदगांव द्वारा कवर्धा जिला अन्तर्गत लोहारीडीह ग्राम के प्रशांत साहू की पुलिस कस्टडी में निर्मम पिटाई पश्चात् मौत होने से समाज पर अत्याचार के खिलाफ पूरे प्रदेश भर के साहू समाज में आक्रोश व्याप्त है। प्रदेश साहू संघ के निर्देश पर राजनांदगांव जिला साहू संघ भी आंदोलन के लिए कमर कसकर तैयार खड़ा है। आगे प्रदेश साहू संघ द्वारा दिशा निर्देश इशारा मिलते ही और जरूरत पड़ी तो उग्र आंदोलन भी किया जाएगा। इसके अलावा उपस्थिति और भी अतिथियों के द्वारा भाजपा सरकार और पुलिस विभाग को जमकर कोशा है।

इस अवसर पर मुख्य रूप से समस्त कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष भागवत साहू के साथ महामंत्री नीलमणि साहू, कोषाध्यक्ष नोबल साहू, श्रीमती विभा साहू, नंदू राम साहू, पुर्णिमा साहू, उपाध्यक्ष नीरा साहू, महेश्वर साहू, मदन साहू, कुलेश्वर साहू नगर अध्यक्ष, चुम्मन साहू संयोजक राजनीति प्रकोष्ठ, नरेंद्र साहू, उपाध्यक्ष गंजीर अनिल साहू, तहसील अध्यक्ष अंजू साहू, मंथिर साहू घुमका, राजेश साहू, डाक्टर अनिल साहू, श्रीमती पूर्णिमा साहू, सहदेव साहू, घनश्यम साहू, खिलेश्वरी साहू, मुनेश्वरी साहू संयोजिका महिला प्रकोष्ठ, मोहनी साहू, जयश्री साहू, दुलारी साहू, लीला साहू, तिजेश्वरी साहू, केशरी साहू, शैलेंद्री साहू, शोभा साहू, सुमन साहू, जग मोहन, सुजाता साहू, नूतन साहू, तुका साहू, खेमू दास, टेकराम साहू सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे।

# 24 से 27 सितंबर तक मां बम्लेश्वरी रोप-वे का संचालन बंद रहेगा



डोंगरगढ़(दावा)। श्री बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति, डोंगरगढ़ द्वारा दिनांक 03 अक्टू. से दिनांक 12 अक्टू. तक क्वांर नवरात्रि पर्व मनाया जाना है।

इस दौरान मां बम्लेश्वरी के दर्शनार्थ लाखों की संख्या में दर्शनार्थिगण का डोंगरगढ़ आगमन होगा। जिसे ध्यान में रखते हुये रोप-वे का मरम्मत कार्य दिनांक 24 सितंबर से 27 सितंबर तक किया जाना है। इस दौरान रोप-वे का संचालन बंद रहेगा। मरम्मत कार्य पूर्ण होने के पश्चात रोप-वे का संचालन पूर्ववत जारी रहेगा। उपरोक्त जानकारी ट्रस्ट समिति के मंत्री महेन्द्र परिहार ने प्रेस विज्ञप्ति में दी है।

जल ही जीवन है

निःशुल्क भर्ती
अतिशीघ्र आवश्यकता है सुरक्षा गार्ड 20 पद। होटल, कालोनी, फैक्ट्री, गोडाउन, स्कूल के लिए। आधार कार्ड, अंकसूची, फोटो लेकर संपर्क करें।
9691400690
7000060977

आवश्यकता है
जय श्रीकृष्ण
टैली साफ्टवेयर बिल बनाने के लिए 1 स्टॉफ चाहिए और 1 काउंटर मैनेजमेंट में लिए चाहिए।
-: संपर्क :-
स्वास्तिक स्पोर्ट्स एंड म्यूजिकल्स भगत सिंह चौक, जी.ई. रोड, राजनांदगांव 740777791

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com